आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.01
सूर्यास्त 05.50

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 03:39 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

रविवार, 1 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 342, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं - 12




■ एसबीआई चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा- बैंक जमा निवेश पर समान कर हो लागू - 12



■ अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास एलान से तनाव - 13



■ दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगी यूपी - 14

# गीतों, वेशभूषा और परंपराओं से जीवंत है उत्तराखंड की लोक संस्कृति : धामी

## मुख्यमंत्री बोले- कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बाद भी उल्लेखनीय प्रगति कर रहा प्रदेश

- 'हम सबका उत्तराखंड' संस्था द्वारा आयोजित महोत्सव में पहुंचे सीएम

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



उत्तराखंड के लोक कलाकारों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली के रोहिणी में 'हम सबका उत्तराखंड' संस्था द्वारा आयोजित 'उत्तराखंड महोत्सव रोहिणी सीजन–02' में प्रतिभाग किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति अपने गीतों, वेशभूषा और परंपराओं से जीवंत है। बोले, लोक संस्कृति को विकास से जोड़ते हुए महिला सशक्तिकरण, पर्यटन और संस्कृति के संरक्षण से नया उत्तराखंड मजबूत हो रहा है। इस अवसर पर शनिवार को बड़ी संख्या में प्रवासी उत्तराखंडी, लोक कलाकार, युवा एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और उत्तराखंड की संस्कृति, परंपराओं एवं लोक विरासत को समर्पित इस आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा 'उत्तराखंड के सितारे' सम्मान से सुप्रसिद्ध सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सौरभ जोशी, हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज गोरखेला तथा लोक गायिका कल्पना चौहान को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन लोक कलाकारों को मंच और सम्मान देने के साथ-साथ समाज को सेवा और संस्कारों की भावना से भी जोड़ते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति आज भी अपने गीतों, वेशभूषा और परंपराओं के माध्यम से जीवंत है तथा देश-विदेश में रहने वाले उत्तराखंडी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए विशेष महत्व रखते हैं, क्योंकि इससे बच्चों और युवाओं में अपनी बोली, संस्कृति और परंपराओं के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है। लोकनृत्य और लोकगीत राज्य की सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड को आस्था, तप, त्याग और साधना की भूमि बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगा-यमुना एवं आदि कैलाश जैसे पवित्र स्थलों के कारण विश्वभर में विशेष पहचान रखता है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्वयं पहाड़ से जुड़े होने के कारण लोकसंस्कृति उनकी जीवनशैली और संस्कारों का अभिन्न हिस्सा रही है, इसी सोच के साथ राज्य सरकार संस्कृति को विकास से जोड़ते हुए आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड ने सीमित संसाधनों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय, बजट, बिजली उत्पादन और स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर सुधार हुआ है। पलायन रोकने, किसानों की आय बढ़ाने और युवाओं को रोजगार देने में राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

# हल्की से मध्यम वर्षा के साथ ऊंची चोटियों में बर्फबारी की संभावना

संवाददाता, नैनीताल



- पश्चिमी विक्षोभ के रविवार से मंगलवार तक सक्रिय रहने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया है

**अमृत विचार:** इस बार आ रहा पश्चिमी विक्षोभ हल्की से मध्यम वर्षा और बादलों की गरज के बीच निबट जाएगा। इसके रविवार और मंगलवार को अधिक प्रभावी रहने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया है। इस पश्चिमी विक्षोभ से 3 हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की गुंजाइश से इंकार नहीं किया जा सकता है।

मौसम विभाग देहरादून के मौसम वैज्ञानिक डा रोहित थपलियाल ने बताया कि 3 फरवरी को प्रदेश में मौसम का मिजाज अधिक बदला रहेगा, जबकि 2 फरवरी को अधिकांश हिस्सों में घने बादल और तेज हवाएं चलेगी। रविवार को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ व बागेश्वर में बारिश की संभावना है, जबकि ऊंची चोटियों में हिमपात की संभावना रहेगी। इसके बाद मंगलवार को देहरादून, नैनीताल व चम्पावत में वर्षा का पूर्वानुमान है। इस दौरान 30 से 40 किमी के बीच तेज हवाएं चलने की संभावना है और साथ में आंधी भी चलेगी। बाकी हिस्सों में मौसम सामान्य ही बना रहने का पूर्वानुमान है। मौसम जानकारों का कहना है कि इस बार अधिकांश विक्षोभ उत्तराखंड में प्रभावहीन रहे है। जनवरी के दूसरे पखवाड़े में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हिमपात और वर्षा का मौसम चार दिन बना रहा। शक्तिशाली आए दो विक्षोभों के कारण वर्षा व बर्फबारी देखने को मिली थी। मगर आगे का मौसम अनिश्चित बना हुआ है। उत्तराखंड के लिए मौसम की यह स्थिति चिंताजनक है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह का कहना है कि यह दौर मौसम परिवर्तन का है। जलवायु परिवर्तन का अधिक प्रभाव उत्तराखंड में देखने को मिल रहा है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ चिंता का बड़ा कारण है।

### चटक धूप के साथ सुहावना रहा नैनीताल में मौसम

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में शनिवार का मौसम चटक के साथ सुहावना बना रहा। दिन के समय गर्मी का एहसास हुआ, जबकि शाम को ठंड रही। नगर में सुबह से ही मौसम खुशनुमा बना हुआ था, जो शाम तक जारी रहा। लोगों ने सुहावने मौसम का लुत्फ उठाया। इस बीच हल्के बादल भी आते जाते रहे। मगर मौसम पर असर नहीं डाल पाए। शाम को सूर्यास्त के बाद ठंड शुरू हुई तो लोग हीटर का सहारा लेने को मजबूर हुए। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 19 व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### उत्तर भारत में आज से बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** दिल्ली–एनसीआर समेत उत्तर भारत में रविवार से बारिश होने के संभावना है। एक के बाद एक, दो पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 31 जनवरी से 3 फरवरी के दौरान मध्यम से तेज बारिश के साथ बर्फबारी देखने को मिल सकता है। वहीं, उत्तर–पश्चिम भारत और मध्य भारत के आस–पास के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम अलग–अलग जगहों छिटपुट बहारिश होने की संभावना है।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, युवाओं का नया गणित बचत पीछे, खर्चे आगे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### रैगिंग में एमबीबीएस के आठ छात्र निलंबित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के प्रथम वर्ष के एक छात्र की रैगिंग करने के मामले में एमबीबीएस के आठ छात्रों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद कॉलेज की रैगिंग रोधी समिति ने जांच की और आरोपों को सही पाया। एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के छात्रों नवदीप चौधरी, प्रकाश बावरिया, विक्रम सिंह मीणा, धर्मेंद्र कुशवाह, केशव गौतम, सुदीप जायसवाल, नवनीत कुशवाह और रवि मीणा को छात्रावास से निष्कासित कर दिया गया है और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# सीतारमण आज पेश करेंगी आम बजट, बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर होंगी निगाहें

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री लगातार 9वां बजट पेश कर बनाएंगीं एक नया रिकॉर्ड



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना लगातार नौवां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। इस बार सभी की निगाहें बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर टिकी होंगी। सीतारमण ने 2019 में अपने पहले बजट में दशकों से चले आ रहे चमड़े के ब्रीफकेस की जगह लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक 'बही-खाता' का अनुकरण किया था। पिछले चार वर्षों की तरह इस साल का बजट भी डिजिटल रूप से पेश करेंगी।

आम बजट 26 में वे प्रमुख रूप से जिन आंकड़ों पर नजर होगी उनमें मुख्य रूप से राजकोषीय घाटा शामिल है। सरकार के कुल खर्च और आय के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहलाता है। चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए इसके जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया गया है। बजट में 4.5 प्रतिशत से नीचे का लक्ष्य हासिल करने के बाद, बाजार अब कर्ज-जीडीपी अनुपात में कमी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। उम्मीद है कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए चार प्रतिशत के राजकोषीय घाटे की घोषणा कर सकती है। पूंजीगत व्ययः चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का नियोजित पूंजीगत व्यय 11.2 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। निजी क्षेत्र के निवेशकों की सावधानी को देखते हुए, सरकार आगामी बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च को बनाए रख सकती है और इसमें 10-15 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है। यह राशि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। कर्ज की रूपरेखा के तहत वित्त मंत्री ने 2024-25 के बजट भाषण में कहा था कि वित्त वर्ष 2026-27 से राजकोषीय नीति का प्रयास केंद्र सरकार के कर्ज को जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कम करने का होगा। बाजार यह देखना चाहेगा कि सरकार कर्ज-जीडीपी अनुपात को कब तक 60% के लक्ष्य तक लाने की बात कहती है। 2024 में यह अनुपात 85 प्रतिशत था, जिसमें केंद्र का हिस्सा 57% था।

# महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनीं सुनेत्रा पवार

- अजित पवार के निधन के चौथे दिन ली शपथ, नहीं पहुंचे शरद पवार

मुंबई, एजेंसी



राकांपा के दिवंगत अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार (62) ने शनिवार को मुंबई में एक समारोह में महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुकीं सुनेत्रा को यहां लोकभवन में एक संक्षिप्त समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले दिन में, उन्हें औपचारिक रूप से राकांपा विधायक दल का नेता चुना गया। भाजपा, एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राकांपा के घटक वाली 'महायुति' सरकार में अजित पवार उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री थे। उनकी 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। सुनेत्रा पवार जब शपथ लेने के लिए उठीं तो 'अजित दादा अमर रहें' जैसे नारे लगाए गए। सुनेत्रा पवार के छोटे बेटे जय पवार और उनकी पत्नी भी शपथग्रहण समारोह में मौजूद थीं। सुनेत्रा राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं। उनके बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है जो अजित के निधन से खाली हुई है। चर्चाओं से दूर रहने वाली सुनेत्रा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी करियर की शुरुआत की थी।

### प्रधानमंत्री मोदी व सीएम योगी ने दी बधाई

**नई दिल्ली/लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर सुनेत्रा पवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के के साथ दिवंगत अजितदादा पवार के विजन को पूरा करेंगी। वहीं, मुख्यमंत्री योगी ने भी सुनेत्रा अजित पवार को हार्दिक बधाई।

## रिबाकिना ने सबालेंका को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता



**मेलबर्न।** एलेना रिबाकिना ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराकर शनिवार को आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया जो उनके कैरियर का दूसरा ग्रैंडस्लैम है। रिबाकिना ने 6-4, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज करके 2023 फाइनल में सबालेंका के हाथों यहां मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। जीत के बाद 26 वर्ष की रिबाकिना ने कहा मेरा दिल बहुत तेज धड़क रहा है। चेहरे से भले ही पता नहीं चले लेकिन भीतर काफी जज्बात उमड़ रहे हैं। मॉस्को में जन्मी लेकिन कजाखस्तान के लिये खेले वाली इस खिलाड़ी ने कहा मेरे पास यह अच्छा मौका था और मैंने इसे भुनाया।

# तंबाकू–पान मसाला का सेवन आज से होगा महंगा

- तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर आज से प्रभावी

**नई दिल्ली।** सिगरेट व तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तथा पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से लागू हो जाएगा। यह जीएसटी की उच्चतम 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया जाएगा।

ये उपकर और उत्पाद शुल्क इन हानिकारक वस्तुओं पर एक जुलाई 2017 से लागू 28 प्रतिशत जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे। इसके अलावा, एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों (चबाने वाला तंबाकू, फिल्टर खैनी, जर्दा युक्त सुगंधित तंबाकू और गुटखा) के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) आधारित मूल्यांकन की नई व्यवस्था शुरू होगी। इसके तहत जीएसटी का निर्धारण पैकेट पर घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर किया जाएगा। पान मसाला निर्माताओं को एक फरवरी से स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत नया पंजीकरण कराना होगा।

ऐसे उत्पादों के निर्माताओं को सभी पैकिंग मशीनों को कवर करने वाली एक कार्यशील सीसीटीवी प्रणाली लगानी होगी और इसकी फुटेज को कम से कम 24 महीनों तक सुरक्षित रखना होगा। उन्हें उत्पाद शुल्क अधिकारियों को मशीनों की संख्या और उनकी क्षमता की जानकारी भी देनी होगी।

### सिगरेट की लंबाई के आधार पर उत्पाद शुल्क

एक फरवरी से प्रभावी केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम में संशोधन कर सिगरेट की लंबाई के आधार पर 2.05 रुपये से 8.50 रुपये प्रति स्टिक तक उत्पाद शुल्क लगाया गया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून पान मसाला इकाइयों की उत्पादन क्षमता पर उपकर लगाता है।

# अल्मोड़ा में सड़क हादसे में माता पिता की मौत, बेटा गंभीर घायल

संवाददाता, अल्मोड़ा

- नीब करौली बाबा के दर्शन कर मुनस्यारी जा रहा था दिल्ली निवासी परिवार



धौलछीना के कसाणबैंड के पास दुघर्टना ग्रस्त कार।

**अमृत विचार :** धौलछीना-शेराघाट मोटर मार्ग पर शनिवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। कसाणबैंड के पास एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर 60 मीटर नीचे जा सड़क पर जा गिरी। हादसे में वाहन सवार वृद्ध दंपत्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।


जानकारी अनुसार मंगलपुरी, महरौली नई दिल्ली निवासी 52 वर्षीय सिद्धार्थ रॉय अपने माता-पिता के साथ निजी कार संख्या डीएल-3 सीसी जेड 8690 से उत्तराखंड भ्रमण पर आए थे। कैंची धाम में दर्शन करने के बाद यह परिवार अल्मोड़ा होते हुए मुनस्यारी की ओर जा रहा था। दोपहर तीन बजे कसाण बैंड के पास अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे लगे क्रश बैरियर को तोड़ते हुए सीधे 60 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर जा गिरा। जिससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और कार सड़क पर पलट गई। कार के नीचे दबने से 75 वर्षीय प्रणव रॉय और उनकी पत्नी 72 वर्षीय शुभ्रा रॉय की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बेटा सिद्धार्थ रॉय गंभीर रूप से घायल है। इधर, एसओ धौलछीना सुनील सिंह बिष्ट ने बताया कि जेसीबी की मदद से लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद वाहन को काटकर वृद्ध दंपति के शवों को बाहर निकाला गया।

साक्षात्कार

केंद्रीय मंत्री ने कहा– भारत और ईयू एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद

# ईयू के बाद अब अमेरिका की बारी, जल्द होगी दमदार ट्रेड डील : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों देश इसे जल्द पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने भरोसा जताया कि निकट भविष्य में इस मोर्चे पर अच्छी खबर दी जाएगी।

गोयल ने एक साक्षात्कार में कहा, हर मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अपनी शर्तों और खूबियों पर टिका होता है। हमारी बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। अमेरिका में मेरे समकक्ष और मेरे बीच बहुत ही शानदार कामकाजी संबंध और व्यक्तिगत मित्रता है। हम इस समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि मदर ऑफ ऑल डील्स (भारत-ईयू समझौता) के बाद अब भारत और अमेरिका के बीच फादर ऑफ ऑल डील्स कब तक हकीकत बनेगी, तो उन्होंने कहा कि व्यापार समझौतों के लिए कभी कोई समय सीमा तय नहीं की जाती। इन्हें दोनों देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए सही समय पर अंतिम रूप दिया जाएगा। एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी निर्धारित यात्रा से पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों और रक्षा सहित द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख आयामों पर चर्चा की। उम्मीद है कि वह अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। क्या रूसी तेल की खरीद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट का कारण है, कहा, मुझे नहीं लगता कि यह कोई बाधा या अड़चन है। कुछ गलतफहमियां हो सकती थीं, जिन्हें काफी हद तक सुलझा लिया गया है।

### केंद्रीय वाणिज्य मंत्री बोले- मां 28 बच्चों का ख्याल रखेगी

**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अगले पांच वर्षों में यूरोप को होने वाले देश के निर्यात को दोगुना कर देगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक समझौते को मदर ऑफ ऑल डील्स करार देते हुए कहा कि मां दयालु और प्रेममयी होगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इसके सभी 28 बच्चों (भारत और यूरोपीय संघ के 27 देश) को इस समझौते से लाभ हो। भारत–यूरोपीय संघ एफटीए को व्यापक रूप से मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। दोनों पक्षों ने घोषणा की है कि समझौते के लिए बातचीत पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल लागू होने की संभावना है। गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ को होने वाले वस्तु और सेवा निर्यात में भारत पहले से ही व्यापार अधिशेष की स्थिति में है। अब, समझौते के लागू होने के पहले ही दिन से भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे अगले पांच वर्षों में देश का निर्यात दोगुना होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024–25 में भारत का वस्तु निर्यात 76 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 46 अरब डॉलर था।

जीवेम शरदः शतं पश्येम शरदः शतम् श्रृणुयाम शरदः शतम्

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नजाकत खान — युवा समाजसेवी किच्छा
फिरासत खान — वार्ड सभासद प्रतिनिधि, किच्छा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दर्शन कोली
निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, किच्छा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मधुर यादव त्रिभुवन यादव आदेश यादव अभिषेक यादव विजय प्रकाश यादव विजय पाल यादव
यादव फूड्स लिमि., किच्छा (ऊधमसिंह नगर) फोन : 05944-265248

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गौरव बेहड़ — विधायक प्रतिनिधि
भूपेन्द्र चौधरी (बब्लू) — नगर अध्यक्ष, कांग्रेस
हाजी भूरा कुरैशी — समाजसेवी
मो. आरिफ — सभासद प्रतिनिधि
मिस्वाल कुरैशी — कांग्रेस नगर महामंत्री, किच्छा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हाजी सरवर यार खां
वरिष्ठ कांग्रेस नेता, दरऊ फार्म किच्छा विधानसभा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
तुम जियो हजारों साल साल के दिन हों पचास हजार
नितिन शर्मा — नगर महामंत्री, किच्छा
राजीव जग्गी — समाजसेवी किच्छा
भूपेन्द्र चौधरी बब्लू — नगर कांग्रेस अध्यक्ष

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजेश प्रताप सिंह
प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी, किच्छा विधानसभा

Happy Birthday मा. विधायक बेहड़ जी
दानिश मलिक (सोनू भाई)
निवर्तमान वार्ड सभासद नगर पालिका परिषद, किच्छा

Happy Birthday मा. विधायक बेहड़ जी
शानू मलिक
वार्ड 13, किच्छा

Happy Birthday मा. विधायक बेहड़ जी
एन यू खान
कांग्रेसी नेता, सिरौली कला, किच्छा

Happy Birthday मा. विधायक बेहड़ जी
डिंपल सिंह
युवा कांग्रेसी नेता, किच्छा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गुलशन सिंधी
जिला महामंत्री, कांग्रेस वरिष्ठ व्यापारी नेता, किच्छा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भूपेन्द्र पपनेजा (बंटी)
पूर्व प्रदेश सचिव राहुल गाँधी यूथ ब्रिगेड, किच्छा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निर्मल सिंह हंसपाल
जिला महामंत्री, प्रा.उ. व्यापार मण्डल, किच्छा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अरुण तनेजा
पूर्व नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, किच्छा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मेजर सिंह
पूर्व ब्लाक प्रमुख वीरू नगला, किच्छा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मो. आरिफ
प्रदेश संयोजक कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, पूर्व डायरेक्टर-मण्डी परिषद, उत्तराखण्ड (किच्छा)

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दलीप बिष्ट — वरिष्ठ कांग्रेस नेता, किच्छा
संजय बिष्ट — सामाजिक कार्यकर्ता, किच्छा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पुष्कर राज जैन
वरिष्ठ कांग्रेस नेता किच्छा विधानसभा (रुद्रपुर)

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गौरव चावला — सामाजिक कार्यकर्ता मो. 98379-04333
हरभजन सिंह — कांग्रेस कार्यकर्ता मो. 99172-66033

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शरद यादव — अध्यक्ष
साहिल अरोरा — महामंत्री
आशीष जैन — कोषाध्यक्ष
राईस मिल एसोसिएशन, किच्छा (ऊधमसिंह नगर)

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुनीता कश्यप
प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस कमेटी, किच्छा

शेरे-तराई, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मा. किच्छा विधायक
श्री तिलक राज बेहड़ जी
को 69वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
तुम जियो हजारों साल साल के दिन हों पचास हजार
गौरव बेहड़ — विधायक प्रतिनिधि
कुलदीप सिंह लक्की — सचिव विधायक
ओम प्रकाश दुआ — वरिष्ठ कांग्रेस नेता

## सिटी ब्रीफ

### बेस में दो हफ्ते बाद भी नहीं खुला आधार केंद्र

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में आधार कार्ड नामांकन एवं संशोधन केंद्र खोलने की कवायद कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है। जिला प्रशासन को अस्पताल प्रबंधन की ओर से कक्ष सौंपे हुए दो हफ्ते बीत चुके हैं, लेकिन केंद्र का संचालन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। डाकघरों में संचालित सीमित आधार काउंटरों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग सुबह से ही नंबर के लिए लंबी कतारों में लगने को मजबूर हैं, फिर भी कई लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ता है।

### आज रानीबाग क्षेत्र में रहेगा शटडाउन

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम की ओर से बिजली लाइनों के आधुनिकीकरण और रखरखाव कार्य के चलते शनिवार को साढ़े छह घंटे की बिजली कटौती ने गौलापार क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गौलापार के 33/11 केवी उपसंस्थान से जुड़े नलकूप फीडर, दानीबगर फीडर और कालीचौड़ क्षेत्रों में सुबह 9 :30 बजे से ही बिजली आपूर्ति ठप कर दी गई, जो शाम 4 बजे जाकर सुचारू हुई। इस लंबी कटौती के कारण घरेलू कामकाज के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित रहीं। नलकूप फीडर बंद होने से कई इलाकों में पेयजल का संकट भी गहराया रहा। आज रविवार को भी ऊर्जा निगम के अनुसार, आज 33/11 केवी उपसंस्थान एचएमटी रानीबाग के गायत्री नगर पोषक (फीडर) के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में सुबह 9 :30 से शाम 4 बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी।

### युवक लापता, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

**हल्द्वानी :** मुखानी थानाक्षेत्र से एक युवक लापता हो गया। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार, भगवानपुर तल्ला निवासी दिनेश सिंह ने तहरीर देकर कहा कि उनका 21 वर्षीय बेटा अजय सिंह 20 जनवरी को बिना बताए घर से चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### घर से बाइक चोरी

**हल्द्वानी :** काठगोदाम थाना क्षेत्र में एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ली गई। गौलापार निवासी मीना देवी ने पुलिस को बताया कि बाइक उनके नाम पर है। 22 जनवरी को उनका भतीजा सावन बाइक लेकर गया था। उसने बाइक को नरीमन चौराह के पास अपने घर के बाहर खड़ा किया। 24 जनवरी को बाइक चोरी हो गई। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मैं मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

गौलापार स्टेडियम का वनवास खत्म, 10 साल बाद मैदान पर उतरेंगे भारतीय क्रिकेट के सितारे, 193 करोड़ के स्टेडियम में पहली बार सजेगी क्रिकेट की महफिल

# जहां खली ने मारा था ब्रेन-चाप वहां प्रवीण-पठान करेंगे चौकों-छक्कों की बरसात

संवाददाता, हल्द्वानी



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के लिए नया सवेरा होने वाला है या यूं कह लीजिए दमकती शाम होने वाली है। वह शाम रोमांचक होगी जबकि भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके 20 से अधिक दिग्गज खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे। स्विंग के सुल्तान कहे जाने वाले इरफान पठान उत्तराखंड सोल्जर्स की ओर से अपनी घातक गेंदबाजी का जादू दिखाएंगे, वहीं पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार दिल्ली नाइट्स की टीम से खेलते दिखेंगे। फरवरी 2016 में यहां ग्रेट खली (दलीप सिंह राणा) का ऐतिहासिक रेसलिंग शो भी हुआ था, जिसमें उसने अपने मुख्य दांव पंजाबी प्लंज, ब्रेन चॉप जैसे दांव अजमाए थे। उसके बाद से ही यहां की पिच एक अदद क्रिकेट मैच के लिए भी तरस रही थी।

लीग का औपचारिक आगाज 3 फरवरी से होगा। पहला मुकाबला शाम 6:30 बजे ''उत्तराखंड सोल्जर्स'' और ''दिल्ली नाइट्स'' के बीच दूधिया रोशनी (फ्लड लाइट) में खेला जाना है। दरअसल, साल 2014 में आधारशिला रखे जाने और 2016 में लोकार्पण के बाद, जिस मैदान पर दर्शक केवल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट देखने का सपना देख रहे थे, वहां लगभग एक दशक बाद अब चौकों-छक्कों की बरसात होने जा रही है। इवेंटो विस्टा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी (ईवीसीएल) की ओर से आयोजित क्रिकेट लीग के जरिए इस स्टेडियम का वर्षों लंबा क्रिकेट का वनवास आखिरकार समाप्त होगा।

प्रतियोगिता के डायरेक्टर विकास ढाका ने बताया कि 3 से 12 फरवरी तक चलने वाली इस लीग में छह टीमें—उत्तराखंड सोल्जर्स, दिल्ली नाइट्स, वाराणसी वाइपर्स, यूपी वॉरियर्स, हल्द्वानी टाइगर्स और मसूरी किंग्स—हिस्सा लेंगी। लीग में 15 मैचों सहित कुल 18 मुकाबले खेले जाएंगे। स्टेडियम के इतिहास पर गौर करें तो 193 करोड़ की लागत से बने 25 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम का उद्घाटन 18 दिसंबर 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने किया था। फरवरी 2016 में यहां खली का ऐतिहासिक रेसलिंग शो भी हुआ था, लेकिन क्रिकेट मैच के लिए यहां की पिचें तरसती रहीं। फरवरी 2025 में हुए 38वें नेशनल गेम्स के दौरान करीब 2 करोड़ की लागत से इसे फुटबॉल मैदान में बदलकर पिचें हटा दी गई थीं। अब इतने वर्षों के लंबे इंतजार के बाद यहां क्रिकेट की वापसी हो रही है।

### मैदान में उतरेंगे इरफान व प्रवीण समेत 20 दिग्गज

**हल्द्वानी :** लीग के आयोजक ईवीसीएल के मुताबिक, इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके 20 से ज्यादा खिलाड़ी अपना जलवा बिखेरेंगे। मुख्य आकर्षण के रूप में इरफान पठान (उत्तराखंड सोल्जर्स) और प्रवीण कुमार (दिल्ली नाइट्स) मैदान पर कमान संभालेंगे। इनके अलावा सौरभ तिवारी, प्रविंदर अवाना, शादाब जकाती, अंकित राजपूत, ईश्वर पांडे, फैज़ फज़ल और अनुरित सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ी विभिन्न टीमों का हिस्सा होंगे। विदेशी खिलाड़ियों में जेसी राइडर और क्रिस्टोफर मपोफु भी चौके-छक्के जड़ते नजर आएंगे। साथ ही राहुल यादव, पवन सुयाल, अमितोज सिंह, मार्कंडे चौरसिया, असद पठान, अभिषेक सकुजा, जैसल करिया, अक्षय वाखरे, सरुल कंवर और जयकिशन कोलसावाला जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी इस लीग में दमखम दिखाएंगे।

### 119 रुपये से टिकट शुरू

मैच के लिए टिकटों की दरें 199 रुपये से 1499 रुपये तक तय की गई हैं। खेल प्रेमी स्टेडियम के टिकट काउंटर या डिस्ट्रिक एप के माध्यम से अपनी सीट बुक कर सकते हैं। ईवीसीएल के डायरेक्टर विकास ढाका ने कहा कि हल्द्वानी के खेल प्रेमियों के लिए यह ऐतिहासिक पल है और 10 साल का लंबा इंतजार अब खत्म हो रहा है। हम इस मेगा इवेंट के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# तीन बीघा भूमि पर अब प्रशासन का कब्जा, अफसरों ने ली सेल्फी

## जिला प्रशासन ने तीन-अलग-अलग स्थानों पर की अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई

- भूमि को कब्जे से मुक्त कराकर जमीन पर लगाए नोटिस बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




चौसला में सरकारी भूमि पर राजस्व विभाग की टीम ने लिया कब्जा और बोर्ड के साथ खिंचवाई फोटो। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने चौसला में तीन बीघा जमीन से अवैध कब्जे छुड़वाए और जमीन पर सरकारी कब्जे के नोटिस बोर्ड लगा दिए हैं। कब्जा लेने की यह कार्यवाही चौसला में ही तीन अलग-अलग स्थानों पर की गई है।

डीएम ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार, राजस्व विभाग की टीमें समूचे जनपद में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को चिन्हित कर रही हैं। फिर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा कब्जे ले रही हैं। इसी क्रम में राजस्व विभाग की टीमों ने चौसला में तीन अलग-अलग स्थानों पर अन्य बंजर श्रेणी की भूमि, जो पूर्णतया सरकारी भूमि होती है, अवैध कब्जे चिन्हित किए थे। प्रशासन की ओर से सभी अवैध कब्जाधारकों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस भेजे गए थे। इधर, शनिवार को तहसीलदार कुलदीप पांडेय के आदेश के बाद राजस्व विभाग की प्रवर्तन टीमों ने चौसला में तीनों स्थानों पर अतिक्रमणकारियों की ओर से लगाई गई तारबाड़, बाउंड्री वॉल वगैरह ध्वस्त कर कब्जा लिया गया। साथ ही मौके पर ही जमीन पर कब्जा लेने के बोर्ड भी चस्पा किए गए। स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकारी भूमि पर फिर से अवैध कब्जे की कोशिश की गई तो कानूनी कार्रवाई होगी।

एसडीएम राहुल शाह ने कहा कि राजस्व टीमें काफी समय से चौसला में तीन अलग-अलग स्थानों पर अन्य बंजर भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित किया था। शनिवार को प्रवर्तन टीम ने अतिक्रमण हटाकर कब्जा ले लिया है।

### रास्ते पर किए अतिक्रमण पर चली जेसीबी

**हल्द्वानी :** तहसीलदार कुलदीप पांडेय ने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार राजस्व विभाग की प्रवर्तन टीम का भू एवं राजस्व विवादों का निबटारा भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में मनीषा पत्नी मुकेश एवं कमल पुत्र गोपाल दास की ओर से रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। इस की जांच करवाई गई तो रास्ते पर अतिक्रमण की पुष्टि हुई। इसके बाद शनिवार को प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी से रास्ते पर किए अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। दोनों को ही चेतावनी दी गई है कि भविष्य में मार्ग पर किसी तरह का अतिक्रमण नहीं किया जाए।

## सब्जी मंडी में पुलिस चौकी के पास युवक को मारा चाकू, घायल

**हल्द्वानी :** मंगलपड़ाव पुलिस चौकी के पीछे स्थित सब्जी मंडी अपराधियों का अड्डा बन चुकी है। शुक्रवार को मामूली बात पर चौकी के पीछे ही शातिर ने एक युवक को चाकू मार दिया। इस मामले में पुलिस ने अभी मुकदमा तक दर्ज नहीं किया और इसी घटना के बाद चोरों ने दो महिलाओं के मोबाइल पार कर दिए। पुलिस चौकी के पीछे लगातार हो रही वारदातों ने पुलिस पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घासमंडी मंगलपड़ाव निवासी विनय राजपूत (21 वर्ष) पुत्र स्व. गंगा राम को सिर्फ इसलिए चाकू मार दिया गया, क्योंकि उसने बाइक नहीं हटाई। घटना सब्जी मंडी में वहां हुई, जहां वह एक क्रॉकरी की दुकान में काम करता था। तहरीर देने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। जबकि पुलिस ने आरोपी पकड़ लिए थे। विनय के चेहरे पर 12 टांके लगे हैं। इसी दिन चोरों ने महज 15 मिनट के भीतर बिठौरिया, ऊंचापुल निवासी दीक्षा और सावित्री कालोनी कालाढूंगी रोड निवासी दुर्गा भोसले के मोबाइल पार कर दिए। दोनों सब्जी मंडी में खरीदारी करने आईं थी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि महिलाओं की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पेरीफेरल रिंग रोड का सर्वे दोबारा होगा, बजट जारी



विधायक भगत का फूल माला पहनाकर आभार जताते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


**अमृत विचार :** बहुप्रतीक्षित फोरलेन पेरीफेरल रिंग रोड का सर्वे दोबारा होगा। शासन ने इसके लिए 26.35 लाख रुपये का बजट जारी किया है।

लामाचौड़ से रामपुर रोड स्थित बेल बाबा तक पेरीफेरल रिंग रोड को लेकर सर्वे प्रस्तावित है। ग्रामीणों की मांग थी कि पेरीफेरल रिंग रोड से उनकी कृषि भूमि व निजी भवन जद में न आए। इसको लेकर ग्रामीणों ने विधायक भगत से भी मुलाकात की थी। इस पर विधायक ने राजस्व, लोनिवि, एनएच व वन अधिकारियों के साथ प्रस्तावित रोड का निरीक्षण किया था। उन्होंने शासन में रिंग रोड का फिर से सर्वे कराने की मांग की थी। इस नये सर्वे में स्टेट हाईवे-41 कालाढूंगी-भाखड़ा पुल से शुरू होकर जंगल की फायर लाइन से होते हुए वन क्षेत्र के किनारे-किनारे बेल बाबा के समीप स्टेट हाईवे-5 रामपुर रोड पर मिलेगा। इस प्रस्तावित रोड की कुल लंबाई 18.674 किमी तय की है। इससे कृषि भूमि के साथ ही निजी संपत्तियों की भी सुरक्षा होगी। इधर, इसका आदेश मिलने के बाद ग्रामीणों ने शनिवार को विधायक भगत के आवास पहुंचकर उनका आभार जताया। विधायक ने कहा कि जनता को नुकसान नहीं पहुंचने दिया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, प्रताप बोरा, गणेश शाह, कंचन उप्रेती, मीना निगल्टिया, महेश शर्मा, कुंदन बोरा, प्रमोद तोलिया आदि रहे।

# टेलीग्राम के जरिये 5.20 लाख की ठगी, निवेश के नाम पर लगाया चूना

संवाददाता, हल्द्वानी

- फर्जी वेबसाइट पर अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराए रुपए
- न तो बोनस मिला न ही खाते में वापस मिली मूल रकम



**अमृत विचार :** सोशल मीडिया प्लेटफार्म टेलीग्राम को ठिकाने की तरह इस्तेमाल कर रहे साइबर क्रिमिनल ने एक और युवक को अपना शिकार बना डाला। युवक को इनवेस्टमेंट की योजना बताई। मोटे बोनस का झांसा देकर शिप्पोलेजर डॉट कॉम नाम की वेबसाइट पर अकाउंट बनाकर निवेश कराया और 5.20 लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हल्द्वानी निवासी नितिन भंडारी ने पुलिस को बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने उससे टेलीग्राम के जरिए संपर्क किया और शिप्पोलेजर डॉट कॉम नाम की वेबसाइट पर अकाउंट बनाकर निवेश करने का झांसा दिया। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए आरोपियों ने पहले दिन कुछ बोनस राशि भी दिखाई। इसके बाद 25 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच पीड़ित से अलग-अलग बैंक खातों में किस्तों में कुल 5.20 लाख रुपये जमा करा लिए। आरोपियों ने रकम बढ़ने और मुनाफा मिलने का लालच देकर लगातार भुगतान कराया।

जब पीड़ित ने अपनी जमा की गई रकम और बताए गए बोनस को निकालने का प्रयास किया तो वेबसाइट पर निकासी की सुविधा बंद मिली। संपर्क करने पर आरोपियों के मोबाइल नंबर और टेलीग्राम अकाउंट भी निष्क्रिय हो गए। इसके बाद युवक को ठगी का एहसास हुआ। हल्द्वानी कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि साइबर सेल की टीम बैंक खातों, ट्रांजैक्शन आईडी और वेबसाइट के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। खातों और डिजिटल ट्रेल के जरिए आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

## तड़के सड़क पर उतरी पुलिस, 5 गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** भोर की आड़ में तस्करी और आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले शातिरों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए पुलिस ने सुबह-सुबह औचक चेकिंग अभियान शुरू हुआ। कुछ ही घंटों के भीतर1302 लोगों को पकड़ा गया और पूछताछ के बाद 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्त में आए सभी संदिग्ध हैं और पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी के मुताबिक, चेकिंग अभियान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाया गया। एसपी क्राइम डॉ.जगदीश चंद्रा और एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में बस स्टेशन, थाना क्षेत्रों के बैरियर, राष्ट्रीय राजमार्ग, लिंक मार्ग के साथ संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग की गई।

# गाड़ी जलाने व माओवादी पोस्टर लगाने के मामले में 9 साल बाद दो आरोपी बरी

संवाददाता, नैनीताल

- ठोस साक्ष्य पेश करने में विफल रहा अभियोजन

**अमृत विचार:** नैनीताल के चर्चित धारी तहसील आगजनी एवं माओवादी गतिविधियों से जुड़े मामले में न्यायालय ने नौ वर्ष बाद अहम फैसला सुनाया है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कुलदीप शर्मा की अदालत ने अल्मोड़ा निवासी खीम सिंह बोरा और भास्कर पांडे को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में पूरी तरह असफल रहा।

अभियोजन के अनुसार, एक फरवरी 2017 की रात धारी तहसील परिसर में खड़ी एक सरकारी जिप्सी में आग लगा दी गई थी। साथ ही धारी बाजार, पुरानी शराब भट्टी और ब्लॉक कार्यालय क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़े पोस्टर और नारे लगाए जाने का आरोप था। पुलिस ने इस मामले में खीम सिंह बोरा (जिसके कई उपनाम बताए गए) और भास्कर पांडे उर्फ भुवन को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ यूएपीए की धारा 10/20, आईपीसी की धारा 436, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम तथा अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। घटना के चार वर्ष बाद 18 मई 2021 को चार्जशीट दाखिल की गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 19 गवाह पेश किए और 17 भौतिक साक्ष्य (माओवादी पोस्टर व झंडे) न्यायालय में प्रदर्शित किए। न्यायालय ने अपने 15 पन्नों के फैसले में कई अहम कमियों की ओर इशारा किया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि आरोपियों के विरुद्ध कोई भी विश्वसनीय मौखिक या दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। केवल संदेह या पुलिस रिकॉर्ड के आधार पर दोषसिद्धि संभव नहीं है। प्रश्न सामने आया है कि यूएपीए जैसी गंभीर धाराओं में वर्षों तक मुकदमे झेलने के बाद निर्दोष साबित हुए लोगों की सामाजिक, मानसिक और आर्थिक क्षति की भरपाई कैसे होगी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुभाष जोशी ने शुरू से ही मामले को साक्ष्यविहीन बताया था, जिस पर अंततः न्यायालय ने सहमति जताई।

## मवेशियों को बचाने के प्रयास में पलटा हाईवा

**हल्द्वानी :** चोरगलिया रोड पर मवेशियों का झुंड हादसों का सबब बन रहा है। शुक्रवार देर रात मवेशियों के झुंड को बचाने के चक्कर में आरवीएम से लोड हाईवा सड़क से नीचे उतर कर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में हाईवा चालक को गंभीर चोट नहीं आई।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे आरवीएम से लोड हाईवा चोरगलिया से हल्द्वानी की ओर आ रहा था। वह अभी रामबाग चौराहे पर ही पहुंचा था कि तभी मवेशियों का झुंड सामने आ गया। बताया जाता है कि हाईवे पर अंधेरा होने से चालक की नजर मवेशियों की झुंड पर नहीं पड़ी। हाईवा तेजी से जा रहा था और जब झुंड नजदीक आया तो चालक के प्रयास के बावजूद हाईवा सड़क से नीचे उतर कर पलट गया।

अपराध

शहर में हुई दो बड़ी चोरियों के आरोपी नेपाली चोर गिरफ्त से दूर, करोड़ों का माल समेटकर हुए थे फरार

# चुनौती बने चोर, जनक मिला नहीं, रंबा 2024 से रफूचक्कर

- राधिका ज्वैलर्स में चोरी का मुख्य आरोपी अब भी पकड़ से बाहर
- कारोबारी व पत्नी को बेहोश कर माल उड़ा ले गई थी रंबा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नेपाली मूल के चोर शहर से करोड़ों रुपए का माल समेट कर फरार हो गए और पुलिस के लिए चुनौती छोड़ गए। दूसरी चोरी पिछले साल और पहले वर्ष 2024 के नवंबर में हुई।

पहले मामले में नौकरानी बनकर कॉपी-किताबों के कारोबारी के घर दाखिल हुई रंबा ने कारोबारी और उसकी पत्नी को नशीला जूस पिलाकर बेहोश किया और माल समेट कर फरार हो गई। रंबा पूरे गैंग के साथ शहर से भागी। दूसरे मामले में राधिका ज्वैलर्स को जनक राज जोशी ने निशाना बनाया। पड़ोस की दुकान से सेंध लगाई और करीब डेढ़ करोड़ का माल उड़ा दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस टीमों ने भारत के कई शहरों से लेकर नेपाल के भीतर तक खाक छानी, लेकिन हाथ कुछ नहीं आया। दोनों ही मामले मुखानी थानाक्षेत्र के हैं। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल का कहना है कि शातिर कहीं भी छिपें हों, वह बच नहीं पाएंगे। पुलिस की टीमें लगातार आरोपियों की तलाश कर रही हैं।

### बस अड्डे पर मिली थी रंबा की आखिरी लोकेशन

**हल्द्वानी :** कालाढूंगी रोड निवासी दीपक अग्रवाल कॉपी-किताबों (पूरन लाल एंड संस) के कोराबारी हैं। वह यहां अपनी पत्नी मिनाक्षी, बेटा व बहू के साथ रहते हैं। वर्ष 2024 की 12 नवंबर को बेटे की शादी हुई और वह पत्नी के साथ हनीमून पर बाली चले गए। कारोबारी दंपति घर पर अकेले थे, ऐसे में उनकी दिल्ली में रहने वाली बेटी ने 24 नवंबर को ऑनलाइन साइट से नेपाली मूल की रंबा को बतौर नौकरानी घर पर रख लिया। अगले ही दिन दिन रंबा ने दीपक और उनकी पत्नी को नशीला सूप पिलाकर बेहोश कर दिया और बड़ा हाथ मारकर साथियों समेत फरार हो गई। रंबा साथियों के साथ सीसीटीवी में नजर आई और उसकी आखिरी लोकेशन हल्द्वानी बस अड्डे पर मिली, लेकिन पकड़ में नहीं आई।

### लघुशंका का बहाना कर भागा था रंबा का राजदार

**हल्द्वानी :** कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने रंबा के राजदार प्रेम को हिरासत में लिया। प्रेम भी नेपाली मूल का है और रंबा का राज उगलवाने के लिए उसे मुखानी थाने की आरटीओ पुलिस चौकी में रखा गया था। पुलिस उससे कुछ उगलवा पाती, इससे पहले ही 19 जनवरी 2025 को प्रेम लघुशंका का बहाना बनाकर पुलिस चौकी से फरार हो गया। इस मामले में तत्कालीन एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने चौकी प्रभारी बलवंत सिंह, अपर उप निरीक्षक सुमित कुमार और कांस्टेबल मनीष कुमार उप्रेती को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके बाद प्रेम की तलाश में कई टीमें गठित की गईं, लेकिन रंबा की तरह प्रेम भी पुलिस को गच्चा दे गया।

### सब्जी बेचने के बहाने रेकी कर रहा था जनकराज

**हल्द्वानी :** कुसुमखेड़ा स्थित राधिका ज्वैल्स में बीते वर्ष 19 दिसंबर को सेंधमारी कर लगभग सवा करोड़ की चोरी की गई। इसके पीछे नेपाली मूल के जनकराज जोशी का नाम सामने आया, जो रामड़ी जसुवा में सब्जी बेचकर चोरी की योजना गढ़ रहा था। सेंधमारी को नेपाल, महाराष्ट्र और झारखंड के गैंग ने मिलकर अंजाम दिया। झारखंड का गैंग बीती 3 जनवरी को बनबसा से गिरफ्तार किया गया, जिसमें लीडर मकसूद भी पकड़ा गया। इससे कुछ माल भी बरामद किया गया, लेकिन सेंधमारी का असली सूत्रधार जनक राज हाथ नहीं आया। इस मामले कुछ दिन पहले फिर एक टीम रवाना की गई, लेकिन उसे भी सफलता नहीं मिली।

## खुर्पाताल के पास जंगल में आग लगने से वन संपदा जली

**नैनीताल:** बीते दिनों बारिश के बाद भी खुर्पाताल के समीपवर्ती पहाड़ी के जंगल में आग धधक गई। विभाग की ओर से आग पर काबू पाने का कार्य किया जा रहा है। बता दें कि बीते तीन दिन पूर्व नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में पूरी रात बारिश हुई थी। जिसके चलते वन विभाग ने राहत की सांस ली थी।

लेकिन शुक्रवार देर शाम खुर्पाताल के समीपवर्ती पहाड़ी से लगे जंगल क्षेत्र में आग लग गई। देखते ही देखते आग धधकी तो जंगल में फैल गई। वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि टीम आग बुझाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं। बताया कि जंगल में आग लगाने वालों का पता लगाया जा रहा है।

# मारपीट में पुलिस ने दोनों पक्षों पर दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** समीपवर्ती वाटर फॉल क्षेत्र में दो पक्षों के विवाद का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी है।

स्टाफ हाउस निवासी त्रिलोक सिंह ने शिकायत करते हुए कहा है कि वह टैक्सी चालक है। बीते 18 जनवरी को दिन में डेढ़ बजे वह अपने बेटे हर्षित व उसके दोस्त कृष्णा के साथ वाटर फॉल घूमने गया था। वाटर फाल में एक स्कूटी व बाइक के पास तीन से चार युवक व एक युवती खड़ी थी। इस दौरान उसने अपनी कार पीछे की तो पीछे खड़े युवकों ने उसकी कार में पीछे से जोर से हाथ मारा। विरोध करने पर वह गाली गलौच व मारपीट में उतर आए। उन्होंने उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष से काशीपुर निवासी इरम ने शिकायत करते हुए कहा है कि वह अपने भतीजे फैजान, भांजे साहिल व सुहेल के साथ वाटर फॉल आए थे। जहां टैक्सी चालक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। विरोध करने पर कार में बैठे लोग अभद्रता करने लगे। एक व्यक्ति ने उसके भतीजे के सिर पर लोहे के कड़े से वार किया जिससे वह चोटिल हो गया। उसका बीडी पांडे अस्पताल में इलाज हुआ। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि एक पक्ष के मल्लीताल निवासी शंकर, बब्लू, कृष्णा व एक अज्ञात के खिलाफ और दूसरे पक्ष के अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज लिया है।

## सिटी ब्रीफ

### देवीधूरा में तेंदुए की सूचना पर गश्त शुरू

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती देवीधुरा क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की सूचना के बाद वन विभाग ने गश्त शुरू कर दी है। लोगों को तेंदुए से सुरक्षित रहने की सलाह भी दी जा रही है। बता दें कि इन दिनों नैनीताल के समीपवर्ती देवीधुरा गांव में तेंदुए की दस्तक से लोगों की रातों की नीद उड़ी हुई है। बीते दो दिनों से लगातार तेंदुआ गांव के बीच घरों के आसपास गुर्रा रहा है। वहीं तेंदुए के खौफ के चलते सुबह दूध और सब्जी बेचने वालों का घर से निकलना मुस्किल हो गया है। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में गश्त की जा रही है। लोगों को देर रात घर से बाहर न जाने और रात को घर के आसपास लाइट जलाने की अपील की जा रही है। साथ ही छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखने की अपील की जा रही है।

### डिग्री कालेज के अनुसेवक हुकुम सिंह को दी विदाई

**रामनगर :** पीएनजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अनुसेवक हुकुम सिंह को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई दी गई। प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे, स्टाफ क्लब सचिव डॉ. नरेश कुमार, डॉ. सुमन कुमार, डॉ. योगेश चंद्र, डॉ. अलका राजौरिया, डॉ. दीपक खाती, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोविन्द सिंह जंगपांगी, डॉ. प्रमोद पाण्डे, प्रकाश चंद्र पपनै सहित अन्य स्टाफ ने संयुक्त रूप से हुकुम सिंह को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्य पाण्डे ने महाविद्यालय में उनके द्वारा किए गए कर्तव्यनिष्ठ सहयोग एवं अनवरत सेवा की सराहना की और प्रशस्ति-पत्र सौंपा। प्राध्यापकों ने उनके स्वस्थ, समृद्ध जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना कर सेवानिवृत्त होने पर बधाई दी। विदाई समारोह के उपरान्त महाविद्यालय परिवार ने ढोल नगाड़ों के साथ हुकुम सिंह को उनके स्थानीय निवास तक पहुंचाकर सम्मान प्रदान किया।

### पेंटिंग के जरिए सुरक्षित सफर का दिया संदेश

**रामनगर :** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत मुख्य अतिथि एआरटीओ सुरेंद्र सिंह कपकोटी और सीनियर असिस्टेंट गुलशन कुमार ने यातायात नियमों की बारीकियां समझाईं। प्रधानाचार्या डॉ. नलिनी श्रीवास्तव ने बच्चों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करने को ऐसे आयोजनों को जरूरी बताया। कविता एवं भाषण प्रतियोगिता में हरसिमरत कौर, कनक वैला, समृद्धि भट्ट, यानी भंडारी, आकृति जोशी, इशिता, अशप्रीत कौर, एवं पलक रहे तथा पेंटिंग में त्रिवेणिका, अंशिका, आराध्या, कृतिका खाती, गीत रावत, लवी सिंह, आलशिफा, आरुषि, आनिया सक्सैना एवं सोबी खान पुरस्कृत हुए।



**बीच सड़क बाघ :** जंगल का राजा बाघ दिन के समय अचानक दोपहिया वाहन सवारों के सामने आ गया। जरा सोचिए क्या मनोदशा रही होगी बाइक सवारों की? अगर आप भी जंगल के रास्ते निकल रहे हैं तो चौकन्ना रहें। बीते शुक्रवार शाम को रामनगर में सीतावनी पाटकोट मार्ग पर भंडार पानी से पहले यह फोटो वाइल्ड लाइफ फोटो ग्राफर दीप रजवार ने अपने कैमरे में कैद करते हुए बाइक सवारों को जंगल में सचेत रहने का संदेश दिया है।

### 21 फरवरी से 20 मार्च तक चलेंगी परीक्षाएं, 156 परीक्षा केंद्र संवेदनशील, 6 अति संवेदनशील हुए चिह्नित

# बोर्ड परीक्षा के लिए शिक्षा अधिकारियों ने कसी कमर

संवाददाताः रामनगर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। बोर्ड परीक्षाएं 21 फरवरी से 20 मार्च तक एकल पाली में आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष प्रदेशभर से कुल 2,16,109 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें हाईस्कूल के 1,12,660 तथा इंटरमीडिएट के 1,03,449 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।

बोर्ड परीक्षाओं के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को परिषद मुख्यालय के सभागार में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सभापति एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती ने की।



- दो लाख 14 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में

बैठक में दोनों मंडलों के अपर निदेशक (माध्यमिक), प्रदेश के सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारी तथा संकलन केंद्रों के उप नियंत्रक उपस्थित रहे। बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष प्रदेशभर में कुल 1261 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 156 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील तथा 6 परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील श्रेणी में चिन्हित किया गया है। अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की नकल, अव्यवस्था अथवा अनियमितता की संभावना को पूरी तरह रोका जा सके। परीक्षा सामग्री के सुरक्षित भंडारण एवं सुचारु वितरण के लिए 13 मुख्य संकलन केंद्र तथा 26 उप-संकलन केंद्र स्थापित किए गए हैं। परिषद सचिव विनोद कुमार सिमल्टी ने सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षाओं का संचालन पूर्ण गोपनीयता, सतर्कता एवं अनुशासन के साथ किया जाए। उन्होंने प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, परीक्षा केंद्रों पर प्रभावी निगरानी तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए।

परिषद सचिव विनोद कुमार सिमल्टी ने बताया कि सभापति की अध्यक्षता में परिषद मुख्यालय में सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों एवं उप नियंत्रकों के साथ परीक्षा को लेकर विस्तृत संवाद किया गया है। नकल रोकने के लिए जनपद स्तर पर सचल दलों एवं आंतरिक सचल दलों का गठन किया गया है। इसके साथ ही जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग लिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में अपर सचिव बीएमएस रावत, उप सचिव सुषमा गौरव, प्रभारी वित्त अधिकारी दिनेश चंद्र जोशी, शोध अधिकारी शैलेंद्र जोशी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। परिषद ने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षाओं की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# छोटा कैलाश का शिवरात्रि मेला इस बार अधिक रंगारंग और भव्य होगा

### मंदिर समिति, आदि कैलाश विकास समिति, जिला पंचायत के सहयोग से होगा आयोजन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** 14 फरवरी से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाले आदि कैलाश (छोटा कैलाश) शिवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर मंदिर समिति के अध्यक्ष महिपाल सिंह संभल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुमाऊं के सबसे बड़े मेलों में शुमार शिवरात्रि मेले के आयोजन की तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। मेले के कुछ दिन शेष होने के बावजूद पार्किंग की व्यवस्था न होने को लेकर सदस्यों ने चिंता जाहिर की।

बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, इसलिए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि मेले में सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मंदिर समिति और आदि कैलाश विकास समिति के स्वयंसेवक विभिन्न विभागों के साथ तालमेल बनाकर सहयोग करेंगे। स्वयंसेवक मंदिर के कार्यों, कलश यात्रा एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेकर मेले को भव्य बनाने में सहयोग करेंगे। साथ ही मेले में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने तथा मेले को पॉलीथीन मुक्त बनाने के प्रयास किए जाएंगे। मंदिर परिसर एवं मंदिर तक जाने वाले मार्ग में पेयजल की व्यवस्था आदि कैलाश विकास समिति के सहयोग से की जाएगी। बताया गया कि 14 फरवरी को कलश यात्रा के साथ मेले का शुभारंभ होगा। 15 फरवरी को मेला आयोजित किया जाएगा तथा 16 फरवरी को भंडारा होगा। इसके अतिरिक्त 14 फरवरी की रात्रि को जागरण तथा 15 फरवरी की रात्रि को तपस्या का आयोजन भी किया जाएगा, जिसकी तैयारियां चल रही हैं। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष महिपाल सिंह संभल, आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया, मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष त्रिलोचन पलड़िया, सचिव राघवेंद्र संभल, पूर्व प्रधान हैड़ाखान नवीन पलाड़िया, उपाध्यक्ष महेंद्र मेहता, सुरेश जोशी मौजूद थे।



मेले के आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

#### पार्किंग स्थल का चयन अब तक नहीं

मेले में एक ही दिन करीब दो लाख श्रद्धालु पहुंचते हैं ऐसे में अभी तक पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई है। हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से पार्किंग की समस्या रहती है। ऐसे में मेले के आयोजन को कुछ ही दिन शेष रह गए हैं लेकिन अभी तक पार्किंग का चयन नहीं होना चिंता का विषय है। आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया बताते हैं कि पार्किंग स्थल के चयन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि इस बार लगभग एक लाख दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन के खड़े करने की व्यवस्था करनी होगी।

### गेट मीटिंग के अंतिम दिन गरजे कर्मचारी

**भीमताल :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, जनपद नैनीताल ने प्रांतीय आह्वान पर आज गेट मीटिंग कार्यक्रम के अंतिम दिन कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय में गेट मीटिंग का आयोजन किया। गेट मीटिंग में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर सरकार को अपनी एकजुटता का एहसास कराया तथा 18 सूत्रीय मांगें पूर्ण होने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। सरकार से कर्मचारियों की 18 सूत्रीय मांगों को शीघ्र स्वीकृत किए जाने की मांग की गई।

परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि जनपद के सभी विकास खंडों एवं विकास भवन भीमताल में सफल गेट मीटिंगों के पश्चात आज कार्यक्रम के अंतिम दिन कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में गेट मीटिंग हुई। आंदोलन के द्वितीय चरण के अंतर्गत 7 फरवरी को जिलाधिकारी कार्यालय में धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम की रणनीति पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता प्रांतीय मुख्य संरक्षक बहादुर सिंह बिष्ट ने की। कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष मोहित सनवाल, जगदीश चंद्र, शैलजा वर्मा, संजीव राम, रंजीत कर्ता, दीपक बिष्ट, गणेश सिंह, कुलदीप, अभिराम पंत, पूरन पाठक, यशवंत सिंह, नरेंद्र सिंह नैनवाल, अकरम अली, बिमला बिष्ट, एल.डी. आर्या, इंदर आर्या आदि रहे।

# गुरु वंदन कार्यक्रम में गुरु और शिष्य हुए सम्मानित



रामनगर में छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक एवं अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

- भारत विकास परिषद का गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

**अमृत विचारः** भारत विकास परिषद द्वारा बीते दिनों संपन्न कराए गए 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' एवं 'भारत को जानो' प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुओं और शिष्यों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चंद्र पाण्डे ने बताया कि परिषद की ओर से 'गुरु वंदन छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम में दो अध्यापकों, रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव कुमार शर्मा तथा अंग्रेजी प्रवक्ता चेतन स्वरूप को सम्मानित किया गया। साथ ही छात्रों में चेतन गोस्वामी तथा प्रशस्ति करगेती का अभिनंदन किया गया। वहीं, भारत को जानो प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में चेतन गोस्वामी, यशस्वी फुलेरिया एवं नमन अधिकारी, जूनियर वर्ग में सारा कुरैशी, मोहम्मद फरहान एवं अंश को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी अत्यंत ज्ञानवर्धक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित की जानी चाहिए। इस अवसर पर चारु चंद्र तिवारी, गौरव शर्मा, के.के. फुलेरा, नेहा गुप्ता तथा भारत विकास परिषद के अंशुल अग्रवाल, अखिल मित्तल और गौरव अग्रवाल मौजूद रहे।

# छात्रों के लिए इंटर्नशिप अवसरों व अनुसंधान की संभावनाओं पर जोर

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** प्रेक्षणीय विज्ञान में तकनीकी प्रगतिः वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की दिशा विषय पर आयोजित कार्यशाला का समापन ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर व आर्यभट्ट प्रेक्षणीय विज्ञान अनुसंधान संस्थान (एरीज), नैनीताल के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

समापन सत्र के दौरान प्रो. (डॉ.) पुष्पा नेगी ने पिछले पांच दिनों की गतिविधियों पर आधारित संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें तकनीकी सत्रों, संस्थागत भ्रमणों एवं सहयोगात्मक चर्चाओं के प्रमुख बिंदुओं को रेखांकित किया गया। एरीज के निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के साथ चल रही संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों की सराहना की। वहीं ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर के निदेशक प्रो. (कर्नल) एके नायर ने कहा कि ग्राफिक एरा और एरीज के बीच पिछले वर्षों में आपसी विश्वास एवं अकादमिक सामंजस्य लगातार सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने भीमताल परिसर में आयोजित तृतीय कार्यशाला एवं यूआरएसआई सम्मेलन के बाद और अधिक मजबूत हुए सहयोग का उल्लेख किया। एरीज के वैज्ञानिक-जी एवं इंजीनियरिंग डिवीजन के अध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार ने ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के बी.टेक छात्रों के लिए इंटर्नशिप अवसरों तथा संयुक्त अनुसंधान की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। परिसर के प्रभारी वैज्ञानिक-एफ डॉ. सौरभ शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



ग्राफिक एरा भीमताल में कार्यशाला के समापन पर मौजूद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

# बीआरसी भवन के निर्माण में उदासीनता पर रोष जताया

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचारः** नैनीताल जिले के दूरस्थ विकासखंड ओखलकांडा में सितंबर माह में आई भीषण आपदा के दौरान ध्वस्त बीआरसी / वर्तमान उपखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। इस आपदा में कार्यालय में रखी करोड़ों रुपये की शासकीय संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा, कई अभिलेख एवं दस्तावेज भी नष्ट हो गए।

आपदा के समय सामाजिक कार्यकर्ता रवि गोस्वामी एवं उनकी टीम ने जान जोखिम में डालकर ध्वस्त भवन से कई महत्वपूर्ण फाइलें व दस्तावेज सुरक्षित बाहर निकाले। आपदा के बाद कुछ समय तक उपखंड शिक्षा अधिकारी का कार्यालय नजदीकी जूनियर हाई स्कूल के एक कक्ष में अस्थायी रूप से संचालित किया गया। इसके बाद कार्यालय को माध्यमिक शिक्षा खंड ओखलकांडा कार्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया। इस बीच क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि उपखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का पुनर्निर्माण उसी स्थान पर किया जाना चाहिए था, लेकिन विभाग एवं शासन-प्रशासन की लापरवाही के चलते अब तक न तो क्षतिग्रस्त दीवार के निर्माण के लिए धन स्वीकृत हुआ है और न ही बीआरसी भवन के पुनर्निर्माण को कोई बजट जारी किया गया है। वहीं रवि गोस्वामी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि शीघ्र ही क्षतिग्रस्त दीवार एवं भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई, तो वे धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

# जय मोहन कॉलेज के विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

- कक्षा आठ के 19 छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण की परीक्षा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** शिक्षा विभाग, उत्तराखंड एवं भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय छात्रवृत्तियों (एनएमएमएस) में जय मोहन इंटर कॉलेज, कानियां, रामनगर के कक्षा आठ के 19 छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी इसी विद्यालय से 19 विद्यार्थियों का चयन हुआ था।

शनिवार को विद्यालय समारोह में विद्यालय के प्रबंधक अमन जोशी, संरक्षक गोपाल दत्त जोशी, प्रधानाचार्य एमडी तेवाड़ी एवं उप प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह मनराल ने चयनित छात्र-छात्राओं मनन रावत, आयुष रावत, लक्की कारगेती, लक्षिका गड़िया, कृष्णा चंदोला, अनुष्का पांथरी, मनीष सनवाल, साक्षी बोरा, दक्ष अधिकारी, एकता जोशी, पार्थ करगेती, हर्षिता बोरा, धनुष राणा, लतिका नेगी, पूजा नेगी, यश नैलवाल, दक्ष बोरा, आयात उस्मानी, विशाखा बोरा को सम्मानित किया और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शिक्षक भुवन चंद्र तिवारी, प्रमोद कुमार बनकोठी, गौरव रावत, राकेश चंद्र तथा अध्यापिकाएं प्रभा खुल्वे, कुमारी निशा सैनी रहे।



राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**सम्मेलन** — रामगंगा नदी के संरक्षण को लेकर आयोजित सम्मेलन में जलीय जीवों एवं सहायक नदियों की सुरक्षा की भी हुई वकालत

# कॉर्बेट की लाइफ लाइन रामगंगा नदी के संरक्षण को लेकर मंथन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा मरचूला क्षेत्र स्थित एक रिसॉर्ट में एक दिवसीय रामगंगा कॉन्वर्जेंस सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें कॉर्बेट की लाइफ लाइन कही जाने वाली रामगंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता और जल प्रदूषण रोकने की दिशा में गहन मंथन किया गया।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य रामगंगा के संरक्षण, संवर्धन, जल गुणवत्ता में सुधार, प्रदूषण की रोकथाम तथा जलीय जीवों की जैव विविधता के अध्ययन पर व्यापक रणनीति बनाना था। विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से नदी और उससे जुड़ी जैव विविधता के निरंतर अनुश्रवण तथा डेटा आधारित संरक्षण रणनीति पर जोर दिया। साथ ही, जन-सहभागिता को इस अभियान की सबसे मजबूत कड़ी बताते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया गया।

**तकनीकी सत्रों में चुनौतियों पर चर्चाः** सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों द्वारा चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

प्रेजेंटेशन के माध्यम से रामगंगा की वर्तमान स्थिति, चुनौतियां और समाधान प्रस्तुत किए गए। इन सत्रों में सहायक नदियों के विस्तृत सर्वेक्षण, जल गुणवत्ता निगरानी और प्रदूषण के स्रोतों पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और जिला प्रशासन के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है।



रामगंगा नदी के संरक्षण को लेकर आयोजित सम्मेलन में कार्बेट के निदेशक के साथ विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

#### बनेगा स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर

अपराह्न सत्र में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला की अध्यक्षता में खुली चर्चा हुई। इसमें रामगंगा को उसके प्राकृतिक स्वरूप में पुन: स्थापित करने के लिए ठोस सुझाव सामने आए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामगंगा संरक्षण को एक एसओपी तैयार की जाएगी। तकनीकी, फील्ड और विशेषज्ञ टीमों का गठन कर डेटाबेस विकसित किया जाएगा। भविष्य की कार्यवाही के लिए सभी विभागों और संस्थाओं के बीच समन्वय हेतु एक ई-मेल ग्रुप बनाया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से निदेशक, कॉर्बेट डॉ. साकेत बडोला, डीएफओ कालागढ़ टाइगर रिजर्व तरुण श्रीधरा, डॉ. जेए. जॉनसन, सुरेश बाबू (सीनियर डायरेक्टर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, डॉ. मिराज अनवर, डॉ. नीलम रावत, डॉ. एचएस बर्गली, अजय कुमार व शंकर दत्त (श्रमयोग) सहित वन विभाग एवं विभिन्न संस्थाओं के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# शिविर में दो दर्जन से अधिक समस्याओं का निराकरण

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आज विकास खंड रामगढ़ के बिचखाली में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक न्याय पंचायत में इन शिविरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनता की विभागीय समस्याओं का एक ही स्थान पर निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि विकास खंड रामगढ़, भीमताल और बेतालघाट में किसी भी पूर्ति निरीक्षक की स्थायी तैनाती न होने के कारण स्थानीय जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इस शिविर में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 32 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एआरओ सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार से प्राप्त सूची और शासन के निर्देशों के अनुसार, जो लोग अब पात्रता की श्रेणी में नहीं आते हैं, उनके राशन कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन निरस्त कार्डों के स्थान पर अब सभी पात्र लाभार्थियों के नए राशन कार्ड बना दिए गए हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रामगढ़ दीपक कुमार, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, खंड विकास अधिकारी शुभम अग्रवाल, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

सिटी ब्रीफ

## नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स वॉक रेस में गिरीश ने जीता गोल्ड



**हल्द्वानी :** राजस्थान के अजमेर में आयोजित सातवीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शहर के शिक्षक गिरीश चंद्र जोशी ने 5000 मी वॉक रेस में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने वॉकरेस में सभी वर्गों में आगे रहकर रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के साथ ही देश के 25 राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया। बीते शुक्रवार से शुरू हुई प्रतियोगिता सोमवार तक चलेगी। गिरीश चंद्र जोशी वर्तमान में राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भी हैं। वह व्यायाम शिक्षक हैं और इससे पूर्व भारतीय सेना में पैदल चाल के सर्वोच्च खिलाड़ी रह चुके हैं।

## व्यापार मंडल को सौंपा नवीनीकरण प्रमाण-पत्र

**हल्द्वानी :** उपनिबंधक कार्यालय के रजिस्ट्रार सूर्यप्रताप सिंह ने प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल का रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण प्रमाण पत्र संगठन के पदाधिकारियों को प्रदान किया। प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद प्रांतीय महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण ने बताया कि संगठन 1985 से व्यापारी हितों के लिए संघर्ष कर रहा है।

यह प्रदेश का एकमात्र रजिस्टर्ड व्यापारी संगठन है, जो बिना किसी दलगत राजनीति के व्यापारियों और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता है। राजेन्द्र फर्स्वाण ने बताया कि 40 साल पूर्व जिन वरिष्ठ व्यापारी नेताओं ने इस संगठन की नींव रखी थी, वे आज भी संगठन से जुड़े हैं। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता रणनीति सलाहकार दीपक माहेश्वरी, युवा अध्यक्ष कुंदन रावत आदि मौजूद रहे।

### प्राधिकरण ने चार परियोजनाओं के लिए लागत के हिसाब से एक-एक चौथाई रकम का कर दिया भुगतान

# नैनीताल के विकास को ढाई अरब रुपये की बूस्टर डोज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



- डीडीए ने छह प्रोजेक्ट्स की डीपीआर शासन को भेजी
- शासन से हरी झंडी मिलने पर होगा नये प्रोजक्ट पर काम

**अमृत विचार :** अब तक आमजन के निशाने पर रहने वाला जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, नैनीताल जनपद में विकास परियोजनाओं को रफ्तार देने के लिए ढाई अरब से अधिक की आर्थिक मदद करेगा। शुरुआती चरण में चार अलग-अलग परियोजनाओं के लिए लागत के हिसाब से एक-एक चौथाई रकम का भुगतान कर दिया है जबकि छह प्रोजेक्ट्स की डीपीआर शासन को भेजी जा चुकी है।

जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों लालकुआं, कालाढूंगी, रामनगर, नैनीताल व हल्द्वानी में विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से कई विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं, कई परियोजनाओं की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी गई है। इधर, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की ओर से स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इंवेस्टमेंट (एसएएससीआई) 2025-26 के तहत इनके लिए फंडिंग की जानी है। इन परियोजनाओं में चार में प्राधिकरण की ओर उनकी लागत के अनुसार 25-25 प्रतिशत की रकम भी जारी कर दी है। वहीं, छह प्रोजेक्ट्स की डीपीआर बनाकर शासन को भेज दी गई है, शासन से हरी झंडी मिलने के बाद उन पर भी काम किया जाएगा। वहीं नगर निगम की ओर से नए शहरी वार्डों में सड़क सुधारीकरण के लिए नगर निगम की ओर से 7.628 करोड़ का प्रस्ताव बनाया है, जिसके लिए नगर निगम लगातार बजट मांग रहा है लेकिन अभी तक राशि नहीं दी गई है।

**इन परियोजनाओं की डीपीआर को हरी झंडी का इंतजार**

| क्रमांक | प्रोजेक्ट्स के नाम | लागत | कार्यदायी संस्था |
|---|---|---|---|
| 1. | मंगल पड़ाव शॉपिंग कांपलेक्स निर्माण | 51.44 करोड़ | जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण |
| 2. | नैनीताल में यूटिलिटी शिफ्टिंग | 9.60 करोड़ | पीडी लोनिवि डिवीजन |
| 3. | लालकुआं में टू-लेन सड़का निर्माण | 35.06 करोड़ | निर्माण खंड लोनिवि हल्द्वानी |
| 4. | कठघरिया-कमलुवागांजा में नहर कवरिंग के बाद सड़क निर्माण | 19.83 करोड़ | निर्माण खंड लोनिवि हल्द्वानी |
| 5. | रामनगर में बाईपास व नहर कवरिंग | 25.655 करोड़ | निर्माण खंड लोनिवि रामनगर |
| 6. | रामनगर में जीआईएस आधारित ड्रेनेज प्लान | 53.15 करोड़ | सिंचाई विभाग रामनगर |

**इन प्रोजेक्ट्स के लिए दिया है बजट**

- हल्द्वानी में 20.215 करोड़ से अंदरुनी सड़कों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12.2125 करोड़ के एवज में 25 प्रतिशत का भुगतान किया गया। कार्यदायी संस्था लोनिवि निर्माण खंड है।
- लोनिवि निर्माण खंड की ओर से 23.74 करोड़ से आईटीआई से रामपुर रोड तक नहर कवरिंग व सड़क चौड़ीकरण प्रस्तावित है। इस वर्ष के 13.74 करोड़ के लिए 10 करोड़ का भुगतान किया है।
- हल्द्वानी शहर के विभिन्न चौराहों के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के 5.2267 करोड़ के प्रस्ताव में 25% राशि का भुगतान किया गया।
- नरीमन व लामाचौड़ चौराहों के सुधारीकरण, जेल तिराहे से जीजीआईसी तक सड़क चौड़ीकरण के 6.8045 करोड़ के प्रस्ताव के एवज में लोनिवि निर्माण खंड को 25 प्रतिशत राशि जारी की है।

# 38 वें राष्ट्रीय खेल के एक साल बाद भी नहीं मिला वॉलंटियर्स को भुगतान

### खेलों में नियुक्त वॉलंटियर्स व अन्य लोगों ने आयुक्त दीपक रावत से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



कैंप कार्यालय में जन समस्याएं सुनते आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में सुनवाई की। इसमें ऊधम सिंह नगर में फर्जी एससी प्रमाण पत्र बनाने, 38 वें राष्ट्रीय खेल के समापन के एक वर्ष बाद भी वॉलंटियर्स का भुगतान नहीं होने जैसी समस्याएं आईं। आयुक्त ने अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया और बाकी के लिए अगली तिथि दी है।

जनसुनवाई में 38 वें राष्ट्रीय खेल में लगाए गए वॉलंटियर्स ने बताया कि हल्द्वानी व भीमताल में हुई खेल प्रतियोगिताओं में 85 वॉलंटियर्स की नियुक्ति की गई थी लेकिन एक साल बाद भी उनका भुगतान नहीं किया गया है। कंपनी पर लगभग 36 लाख रुपये का बकाया है। इस पर आयुक्त ने खेल उपनिदेशक, जिला क्रीड़ाधिकारी एवं कंपनी अधिकारियों को तलब किया। कंपनी अधिकारी ने बताया कि वॉलंटियर्स को इवेंट कंपनी की ओर से भुगतान नहीं किया गया है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि वॉलंटियर्स की नियुक्त कंपनी ने की है, इसलिए भुगतान भी कंपनी ही करेगी। इस पर कंपनी प्रतिनिधि ने लिखित में 1.5 लाख की धनराशि 10 दिनों में तथा 1.5 लाख की 14 फरवरी तथा बकाया जल्द देने का आश्वासन दिया। इस प्रकरण में आयुक्त ने कंपनी के एमडी को एक सप्ताह के भीतर तलब किया है, साथ ही कहा कि 14 फरवरी तक शतप्रतिशत भुगतान नहीं होने पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। एक शिकायतकर्ता ने बताया कि ऊधम सिंह नगर की तहसील किच्छा में ओबीसी लोगों के फर्जीवाड़ा कर अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र बनाए गए। इन फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर कई लोगों ने सरकारी नौकरी भी हासिल कर ली है। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया गया कि उक्त शिकायत को सीएम पोर्टल एवं संबंधित अधिकारियों से की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस पर आयुक्त ने एडीएम पंकज उपाध्याय को तलब किया और निर्देश दिए कि इस कृत्य में जो भी लिप्त पाया जाता है, उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। खनस्यूं निवासी मुकुल सिंह ऐरी सितंबर-2025 तक उनके आवास पर पानी आ रहा था लेकिन अक्टूबर 2025 के पश्चात पानी नहीं आया। जलसंस्थान से शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस पर आयुक्त ने ईई व जेई को तलब कर तुरंत पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस पर ईई ने मौके पर ही कर्मचारी भेजकर पेयजल सुचारू कराया और वीडियो से इसकी जानकारी दी।

शिकायकर्ता ने बताया कि रुद्रपुर में दानपुर क्षेत्र के अन्तर्गत 24 लोगों ने भूमि क्रय की। भूमि की रजिस्ट्री एवं दाखिल खारिज हो गया है लेकिन कॉलोनाइजर कब्जा नहीं दे रहा है। आयुक्त ने रुद्रपुर एसडीएम एवं तहसीलदार को जांच व कब्जा दिलाने के निर्देश दिए।

## युवा संसद प्रतियोगिता का किया आयोजन

**हल्द्वानी :** कालाढूंगी रोड स्थित पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जीजीआईसी बनभूलपुरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीजीआईसी हरिपुरजमन सिंह द्वितीय और जीजीआईसी मोतीनगर की टीम तीसरे स्थान पर रही।

राजनीति विज्ञान उत्कृष्टता केंद्र, डायट, भीमताल की ओर से आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता में विपक्षी सांसद बने विद्यार्थियों ने सड़क, महंगाई, बेरोजगारी, पलायन, आवारा पशुओं की समस्या, महिला हिंसा, नई शिक्षा नीति आदि ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरा। वहीं, प्रधानमंत्री और अन्य मंत्री बने विद्यार्थियों ने तर्कसंगत उत्तर देकर सरकार का बचाव किया। प्रतियोगिता में 10 स्कूलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने किया। मेयर ने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता से विद्यार्थी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझ पाएंगे और लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान देंगे। ब्लॉक स्तर पर प्रथम रही टीम 10 फरवरी को भीमताल में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

# डीके स्पोर्ट्स ने बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी को हराया



विजेता क्रिकेट टीम के खिलाड़ी अतिथियों के साथ। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का शनिवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में डीके स्पोर्ट्स और बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।

डीके स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 40 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 358 रन बनाए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी की टीम 28वें ओवर में 83 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी और डीके स्पोर्ट्स ने 275 रनों से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डीके स्पोर्ट्स के बल्लेबाज हार्दिकराज को दिया गया। इस मौके पर कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया आदि लोग उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि आज जीएनजी क्रिकेट एरैना में डीके स्पोर्ट्स और तन्मय क्रिकेट अकादमी और कोर्बेट क्रिकेट ग्राउंड चकलुवा में काठगोदाम क्रिकेट अकादमी और गोल्डन क्रिकेट अकादमी के बीच सुबह 9 बजे से खेला जाएगा।

## ईश्वर तर्क नहीं प्रत्यक्ष दर्शन का विषय

**हल्द्वानीः** एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आयोजित शिव कथा के तीसरे दिन शनिवार को सती प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया गया। कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर ने भजनों और चौपाइयों के माध्यम से भक्तों को अध्यात्म का सार समझाया।

कथा प्रसंग सुनाते हुए डॉ. सर्वेश्वर ने कहा कि जब भगवान शिव माता सती के साथ अगस्त्य मुनि के आश्रम में राम कथा सुनने गए, तो तर्क बुद्धि के कारण सती कथा के मर्म को समझ नहीं पाईं। प्रभु श्री राम को साधारण नर-लीला करते देख उनके मन में संशय पैदा हो गया कि परब्रह्म शरीर कैसे धारण कर सकता है। व्यास डॉ. सर्वेश्वर ने स्पष्ट किया कि ईश्वर तर्क या बहस का विषय नहीं है, बल्कि वह प्रत्यक्ष अनुभव और दर्शन का विषय है। इस मौके पर बाल किशन, सपना अग्रवाल, दिव्या रावत, रविंद्र सिंह रावत, अंकित शर्मा, गीता भालोठिया, प्रमोद नैनवाल, जितेंद्र साहनी, सुरेश मित्तल, राजेश अग्रवाल, भगवान सहाय, शशि सिंह और विमल रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## हनुमान कथा में बही भक्ति की गंगा

**हल्दूचौड़:** यहां हनुमान मंदिर में श्री हनुमान कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर व्यास आचार्य सतीश लोहनी ने कहा कि हनुमान की कृपा के लिए कर्म शुद्ध, भाषा शुद्ध, विचार शुद्ध और द्रव्य शुद्ध (ईमानदारी से धन अर्जन) जरूरी है।

कथा में देवीदत्त बमेटा, दिनेश चंद्र मिश्रा, मंदिर पुजारी प्रकाश चंद्र जोशी, पंडित गणेश जोशी, आचार्य राजेश जोशी, कमल तिवारी, कैलाश चंद्र जोशी, हरिदत्त कांडपाल, मेजर जनरल कविंदर सिंह, सौरव अग्रवाल, मंदिर समिति के संरक्षक उमेश चंद्र कबड़वाल, अध्यक्ष कैलाश चंद्र दुम्का, उपाध्यक्ष दयाकिशन दुम्का, सचिव बालाकृण दुम्का, कोषाध्यक्ष खीमानंद तिवारी, लेखानिरक्षक दयाकिशन बमेटा, उप सचिव भुबन कबड्वाल रहे।

# आयकर मुक्त सीमा 12 से बढ़ाकर 15 लाख हो

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश जीएसटी प्रभारी डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने बजट को लेकर कहा कि सरकार को वर्तमान में आय की कर मुक्त सीमा को 12 लाख से बढ़ाकर 15 लाख किया जाए।



डॉ. प्रमोद अग्रवाल।

व्यापारियों को जीएसटी के मकड़जाल से मुक्ति दिलाने को सरलीकरण किया जाना चाहिए। अभी व्यापारी जीएसटी की कार्यवाही में पूरी तरह उलझ चुका है। ई-वे बिल की सीमा को 50 हजार से बढ़कर दो लाख किया जाना चाहिए। जीएसटी के नक्शे मासिक के स्थान पर सभी व्यापारियों के लिए तिमाही आधार पर भरे जाने की व्यवस्था होनी चाहिए। इससे छोटे-बड़े, मध्य सभी वर्ग के व्यापारियों को राहत मिलेगी। हाउसिंग और एजुकेशन लोन पर ब्याज दरों में कमी की जाए क्योंकि मध्यम व निम्न वर्ग सभी के लिए आवास व शिक्षा के लिए लोन लेकर चुकाना बहुत भारी पड़ता है। जीएसटी में पंजीकृत और इनकम टैक्स देने वाले 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व्यापारियों के लिए कम से कम पांच हजार रुपये प्रति महीने की पेंशन योजना लागू की जाए।

## 13 लोगों को मिलेगा आनन्दश्री सम्मान

**हल्द्वानीः** हिमालय संगीत शोध समिति की ओर से आगामी 22 फरवरी को हिमालय के लोक व्यवहार में कला और विज्ञान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 13 लोगों को आनंदश्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

शनिवार को समिति के सभागार में हुई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। फली सिंह दताल और डॉ. पंकज उप्रेती ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. जीवन सिंह तितियाल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल, राज्य मंत्री नवीन चंद्र वर्मा और सेवानिवृत्त सहायक कमिश्नर अशोक सिंह गर्ब्याल शिरकत करेंगे।

बोर्ड परीक्षा | परीक्षा से पहले तनाव में आ रहे विद्यार्थियों को विशेषज्ञों ने दी सलाह

# स्ट्रेस न लें, स्मार्ट स्टडी और सेहत पर दें ध्यान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं, जिनमें अब तीन सप्ताह का ही समय शेष है। 20 मार्च को बोर्ड की अंतिम परीक्षा होगी। एक माह तक चलने वाली परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को पहले से ही तैयार रहने की जरुरत है।

परीक्षा नजदीक आते ही अधिकांश विद्यार्थी तनाव में आ जाते हैं और देर रात तक जागकर पढ़ाई करने लगते हैं। इसका सीधा असर उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर पड़ता है। अधिकांश विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा का शेड्यूल जारी होने का इंतजार करते हैं। जैसे ही शेड्यूल जारी होता है, वे देर रात तक जागकर पढ़ाई करना शुरू कर देते हैं। जिस दौरान वह अपनी सेहत को नजरअंदाज कर गलत खानपान करते हैं। साथ ही छात्र कीमती समय रील्स देखने, ऑनलाइन गेम खेलने, मूवी देखने या अन्य कामों में बर्बाद करते हैं। मुख्य शिक्षाधिकारी जीआर जायसवाल ने बताया कि बोर्ड अभ्यर्थियों को जरूरत है कि वे एक रूटीन बनाएं। जिसमें कठिन और आसान विषयों को पढ़ने के लिए समय निर्धारित कर सकते हैं। घंटों तक बैठकर पढ़ने के बजाय हर 40-50 मिनट के बाद 5-10 मिनट का ब्रेक लेना जरूरी है।

### टाइम मैनेजमेंट के साथ करें रिवीजन पर फोकस: गिरीश

बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर शिक्षक गिरीश चंद्र जोशी ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सलाह दी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा का शेड्यूल जारी होने के बाद विद्यार्थियों को नए टॉपिक पढ़ने के बजाय रिवीजन पर अधिक ध्यान देना चाहिए। साथ ही देर रात तक जागकर पढ़ाई करने के बजाय क्वालिटी स्टडी पर फोकस करना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को टाइम मैनेजमेंट के साथ पढ़ाई करने और अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। विद्यार्थियों को सभी विषयों को प्राथमिकता के आधार पर रिवाइज करना चाहिए। प्रत्येक विषय के नोट्स लिखकर पढ़ने से महत्वपूर्ण बातें याद रहती हैं, जिससे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है।

### पढ़ाई के साथ मनोरंजन भी जरूरी: डॉ. युवराज

मेडिकल कॉलेज के मनोविज्ञानी डॉ. युवराज पंत ने कहा कि परीक्षा तिथि घोषित हो चुकी है, ऐसे में बच्चों को यह समझना चाहिए कि यह भी जीवन में होने वाली अन्य परीक्षाओं की तरह ही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के समय विद्यार्थी खुद को पूरी तरह घर में बंद कर केवल पढ़ाई तक सीमित न रखें। डॉ. पंत ने सलाह दी कि पढ़ाई के साथ-साथ हल्का मनोरंजन भी जरूरी है। इसके अलावा विद्यार्थियों को थोड़ा खेलकूद और व्यायाम भी करना चाहिए, जिससे मानसिक तनाव कम हो सके। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर तनाव बिल्कुल न लें और यदि किसी प्रकार की मानसिक परेशानी महसूस हो तो बिना संकोच डॉक्टर की सलाह जरूर लें।



# रोडवेज परिसर में मकान पर चली जेसीबी

## कब्जा धारक की अधिकारियों के साथ तीखी नोकझोंक, बिना नोटिस मकान ध्वस्त करने का लगाया आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवहन निगम प्रबंधन ने रुद्रपुर डिपो परिसर में स्थित भूमि पर काबिज एक परिवार का मकान जेसीबी से ध्वस्त कर दिया है। कार्रवाई के दौरान कब्जा धारक की अधिकारियों के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। वहीं कब्जा धारक ने प्रशासन पर न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने का भी आरोप लगाया। साथ ही कहा कि बिना नोटिस दिए ही निगम प्रबंधन ने मकान को ध्वस्त कर दिया। जिसको लेकर न्यायालय जाने की चेतावनी भी दी।

यहां बता दें कि रुद्रपुर डिपो का विस्तारीकरण किया जा रहा है। पूर्व में स्टेशन परिसर में करीब 14 मकान कर्मचारियों के लिए बनाये गये थे। इसमें 13 मकानों को पुलिस एवं राजस्व प्रशासन ने मिलकर मार्च माह में ध्वस्त कर दिया था और अपनी चार एकड़ रोडवेज भूमि पर अधिकार जताते हुए चौहद्दी भी कर दी थी। इसके बाद फिर एक बार रोडवेज प्रबंधन ने चारदीवारी के पीछे स्थित कुछ मकानों पर अपना अधिकार जताया। जिसमें दीवार से सटा पवन सक्सेना का मकान भी था। यहां पवन अपनी बूढ़ी मां व पत्नी के साथ रहते है।

वर्ष 2021 में नोटिस आने के बाद मामला न्यायालय में चला गया और अदालत ने यथास्थिति रखने का आदेश दिया। वहीं शनिवार की सुबह आरएम परिवहन विभाग पूजा जोशी, एआरएम राजेंद्र कुमार आर्या, एआरएम श्रीराम कौशल, एआरएम वित्त राजकुमार, एआरएम गणेश पंत, एआरएम संजय पाठक भारी पुलिस फोर्स के साथ रुद्रपुर डिपो पहुंचे। टीम ने जब मकान को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की तो इसकी भनक लगते ही परिवार के परिचित भी आए। इस दौरान उनकी टीम के साथ नोकझोंक भी हुई। लेकिन टीम ने एक नहीं सुनी और मकान को ध्वस्त कर दिया।

वहीं कब्जा धारक ने कोर्ट की अवहेलना का हवाला देते हुए न्यायालय में याचिका दायर करने की चेतावनी दी।


रोडवेज से सटे मकान को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

> जिस स्थान पर मकान को ध्वस्त किया है। वह जगह रोडवेज परिसर का अधिकृत स्थान है। जिसको लेकर 13 मकानों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान भी जल्द खाली करने का आदेश दिया गया था और नोटिस देकर सूचित भी किया। बावजूद कब्जा धारक मकान बनाकर कब्जा किए हुए था। बार-बार हिदायत देने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नियमानुसार की गई है। मकान रोडवेज कार्यशाला की परिधि में आता है।
>
> **-श्रीराम कौशल**, एआरएम, रुद्रपुर डिपो

### दबंगई के बल पर किया गया ध्वस्तीकरण: चौधरी



**रुद्रपुर:** अपने परिचित पवन सक्सेना के बुलावे पर आए आरटीआई कार्यकर्ता भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि रोडवेज की अधिकृत भूमि चार एकड़ थी। जिस पर कब्जा भी हो चुका है, लेकिन जिस स्थान का जिक्र रोडवेज प्रबंधन ने खसरा नंबर में किया है। वह स्थान खसरा नंबर में आता ही नहीं है। बावजूद बलपूर्वक चारदीवारी को तोड़कर मकान को ध्वस्त किया गया है।

**- भूपेंद्र चौधरी**, आरटीआई कार्यकर्ता

### 2021 के बाद नहीं आया कोई नोटिस



रुद्रपुर। कब्जाधारी पवन सक्सेना ने बताया कि रोडवेज की चारदीवारी की स्थिति देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जगह कितनी पुरानी होगी, जबकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। निचली अदालत ने यथास्थिति का आदेश भी दिया है। वर्ष 2021 में महज एक नोटिस आया था। उसके बाद से कोई भी नोटिस नहीं दिया। इससे साफ है कि अफसरशाही को अदालत का खौफ नहीं और जनता की बेबसी से कोई सरोकार नहीं है।

**-पवन सक्सेना**, कब्जाधारक

# स्कूटी सवार पर हमला कर बदमाशों ने की लूटपाट

**रुद्रपुर:** स्कूटी सवार व्यक्ति पर हथियारबंद बदमाशों ने हमला कर अधमरा कर दिया और फिर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। कोई सुनवाई नहीं होने पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फुलसुंगा निवासी सौरभ शर्मा की शिमला बहादुर में दुकान है। 29 नवंबर की रात्रि 11 बजे वह अपनी दुकान शिमला बहादुर से स्कूटी से लौट रहा था कि तभी सुच्चा बदमाश नाम का व्यक्ति अपने साथियों से खड़ा था और देखते ही हमलावर हो गया। बदमाशों ने उसे बेरहमी से पीटा और कई बार चाकू से प्रहार कर जान से मारने का प्रयास भी किया। बदमाशों ने उसका आई फोन, एक तोले सोने की चेन और 40 हजार की नगदी भी लूट ली थी।

घायल अवस्था में उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया और घटनाक्रम भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुका था। जब थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई का मुद्दा उठाया तो पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने अदालत में याचिका दायर की। याचिका पर सुनवाई के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दो माह में 30 फीसदी टैक्स वसूली का लक्ष्य

- **अब तक नगर निगम कर चुका है 70 फीसदी हाउस टैक्स वसूल**
- **नगर के तहत हाउस टैक्स धारकों की संख्या है 23 हजार**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नगर निगम इस वित्तीय वर्ष में हाउस टैक्स धारकों से अब तक लक्ष्य के सापेक्ष 70 फीसदी राजस्व की वसूली कर सकता है। जबकि निगम को 30 फीसदी हाउस टैक्स की वसूली और करनी है। नगर निगम ने फरवरी और मार्च माह के अंत तक शत-प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है। इसके लिए निगम इस सप्ताह वार्डों में शिविर भी लगाएगी।

दरअसल, वर्ष 2018 में नगर निगम का परिसीमन हुआ था। परिसीमन से पूर्व नगर निगम में 20 वार्ड शामिल थे, जबकि परिसीमन के बाद निगम में 40 वार्ड शामिल हो गये थे। हालांकि अभी तक निगम शासनादेश के अनुसार नये 20 वार्डों से कर की वसूली नहीं करता है, जबकि पूर्व के 20 वार्डों से ही निगम भवन कर वसूल करता है। इन वार्डों में भवन कर स्वामियों की संख्या 23000 के करीब है।

नगर निगम के कर पटल के अधिकारियों के अनुसार पिछले साल भवन कर वसूली का लक्ष्य पांच करोड़ रुपये रखा गया था। इसमें करीब 80 प्रतिशत टैक्स की वसूली हुई थी।

वहीं इस बार निगम ने हाउस टैक्स वसूली का लक्ष्य 6 करोड़ रुपये रखने रखा है। लक्ष्य के सापेक्ष निगम अब तक 70 फीसदी हाउस टैक्स की वसूली कर चुका है।



> नगर निगम अब तक लक्ष्य 6 करोड़ के सापेक्ष 70 फीसदी हाउस टैक्स की वसूली कर चुका है। फरवरी और मार्च माह के अंत तक शेष बचे 30 फीसदी हाउस टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए इस सप्ताह वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे और टैक्स की वसूली की जाएगी। ताकि शत-प्रतिशत टैक्स वसूला जा सके।
>
> **-लता आर्या**, कर अधीक्षक नगर निगम रुद्रपुर

# सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा का संकल्प दोहराया

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** वेदांता ग्रुप और हिंदुस्तान जिंक ने अपने सभी व्यापारिक लोकेशन पर जागरूकता के साथ 37वां सड़क सुरक्षा माह और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया। महीने भर चलने वाले इस कार्यक्रम में कंपनी की सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दिखी। जिसमें कर्मी, स्थानीय नागरिक और ड्राइवर सड़क पर एक साथ संचालन व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए एकजुट हुए।

पंतनगर में इस पहल के तहत पुलिस और आरटीओ के साथ बाइक रैली, आंख और पीयूसी कैंप, स्लोगन प्रतियोगिताएं, रोको-टोको कार्यक्रम, रिफ्लेक्टर वितरण, और कम रोशनी की स्थिति में सुरक्षा के लिए ब्लाइंड स्पॉट पर रिफ्लेक्टर लगाना शामिल था। अभियान की शुरुआत एसएसपी यातायात रूद्रपुर निहारिका तोमर, एआरटीओ नवीन कुमार एवं एसबीयू डायरेक्टर पंतनगर हिंदुस्तान ज़िंक अनामिका झा ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखा कर की। जिसमें रक्षात्मक और अनुशासित ड्राइविंग के महत्व पर जोर दिया गया। इस रैली में कर्मचारियों, बिजनेस पार्टनर और स्थानीय अधिकारियों ने भाग लिया। साथ ही कंपनी की ओर से रोको-टोको प्रतियोगिता, श्रमिकों के लिए ब्लाइंड-स्पॉट प्रशिक्षण और अनुपालन को मजबूत करने के लिए व्यवहारिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अलावा परिवारों के लिए प्रशिक्षण, ग्राम जागरूकता कार्यक्रम, वाहन निरीक्षण और अग्निशमन प्रशिक्षण आयोजित किए और मवेशियों के लिए रिफ्लेक्टिव नेक स्ट्रैप लगाए।


जागरूकता रैली को रवाना करतीं एसएसपी यातायात निहारिका तोमर।

# निगम ने नहीं दी अनुमति, महाकौतिक रद्द

- **ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन ने जताया आक्रोश, संस्था दे चुकी थी मंत्रियों को निमंत्रण**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 3 फरवरी से 9 फरवरी को गांधी पार्क में होने वाले महाकौतिक उत्तराखंड रुद्रपुर महोत्सव को नगर निगम द्वारा अनुमति नहीं देने पर निरस्त करना पड़ा। जिसके बाद संस्था से जुड़े पदाधिकारियों ने आक्रोश जताया कि अनुमति नहीं मिलने के कारण पर्वतीय संस्कृति का अपमान हुआ है, जबकि संस्था द्वारा प्रदेश के मंत्री हो या फिर विधायक। सभी को निमंत्रण दिया जा चुका था। बावजूद उत्तराखंड में ही महाकौतिक मनाने की अनुमति लेनी पड़ रही है। यह उत्तराखंडियों के लिए बेहद सोचनीय विषय है।


कैबिनेट मंत्री को निमंत्रण देते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

शनिवार को संस्था के संस्थापक दीपक पांडेय ने बताया कि पिछले तीन महीनों से कड़ी मेहनत के बाद 3 फरवरी से 9 फरवरी को गांधी पार्क में महाकौतिक उत्तराखंड रुद्रपुर महोत्सव का प्रचार-प्रसार किया था। प्रदेश के सीएम के अलावा सभी मंत्रियों और विधायकों को आमंत्रित किया जा चुका है। शनिवार को जब एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम पहुंचा तो निगम ने साफ तौर पर कार्यक्रम करने की अनुमति देने से इंकार कर दिया जो कि उत्तराखंड के लोगों के लिए सोचनीय विषय है। उन्होंने बताया कि महोत्सव में दिल्ली, मुंबई, नोएडा, चंडीगढ, लखनऊ, बरेली व उत्तराखंड सामाजिक दृष्टिकोण रखने वाले कलाकार आने वाले थे और कौमी एकता का संदेश दिया जाना था। लेकिन अनुमति नहीं मिलने के कारण महोत्सव को रद्द करना पड़ा।

> नगर निगम द्वारा किसी भी निजी संस्था को गांधी पार्क में कार्यक्रम कराए जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। कारण कभी भी प्राधिकरण अपना कार्य शुरू कर सकती है। सिर्फ सरकारी कार्यक्रमों को ही अनुमति दी गई है। महाकौतिक उत्तराखंड रुद्रपुर महोत्सव कराने वाली संस्था को किच्छा बाईपास स्थित मैदान में कराने की बात कही थी, लेकिन संस्था द्वारा इंकार कर दिया गया। कार्यक्रम का पहले कोई आवेदन आया था या नहीं, इसकी जांच कराई जाएगी।
>
> **-शिप्रा जोशी पांडेय**, नगर आयुक्त

# वाहन बीमा कंपनी देगी 3.87 लाख का हर्जाना

- **कंपनी नहीं दे रही थी एक्सीडेंट क्लेम, जिला उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एक्सीडेंट क्लेम प्रकरण की सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा एक वाहन बीमा कंपनी को 3.87 लाख रुपये दावा सहित मानसिक क्षति व वाद व्यय का हर्जाना देने का आदेश दिया। फोरम ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अपना निर्णय दिया।

बताते चलें कि गांव जोगीपुरा बाजपुर निवासी मनोज कुमार ने फोरम में दायर याचिका में बताया था कि उसने क्षेत्रीय प्रबंधक भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस से वाहन बीमा कराया था। बीमा एजेंट हुंडई मोटर्स कंपनी रुद्रपुर का था। जिसके बाद उसने अपनी कार संख्या यूपी-22 एडी-2688 का बीमा कराया। जिसकी वैधता 19 अप्रैल 2019 से 18 अप्रैल 2020 थी। 18 मई 2019 को बन्नाखेड़ा से आते वक्त रेटा गांव के समीप कार सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त हो गई और सर्विस सेंटर ने 5.78 लाख रुपये का खर्च बताया। जब बीमा कंपनी को सड़क हादसा दावा मांगा तो कंपनी आनाकानी करने लगी।

प्रकरण की सुनवाई जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष राजीव कुमार खरे, सदस्य नवीन चंद्र चंदोला और डॉ. मनीला की अदालत में हुई। जहां दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फोरम ने वाहन बीमा कंपनी को 45 दिन के अंदर सर्वे करवाकर 3.78 लाख रुपये हादसा दावा, पांच हजार रुपये मानसिक क्षति और दो हजार रुपये वाद व्यय का अदा करने का आदेश दिया।

# चेकिंग अभियान में वाहन किए सीज

**सितारगंज:** परिवहन विभाग ने यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख़्त अभियान चलाया है। विभाग ने सितारगंज में दर्जनों ओवरलोड, ओवरहाइट, बिना फिटनेस के सड़कों पर दौड़ रही वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं, विभाग की इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया। शनिवार को परिवहन विभाग कर अधिकारी तारकेंद्र वैष्णव ने विभिन्न चौक-चौराहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली, बिना फिटनेस डंपर, टैक्स डिफाल्टर सहित दर्जनों वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की है। वहीं, कर अधिकारी तारकेंद्र वैष्णव ने बताया कि परिवहन विभाग का रोड सेफ्टी को लेकर सकारात्मक अभियान जारी रहेगा। बढ़ते कोहरे में सुरक्षित यातायात के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। टीम में गुलाब सिंह, दिनेश कार्तिक, पूजा कौशल और चालक गोकुल शामिल रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत नौ पर बिजली चोरी का मुकदमा

- **अन्य उपभोक्ताओं पर भी हो सकता है मुकदमा दर्ज**
- **विगत दिवस ट्रांजिट कैंप में विजिलेंस-यूपीसीएल की टीम ने की थी कार्रवाई**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शुक्रवार को थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में विजिलेंस और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई की थी। कार्रवाई के दौरान संयुक्त टीम ने भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित नौ उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी करने का मुकदमा दर्ज कराया, जबकि अभी तमाम उपभोक्ताओं पर उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो सकता है।

बताते चलें कि शुक्रवार को बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए देहरादून, हल्द्वानी और रुद्रपुर की यूपीसीएल की संयुक्त टीम ने ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता राजीव चक्रवर्ती के साथ ट्रांजिट कैंप इलाके में छापामार कार्रवाई की थी। इलाके के 201 स्थानों पर हुई छापामार कार्रवाई में संयुक्त टीम ने 41 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए दबोच लिया। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज गुप्ता के कार्यालय पर भी बिजली चोरी होना पाया गया।

कार्रवाई के बाद एसडीएओ अन्नू अरोरा ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को 16 उपभोक्ताओं के खिलाफ तहरीर सौंपी। फिलहाल पुलिस ने भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, राजा कॉलोनी निवासी छोटी देवी, कनल मंडल, राधे श्याम, रामदास, सतीश कुमार, अनिल कुमार, रमनीत कौर, कुलदीप सिंह के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। माना यह जा रहा है कि जिस प्रकार संयुक्त टीम ने 41 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए दबोचा है। जल्द ही उन उपभोक्ताओं को भी मुकदमेबाजी का सामना करना पड़ सकता है।


डॉ. भारद्वाज को विदाई देते सहकर्मी। ● अमृत विचार

### सेवानिवृत्ति पर एसआरओ डॉ. भारद्वाज सम्मानित

**पंतनगर** : विवि में सांख्यिकी के प्राध्यापक और सह निदेशक शोध डॉ. एसबी भारद्वाज अपनी 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूरी करने के बाद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। जिन्हें शोध निदेशालय में समारोह आयोजित कर निदेशक शोध डॉ. एसके वर्मा ने उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और भावभीनी विदाई दी। बता दें कि डॉ. भारद्वाज का जन्म दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र में चार जनवरी 1966 को हुआ था। उन्होंने अपनी इंटर मीडिएट तक की शिक्षा शाहदरा से, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक व मेरठ विश्वविद्यालय से सांख्यिकी में स्नातकोत्तर की उपाधि स्वर्ण पदक के साथ हासिल की। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। वर्ष 2006 में उन्होंने पंतनगर विश्वविद्यालय में बतौर कनिष्ठ शोध अधिकारी (सांख्यिकी) के रूप में अपनी यात्रा आरंभ की थी।

**कार्यालय-नगर पंचायत गूलरभोज, (ऊधम सिंह नगर)**
ई-मेल:-eonpgularbhoj@gmail.com

पत्रांक : 680/2025-26 **-: सार्वजनिक सूचना :-** दिनांक : 31/01/2026

नगर पंचायत गूलरभोज, जनपद- उधम सिंह नगर, द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत) के अनुकुलन एवं उपान्तरण आदेश की धारा 298 (3) लिस्ट जे० के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत गूलरभोज के निर्माण कार्यों के सम्पादन किये जाने के लिए वित्तीय वर्ष-2026-27, 2027-28 एवं 2028-29 (03 वर्ष) हेतु फर्म/ठेकेदारो के पंजीकरण एवं नियन्त्रण के लिये नवीन ठेकेदारी पंजीकरण एवं नवीनीकरण करने हेतु आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं।

अतः निकाय कार्यालय को वित्तीय वर्ष-2026-27, 2027-28 एवं 2028-29 (03 वर्ष) हेतु नवीन ठेकेदारी पंजीकरण एवं नवीनीकरण कराये जाने के लिए दिनांक-17.02.2026 तक नियत आवेदन प्रक्रिया के अनुसार नियमानुसार अभिलेख संलग्न करते हुये आवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्य नियम व शर्तें दिनांक-02-02-2026 से 06-02-2026 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**(राजकुमार भारती)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, गूलरभोज, उधम सिंह नगर**

**(सतीश चुघ)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, गूलरभोज, उधम सिंह नगर**

**आयोजन** | परीक्षा में विजडम पब्लिक स्कूल की अदिति रहीं अव्वल, आयोजित हुआ कार्यक्रम

# सामान्य ज्ञान परीक्षा के 15 विजेता छात्र हुए सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विजडम पब्लिक स्कूल गंगापुर रोड में विद्यालय के संस्थापक स्व.गिरीश कुमार श्रीवास्तव की स्मृति में सामान्य ज्ञान परीक्षा 2025 के विजेता छात्रों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के 15 विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप पुलिस अधीक्षक उत्तम सिंह नेगी, विद्यालय के प्रबंधक गोपाल सिंह पटवाल, सचिव सुधा पटवाल, पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ.ललित मोहन उप्रेती, प्रधानाचार्या डॉ. श्वेता मढवाल ने दीप जलाकर किया।



विजेता छात्रों के साथ स्कूल प्रबंधक गोपाल सिंह पटवाल व अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

शनिवार को कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक गोपाल सिंह पटवाल ने बताया कि 15 वें वर्ष भी विभिन्न स्कूलों की एक लिखित सामान्य ज्ञान परीक्षा 2025 का आयोजन 22 नवंबर को किया गया था। जिसमें शहर के 25 प्रतिष्ठित स्कूलों के 255 छात्र-छात्राओं में से 245 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सामान्य ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले विजडम पब्लिक स्कूल की कक्षा 8 की अदिति रावत को 3100 रुपये नगद और मेडल दिया गया।

इसी तरह द्वितीय स्थान पाने वाले ट्रेंडर सोल्स पब्लिक स्कूल के कक्षा 8 के कुमुद कुमार को 2100 रुपये और मैडल, तृतीय स्थान में रहे स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 8 के नैतिक पंत को 1100 रुपये और मेडल दिया गया। इस अवसर पर राम प्रकाश गुप्ता, सत्य प्रकाश चौहान, दिनेश बम, राजेंद्र सिंह बोरा, संजय कुमार पाल, जगदीश सिंह बिष्ट, आरसी नेगी, रेनू देवी, सुधांशु पटवाल, विद्यालय की मुख्य प्रधानाध्यापक उषा मिश्रा, नरेंद्र सिंह रावत, अजय मिश्रा, देव मंडल, विमल चौधरी, अंजलि रावत, गीता अधिकारी, टीना दास, मंजू नेगी, नीरू अधिकारी, रेनू जोशी, मानसी चौहान, प्रेमलता सिंह समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका पंत, अदिति पांडेय और उप प्रधानाचार्य साक्षी मिश्रा ने किया।

ब्रीफ न्यूज

### 19 विद्यार्थियों ने भारत बौद्धिक्स परीक्षा दी

**सितारगंज :** विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान और दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित भारत बौद्धिक्स परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 19 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। शनिवार को पीजी महाविद्यालय सितारगंज में परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्या भारती प्रतिनिधि और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सितारगंज के प्रधानाचार्य निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि परीक्षा के लिए करीब 24 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। जिसमें से करीब 19 विद्यार्थियों ने बौद्धिक्स परीक्षा में भाग लिया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्या डॉ. राजविंदर कौर, डॉ. एमसी आर्य उपस्थित रहे।

### महिला के घर पर पथराव कर जान से मारने की धमकी दी

**बाजपुर :** मुड़िया पिस्तौर क्षेत्र में इंसानियत दिखाना एक महिला को भारी पड़ गया। पीड़िता निशा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने मजबूरी में अपने रिश्तेदार का सामान घर में रखवाया था, जिससे नाराज होकर पड़ोसी ने उनके साथ अभद्रता और गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने उग्र होकर महिला के घर पर ईंट-पत्थरों से पथराव कर दिया। आरोपी ने महिला और उसके परिवार को लाठी-डंडों से पीटने और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति के बाहर होने का फायदा उठाकर आरोपी उसे डरा-धमका रहा है। महिला ने पुलिस से सुरक्षा और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष बने मनीष पटेल

**खटीमा :** उत्तराखंड प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी कमेटी द्वारा मझोला निवासी भाजपा कार्यकर्ता मनीष पटेल को भाजपा युवा मोर्चा नौसर मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। मनीष पटेल ने कहा कि वह पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे, साथ ही भाजपा कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया।


मनीष पटेल।

# विधायक बेहड़ का जन्मदिन आज मनेगा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ का जन्मदिन आज 1 फरवरी को उनके समर्थकों द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्म दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा किच्छा में खास तैयारी की गई है।


तिलक राज बेहड़।

विधायक सचिव कुलदीप सिंह लक्की ने बताया कि रविवार को जन्म दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक बेहड़ सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक रुद्रपुर स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से मिलेंगे तथा 11 बजे से किच्छा स्थित विधायक कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि किच्छा स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक बेहड़ के 69 वें जन्मदिन के मौके पर खास व्यवस्था एवं तैयारियां की गई है तथा कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। किच्छा विधायक बेहड़ के जन्मदिन को लेकर उनके समर्थकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे शहर में बड़े-बड़े होर्डिंग बैनर लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दी गई है।

## राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा गया ज्ञापन

**नैनीताल:** उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन विनियम, 2026 को पारित करने पर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए शिल्पकार सभा ने शनिवार को डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। साथ ही, इसे सख्ती से लागू करने की मांग की गई। सभा अध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत अपने हलफनामे में स्वीकार किया है कि पिछले पांच वर्षों में देश के विश्वविद्यालयों में जातिगत भेदभाव की घटनाओं में 118.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो ऐसे प्रभावी कानून की आवश्यकता को स्पष्ट करता है। शिल्पकार सभा ने कुछ सवर्ण संगठनों द्वारा किए जा रहे विरोध को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि किसी भी दबाव में आकर इस विनियम को वापस लेना अन्याय होगा।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** बीती शाम एक बाइक सवार ने सड़क किनारे टहल रही तीन महिलाओं को टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिन्हें नागरिक अस्पताल लाया गया। जिसमें एक महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का मोर्चरी में रखवा दिया जिसका आज पोस्टमार्टम हुआ।

शुक्रवार देर शाम सबौरा निवासी विमला देवी (55) पत्नी गंगा सिंह गांव की दो अन्य महिलाओं के साथ सड़क किनारे टहल रही थी। इसी दौरान बाइक सवार ने महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें तीन महिलाएं गिरकर घायल हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों और परिजनों द्वारा घायलों को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने विमला देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल भागीरथी देवी (59) और द्रोपती (58) को अस्पताल में भर्ती कर कर इलाज शुरू कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया था जिसका शनिवार को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस ने आरोपी बाइक सवार को बाइक सहित हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दिनेशपुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**दिनेशपुर :** नगर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर एक सड़क दुर्घटना में पैदल जा रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात दस टायरा कैंटर ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान भोला समदार पुत्र देवेंद्र समदार के रूप में हुई है। शनिवार की दोपहर भोला समदार मुख्य चौक से पैदल होकर गुजर रहा था, तभी तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात दस टायरा कैंटर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि भोला समदार का एक पैर टूट गया। दुर्घटना के बाद कैंटर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना के समय मौके से गुजर रहे नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, वार्ड नंबर-4 सभासद प्रतिनिधि विशंबर बैरागी एवं वार्ड-9 सभासद संजय सरकार ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत घायल युवक भोला समदार को निजी वाहन से राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिनेशपुर पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण उसे 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक घायल भोला समदार की हालत नाजुक बनी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से चौक पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और स्पीड ब्रेकर लगाने एवं भारी वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। फिलहाल पुलिस द्वारा अज्ञात कैंटर की तलाश की जा रही है।

# प्रशासन ने विवादित 101 एकड़ भूमि कराई खाली

## करोड़ों की फसल पर चला ट्रैक्टर, पीड़ित पक्ष ने लगाए आरोप

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** भारत-नेपाल सीमा से सटे ग्राम बगुलिया और खाली महुवट में शनिवार को पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 101 एकड़ विवादित भूमि को कब्जा मुक्त कराया। उप जिलाधिकारी तुषार सैनी की मौजूदगी में भारी पुलिस बल ने करीब 22 ट्रैक्टरों की मदद से खेतों में खड़ी गन्ना, गेहूं, लाही और मटर की फसलों को रौंद दिया।

प्रशासन के अनुसार, इस भूमि पर लंबे समय से विवाद चल रहा था। उच्च न्यायालय द्वारा ''स्टे'' खारिज किए जाने के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। कार्रवाई के बाद द्वितीय पक्ष के कश्मीर सिंह ने भूमि पर अपना कब्जा होने के बोर्ड लगा दिए हैं।

दूसरी ओर, कब्जेदार पीड़ित पक्ष किरन तलवार के पुत्र युवराज ने प्रेसवार्ता कर बताया कि वह 20-22 लोग इस भूमि पर करीब 60 साल से काबिज हैं। यह भी कहा कि उनके पार्टनरों के बीच बंटवारे को लेकर कई मामले न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित ने कहा कि वह यदि एक मामला हार गए हैं तो भी बिना किसी सूचना के फसल नहीं रौंदी जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि उनकी गन्ने, गेहूं और लगी की खड़ी फसल को करीब 15 ट्रैक्टरों द्वारा रौंद दिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें बीते दिवस सूचना दी गई थी कि आपकी भूमि की पैमाईश की जानी है जिसपर वह अपने कागजात आदि लेकर थे लेकिन आज कोई पैमाईश नहीं हुई और सीधे खेत जोत दिया गया और उन्हें खेत में घुसने तक नहीं दिया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलामंत्री किशोर जोशी, गणेश ठकुराठी, नीरज रस्तोगी आदि मौजूद थे।


खटीमा में प्रेस वार्ता करते पीड़ित पक्ष के युवराज। ● अमृत विचार



जोती गई फसल वाले खेत में लगाया गया बोर्ड। ● अमृत विचार

## भीषण आग में चार बकरियों की मौत

**किच्छा:** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बीती देर रात दो अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात कारणों से लगी आग ने भारी तबाही मचाई। इस दुखद घटना में चार बकरियों की जलकर मौत हो गई, जबकि लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

पहली घटना निकटवर्ती ग्राम बखपुर की है, जहां धर्मपाल के घर और गौशाला में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे गौशाला में बंधी चार बकरियों की मौत हो गई। साथ ही घर में रखा अनाज, कपड़े, नकदी और अन्य कीमती सामान जल गया। दमकल प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

दूसरी घटना वार्ड नंबर 7 की है, जहां मैकू लाल के घर में देर रात आग लग गई। इलाका घनी आबादी वाला होने के कारण दमकल विभाग को मौके तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रकाश सिंह दानू और फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मेहनत के बाद आग बुझाई। यहां कबाड़ और घर का काफी सामान जल गया है। प्रशासन फिलहाल हुए नुकसान का सटीक आकलन कर रहा है।

# 91 कछुओं के साथ चार वन्य जीव तस्कर दबोचे


पुलभट्टा थाना पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए तस्करी के आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

● पांच बैगों में छिपाकर ले जाए जा रहे थे कछुए

**अमृत विचार :** उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर पुलभट्टा थाना पुलिस ने चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 91 कछुए बरामद किए हैं। ये कछुए पांच बैगों में छिपाकर ले जाए जा रहे थे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी व थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने बॉर्डर पर संदिग्धों को रोका। पूछताछ में आरोपियों की पहचान एटा (उत्तर प्रदेश) निवासी ओमा देवी, कामिनी देवी, विष्णु और सनी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में नशा, अवैध शस्त्र और वन्यजीवों की तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस टीम में एसआई दिनेश चंद्र भट्ट और महिला कांस्टेबल तारा कोरंगा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## माओवादी पोस्टर लगाने के मामले में दो आरोपी बरी

**नैनीताल:** नैनीताल के चर्चित धारी तहसील आगजनी एवं माओवादी गतिविधियों से जुड़े मामले में न्यायालय ने नौ वर्ष बाद अहम फैसला सुनाया है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कुलदीप शर्मा की अदालत ने अल्मोड़ा निवासी खीम सिंह बोरा और भास्कर पांडे को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में पूरी तरह असफल रहा।

एक फरवरी 2017 की रात धारी तहसील परिसर में खड़ी एक सरकारी जिप्सी में आग लगा दी गई थी। साथ ही धारी बाजार, पुरानी शराब भट्टी और ब्लॉक कार्यालय क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़े पोस्टर और नारे लगाए जाने का आरोप था। पुलिस ने इस मामले में खीम सिंह बोरा (जिसके कई उपनाम बताए गए) और भास्कर पांडे उर्फ भुवन को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ यूएपीए की धारा 10/20, आईपीसी की धारा 436, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम तथा अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। घटना के चार वर्ष बाद 18 मई 2021 को चार्जशीट दाखिल की गई।

# एसटीईएम शिक्षा की नई शुरुआत


खटीमा के नोज़गे पब्लिक स्कूल में रॉकेट लॉन्च का प्रदर्शन करते आयोजक।

संवाददाता, खटीमा

● नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार:** नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी में एसटीईएम शिक्षा के क्षेत्र में नई शुरुआत की जा रही है। जिसके तहत विद्यालय में एसटीईएम शिक्षा का विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका आयोजन एस्ट्रो पाठशाला की टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान रॉकेट लॉन्च प्रदर्शन, ड्रोन सिमुलेशन, सैटेलाइट मॉडल गतिविधियां, रोबोटेक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स (एआई) आधारित वर्कशॉप आयोजित की गई। अभिभावकों को एस्ट्रो पाठशाला के वर्ष भर चलने वाले एसटीईएम पाठ्यक्रम की व्यापक जानकारी दी गई। पाठ्यक्रम एवं गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण शुभम कुमार द्वारा किया गया। टीम में दीक्षिता सूदन सीनियर एजुकेशन ऑफिसर, कुलदीप रावत कंटेंट टीम, आदित्य भारद्वाज रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंजीनियर तथा अनिल शर्मा मार्केटिंग हेड आदि सम्मिलित थे।

प्रबंधिका सुरेन्द्र कौर एवं प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने टीम की सराहना करते हुए इनका आभार व्यक्त किया।


पुरस्कार प्राप्त करते पंतनगर केंद्र के प्रधान शोधकर्ता डॉ. आरएन पटेरिया।

### पंतनगर को दूसरा सर्वश्रेष्ठ केंद्र का पुरस्कार

**पंतनगर :** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की ओर से कृषि एवं कृषि-आधारित उद्योगों में ऊर्जा पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाएं संचालित हैं। जिसकी 29वीं वार्षिक कार्यशाला का आयोजन 29-31 जनवरी तक सरदार पटेल नवीनीकृत ऊर्जा अनुसंधान संस्थान आणंद (गुजरात) में किया गया। इस कार्यशाला में पंतनगर केंद्र के प्रधान शोधकर्ता डॉ. आरएन पटेरिया को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए दूसरे सर्वश्रेष्ठ केंद्र के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि पर जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी डॉ. एसएस गुप्ता व निदेशक शोध डॉ. एसके वर्मा सहित सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने डॉ. पटेरिया को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं।

# फर्जी हस्ताक्षर कर डीएम को भेजी शिकायत

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** नगर पंचायत के वार्ड संख्या-4 की निर्वाचित सभासद सविता बैरागी ने कुछ सभासदों और प्रतिनिधियों पर उनके फर्जी हस्ताक्षर व मुहर का दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने उप जिलाधिकारी ॠचा सिंह को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सभासद सविता बैरागी के अनुसार, कुछ सभासदों ने उनके नाम का दुरुपयोग करते हुए एक कूटरचित शिकायती पत्र तैयार किया। आरोप है कि इस पत्र पर उनकी फर्जी मुहर और जाली हस्ताक्षर कर जिलाधिकारी को प्रेषित किया गया, जबकि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं थी।


दिनेशपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपती सभासद सविता बैरागी। ● अमृत विचार

सविता बैरागी ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस झूठे पत्र को वायरल कर उनकी और नगर पंचायत अध्यक्षा की छवि धूमिल की जा रही है। उन्होंने इसे व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए किया गया कृत्य बताया। एसडीएम ॠचा सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान सभासद संजय सरकार और विशंभर बैरागी भी उपस्थित रहे।

उत्साह | देहरादून में आयोजित मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी खेल महाकुंभ में की शिरकत

# जूडो में सरस्वती स्कूल के बच्चों ने जीते सात मेडल

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** देहरादून में आयोजित मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी खेल महाकुंभ राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता सरस्वती एकेडमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में बच्चों ने तीन स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक एवं एक कांस्य पदक जीता। खुशबू भारद्वाज 48 किग्रा भार वर्ग, स्मृति राणा 57 किग्रा भार वर्ग और विराज कालोनी 73 किग्रा भर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। जबकि पूजा भारद्वाज 52 किग्रा भार वर्ग, अंजलि भट्ट 44 किग्रा भार वर्ग और हिमेश जोशी 50 किग्रा भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं उज्ज्वल 60 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। चेयरपर्सन ज्योति पाल, एडमिनिस्ट्रेटिव विनीता पाल, प्रधानाचार्य रामयश, खेल शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मेडल जीतने वाले बच्चों के साथ प्रबंधक व शिक्षक। ● अमृत विचार

# ट्रांसपोर्ट शाखा प्रभारी ने किया गबन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ट्रांसपोर्ट कंपनी के शाखा प्रभारी द्वारा लाखों रुपये गबन किए जाने का मामला सामने आया है। बताया कि अभियुक्त आरटीओ खर्च की आड़ में धांधली करता रहा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



● आरटीओ खर्च की आड़ में करता रहा धांधली, ट्रांसपोर्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

राजेंद्र नगर साहिबाबाद गाजियाबाद निवासी मनोज गोयल ने बताया कि उसकी फर्म गोयल रोड कैरियर्स प्राइवेट लिमिटेड देशभर में माल परिवहन का कार्य करती है। कंपनी के पास माल परिवहन के लिए वाहनों का एक बेड़ा है। जिसके संचालन के लिए 15 अक्टूबर 2014 को गांव ढाणा नारसम भिवानी हरियाणा व हाल निवासी छतरपुर रुद्रपुर के दिलबाग सिंह को रुद्रपुर शाखा का शाखा प्रभारी नियुक्त किया था। शाखा प्रभारी को दैनिक खर्चों के लिए हैप्पी कार्ड एवं एटीएम कार्ड भी जारी किया था जो कि केवल वैध खर्चों के लिए मान्य था।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त शाखा प्रभारी ने 15 माह से लगातार आरटीओ खर्च के नाम पर प्रतिमाह 26 हजार रुपये की राशि निकालता रहा।

कंपनी जांच में पता चला कि अभियुक्त ने 3.90 लाख रुपये आरटीओ खर्च और खुद का मकान होने के बाद भी पत्नी मोनिका के नाम पर एक किरायानामा बनवाकर प्रतिमाह किराया भी देता रहा। पड़ताल में पता चला कि शाखा प्रभारी द्वारा कंपनी को 4.36 लाख रुपये का गबन किया जो कि पूर्णतया साजिश के तहत किया गया। अभियुक्त से पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संयुक्त अभियान के तहत जज फार्म में पकड़े 20 बंदर

**हल्द्वानी :** शहरवासियों को बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए नगर निगम और वन विभाग ने संयुक्त अभियान छेड़ दिया है। शनिवार को एक निजी कंपनी के सहयोग से टीम ने जज फार्म क्षेत्र में पिंजड़ा लगाकर करीब 20 बंदरों को पकड़ा। बंदरों की बढ़ती संख्या और उनके आक्रामक व्यवहार से क्षेत्र के लोग लंबे समय से परेशान थे। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिन के लिए नहीं है, बल्कि शहर के विभिन्न हिस्सों में निरंतर जारी रहेगा। प्रशासन का लक्ष्य बंदरों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर आबादी वाले क्षेत्रों से दूर करना है।

**सिटी ब्रीफ**

### बाइक फिसलने से दो होमगार्ड घायल

**काशीपुर :** बाइक फिसलने से दो होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। आईटीआई कोतवाली में तैनात होमगार्ड रमेश सिंह व उदयराज सिंह बाइक से बीते शुक्रवार की रात लगभग दस बजे ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान बाजपुर रोड आवास विकास के पास आरओबी की सर्विस रोड निर्माण के लिए सड़क पर फैली बजरी पर उनकी बाइक फिसल गई। घायल होमगार्ड के साथी प्रदीप ने बताया कि आरओबी के उतरने के दौरान यह हादसा हुआ है। बाइक फिसलने से दो होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायल होमगार्ड को पास ही स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही घटना की पुलिस को सूचना दी।

### जसपुर में आज निकलेगी कलश यात्रा

**जसपुर :** ठाकुर मंदिर स्थित नव निर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज यानी रविवार से प्रारंभ होगा। इसी के तहत आज सुबह 9 बजे से नगर में कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में शामिल होने के लिए महिलाएं तैयारियों में लगी हैं। वहीं मंदिर को भी बिजली की झालरों, फूलों एवं धर्म ध्वज से सजाया गया है। मंदिर महंत बाबा भागवत दास जी महाराज ने धर्म प्रेमियों से कलश यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### भारत बौद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा का किया आयोजन

**काशीपुर :** विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान उत्तराखंड की ओर से भारत बौद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया। शनिवार को चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में पंजीकृत 51 विद्यार्थियों में से 45 उपस्थित रहे, जबकि छह विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. कीर्ति पंत, परीक्षा प्रभारी डॉ. रमा अरोरा, प्रधानाचार्य शेफाली पांडे, डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. वंदना सिंह आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं को कंबल का वितरण किया

**काशीपुर :** ढकिया गुलाबो स्थित विद्यालय में परिवर्तन बी द चेंज संस्था की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आईजीएल के सहयोग से संस्था संस्थापक पूनम मंझारिया ने सदस्यों के साथ ठंड से बचाव के लिए महिलाओं को कंबल वितरित किए। इसके बाद परिसर में छायादार पौधे रोपे गए। वहां पर आईजीएल से राजेश सिंह, विक्रांत चौधरी, नीरज मलिक, सचिन गुप्ता, सर्वेश कुमार, ममता रानी, अभय मंझारिया, नमिता चौहान आदि मौजूद रहे।

### अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** सड़क हादसे में हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा लगभग चार माह बाद कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ है। पुलिस अब अज्ञात चालक की तलाश कर रही है। जसपुर के कालियावाला निवासी सरजीत कौर पत्नी स्व. जसवंत सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि उसके पति 20 सितंबर 2025 को रात लगभग 8:30 बजे हल्दुआ से अपने गांव को पैदल आ रहे थे। रास्ते में गोविंदपुर के पास पीछे से आ रहे ट्रैक्टर के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसके पति को टक्कर मार दी। जिसके चलते उसके पति की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना उसने कुंडा पुलिस को भी दी थी, लेकिन उसकी तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कुंडा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# यूजीसी कानून का सामान्य वर्ग ने किया विरोध

## व्यापारियों, छात्रों और अभिभावकों ने निकाला जुलूस, ज्ञापन देकर यूजीसी कानून वापस लेने की मांग

**संवाददाता, जसपुर**



विरोध प्रदर्शन करते सामान्य वर्ग के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार द्वारा लागू नए कानून यूजीसी के विरोध में सामान्य वर्ग द्वारा एकजुट होकर नगर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। साथ ही नगर में रैली निकाल कर एसडीएम के पेशकार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर यूजीसी कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की।

शनिवार को पुरानी नगर पालिका चौक पर एकत्रित सामान्य वर्ग के लोग, छात्र एवं अभिभावकों ने यूजीसी कानून के खिलाफ जमकर विरोध किया। यहां वक्ताओं ने कहा कि नया यूजीसी कानून सामान्य वर्ग के छात्रों के हितों के खिलाफ है। इससे शिक्षा में समानता की भावना को ठेस पहुंच रही है। कहा कि यूजीसी का यह कानून तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए तथा शिक्षा व्यवस्था में सभी वर्गों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित किए जाएं। इसके बाद हजारों की संख्या में शामिल लोगों ने हाथों में तख्तियां, स्लोगन लेकर नगर में रैली निकाली। रैली में व्यापारियों, छात्रों, अभिभावकों एवं युवाओं ने यूजीसी के खिलाफ नारे लगाए। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तहसील परिसर पहुंची। यहां प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगें रखते हुए कहा कि वे किसी समुदाय के विरोध में नहीं हैं। लेकिन यूजीसी का यह कानून यदि लागू रहा तो सामान्य वर्ग के छात्रों का भविष्य प्रभावित होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें न माने जाने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान विधायक आदेश चौहान, व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, राजकुमार चौहान, राजीव चौहान, नीलकमल शर्मा, विमल अग्रवाल, सिद्धांर्थ सिंघल, राजुल जैन, अवलोक जैन, अर्पित रस्तोगी, रविमनी चौहान, ह्रदेश चौहान, मुकेश, राजकुमार अरोरा, पराग अग्रवाल, वीना नागर, दीपा गहलोत आदि मौजूद रहे।

### यूजीसी के नए नियम सामाजिक न्याय के लिए जरूरी : बाराकोटी



**बाजपुर :** एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष डीआर बाराकोटी ने यूजीसी के नए नियमों का समर्थन करते हुए इन्हें सामाजिक न्याय की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि ये नियम किसी वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हैं। बाराकोटी ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि 2018 से 2023 के बीच दर्ज शिकायतों में से अधिकांश एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग से जुड़ी थीं, जो गहरे भेदभाव को दर्शाती हैं। उन्होंने रोहित वेमुला जैसे मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि योग्यता तभी सार्थक है जब सभी को समान अवसर मिले। बाराकोटी ने अपील की कि इन नियमों को अफवाहों के बजाय संवैधानिक मूल्यों और तथ्यों के दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए।

# मेडिकल स्टोर में नशीली दवाओं का काला कारोबार

**संवाददाता, किच्छा**

● **2160 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद, मुकदमा दर्ज**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत औषधि विभाग और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी मेडिकल स्वामी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वरिष्ठ औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने ग्राम बंडिया मार्ग स्थित संतोष मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान दुकान के भीतर छिपाई गई संदिग्ध दवाओं के 270 पत्ते (कुल 2160 कैप्सूल) बरामद हुए। पूछताछ में संचालक ने अपना नाम संतोष कुमार निवासी ग्राम छिनकी बताया।

पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशन में जारी इस अभियान से नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। गौरतलब है कि बीते दिनों भी टीम ने एक किलो से अधिक स्मैक बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की थी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वैध व्यवसाय की आड़ में नशे का कारोबार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## रात में चलाया सघन चेकिंग अभियान

**सितारगंज :** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुधारने और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने रात में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

शुक्रवार रात को कोतवाल सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहे और रोडवेज बस स्टैंड में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने ओवरलोड वाहन, भारी राज्यों से प्रवेश करने संदिग्ध वाहन, संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की। सीओ बीएस धौनी ने बताया कि आमजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपराधों की रोकथाम के लिए सघन चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर एसएसआई राजेंद्र मौनियाल, एसआई कैलाश देव आदि उपस्थित रहे।


रामवती देवी को सम्मानित करते मिल कर्मी। ● अमृत विचार

### महिला कर्मी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**जसपुर :** चीनी मिल नादेही की महिला कर्मी के सेवानिवृत होने पर मिल कर्मचारियों ने सम्मानित कर विदाई दी। ग्राम जाफराबाद निवासी सीजनल कर्मी रामवती देवी आगामी अप्रैल माह में सेवानिवृत्त होने वाली हैं। वर्तमान पेराई सत्र समापन होने से ठीक पहले चीनी मिल कर्मियों ने अतिथि गृह में विदाई पार्टी आयोजित की। यहां महिला कर्मी के परिजनों संग मिल कर्मियों ने फूल माला पहना कर उन्हें सम्मानित किया एवं उन्हें उपहार भेंट किए। साथ ही सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के बाद मिल कर्मियों ने गाजे बाजे के साथ उन्हें विदाई दी। इस दौरान मनोज चौहान, सत्यपाल सिंह, मनीष मधुर, चंद्र शेखर, राजवीर सिंह, मनोज गुप्ता, संजीव, राजेश जीना, सोनाली, विनीता, रेखा आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं को सिखाए आत्म सुरक्षा के मंत्र

**बाजपुर:** कोतवाली पुलिस ने डीएवी पब्लिक स्कूल में जन-जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को सुरक्षा और कानून के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, नशा मुक्ति और घरेलू हिंसा जैसे गंभीर विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन पर जोर देते हुए गौरा शक्ति एप और आपातकालीन नंबरों (1090, 112, 1930) के उपयोग के बारे में बताया। "पुलिस आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत अधिकारियों ने अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जनसहयोग और जागरूकता से ही अपराध मुक्त समाज का निर्माण संभव है।

# आईआईएम में युवाओं को सशक्त बनाने पर चर्चा

● **आईआईएम में स्टार्टअप कॉन्क्लेव का किया आयोजन**

**संवाददाता, काशीपुर**



काशीपुर में चर्चा करते विषय विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** युवाओं को स्टार्टअप की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से आईआईएम में स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। इसकी थीम स्टार्टअप टैलेंट वॉर्स : जेन जी एवं जेन अल्फा को आकर्षित करना और सशक्त बनाना थी। कॉन्क्लेव में उद्योगपति और उद्यमी शामिल हुए, जिन्होंने स्टार्टअप एवं तीव्र गति से विकसित हो रहे संगठनों में सशक्त कार्य संस्कृति के निर्माण, अगली पीढ़ी की प्रतिभाओं को आकर्षित करने और युवाओं को सशक्त बनाने पर चर्चा की।

भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में आयोजित स्टार्टअप कॉन्क्लेव में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान ट्रेड इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट टेक्नोलॉजी हर्ष कुमार सरोही ने कहा कि आज की पीढ़ी केवल आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि स्पष्ट उद्देश्य और दिशा की तलाश करती है। प्रभावी स्टोरीटेलिंग और नेतृत्व मार्गदर्शन टिकाऊ करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। केप्लोर के संस्थापक मुकिल वन्नन ने कहा कि यद्यपि जेन जी और जेन अल्फा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत तकनीकी उपकरणों में दक्ष हैं, फिर भी संप्रेषण, वार्ता, रचनात्मकता और समस्या-समाधान जैसी क्षमताएं अपूरणीय हैं। उन्होंने छात्रों को मूलभूत सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित करने, मजबूत ब्रांड्स के साथ सार्थक भूमिकाएं चुनने और आकर्षक पदनामों के बजाय स्वयं को अलग पहचान दिलाने की सलाह दी। इस सत्र का संचालन मेडिनस के मैनजेर व बिजनेस स्ट्रेटेजी गोकुल रमणन राधाकृष्णन ने किया। कार्यक्रम में प्रो. सोमनाथ चक्रवर्ती, प्रो. उत्कर्ष एवं प्रो. दीपक वर्मा सहित संकाय सदस्य एवं छात्र मौजूद रहे।

# विकास कार्यों का लोकार्पण किया

**संवाददाता, बाजपुर**


सुल्तानपुर पट्टी में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य को सम्मानित करते मंदिर कमेटी के लोग।

**अमृत विचार:** नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने बाजपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों व कस्बों का दौरा कर विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने फूलमालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया।

नेता प्रतिपक्ष सबसे पहले ग्राम सभा महेशपुरा दोराहा पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मार्ग का शिलान्यास किया। इसके बाद वह नर्सिंग गेट कालेज सत्संग में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। तत्पश्चात यशपाल आर्य सुल्तानपुर पट्टी स्थित श्री जागेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पांच लाख रुपये की लागत से कराए गए कार्यों का लोकार्पण किया और विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर पट्टी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद ग्राम बरखेड़ा पांडे में पांच लाख रुपये की लागत से बने मार्ग का लोकार्पण किया। इस मौके पर किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, ब्लाक प्रमुख पति जोरावर सिंह भुल्लर, नवदीप कंग, फुरकान अहमद, अब्दुल हसन, कुलजीत सिंह, संता सिंह सागर, राजेश पाठक, नितिन बिष्ट, सियाराम सागर, केपी सिंह, दीपक कांडपाल, शांति प्रसाद, उदय राज, अशर्फीलाल, सीताराम, भानु प्रताप मौजूद रहे।

## काशीपुर में होगा साहित्यिक कुंभ

**काशीपुर:** क्षेत्र के समस्त साहित्यकारों के लिए वर्ष 2026 में एक भव्य साहित्यिक आयोजन "साहित्य कुंभ एवं पुस्तक मेला" का आयोजन किया जा रहा है। इस साहित्यिक महोत्सव का उद्देश्य काशीपुर के लेखकों को व्यापक पहचान, सम्मान और प्रोत्साहन प्रदान करना है। आयोजन के अंतर्गत सभी लेखकों को उनके साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह में पुस्तक स्टॉल एवं प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें लेखकों की प्रकाशित पुस्तकें, शोध पत्र, थीसिस, पाठ्यपुस्तकें, पत्रिकाएं एवं अन्य साहित्यिक सामग्री प्रदर्शित की जाएंगी। संयोजक डॉ. रजनीश कुमार शर्मा ने बताया कि आयोजन की तिथि, स्थान की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

# जीजीआईसी में मनाया वार्षिकोत्सव

**संवाददाता, जसपुर**


जसपुर में शिक्षिकाओं को सम्मानित करते विधायक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पहला वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

वार्षिकोत्सव में बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर वाहवाही लूटी। इस दौरान पूर्व एवं मेधावी बालिकाओं समेत अतिथियों को प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया। शनिवार को कॉलेज के पहले वार्षिकोत्सव में पहुंचे विधायक आदेश चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, हरियाणवी, पंजाबी, पहाड़ी, कन्नड़, एवं नमामि गंगे गीतों पर डांस किया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नाटक को खूब पसंद किया गया। यहां विज्ञान, योगा, ब्यूटी एंड वेलनेस, बैगलेस डे, आईटी प्रदर्शनी को अतिथियों ने सराहा। स्कूल की छात्रा रही कॉलेज की शिक्षिका शालनी अग्रवाल, ललिता रानी, अनीता चौहान, ललिता राजपूत समेत इंटर टॉपर कहकंशा को विधायक ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ऋचा गुप्ता की मांग पर विधायक ने प्रार्थना स्थल पर टिनशेड लगवाने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन देवकी जोशी, अपूर्वा अग्रवाल ने किया। इस मौके पर प्रभारी बीईओ हरिबाबू निरंजन, सीताराम कछारी, नीरज चौहान, कौशल चौधरी, गीता चौहान, रजनीश पचौरी, पदम सिंह, रघुवीर सिंह, अनूप सिंह, कपिल सैनी, पूनम रानी, दीप्ति ग्रोवर, आशा पांडे आदि मौजूद रहे।


श्रीबालाजी घाटा मंदिर में हवन में शिरकत करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### बालाजी घाटा मंदिर परिसर में भंडारे में उमड़ी भीड़

**बाजपुर :** मोहल्ला बांकेनगर स्थित संकटमोचन श्रीबालाजी घाटा मंदिर परिसर में स्थापित मां दुर्गा मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस के पावन अवसर पर हवन-यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पं.उमेश शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान मुख्य यजमान विजय मौर्य ने विधि-विधान से आहूतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार व समाज के कल्याण हेतु प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्ति संगीत व जयकारों से गूंज उठा। हवन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंदिर के मुख्य सेवादार कुलदीप सैनी, सभासद प्रतिनिधि आदित्य चानना, देवेश प्रताप सिंह, सत्यपाल मौर्य, सर्वेश मौर्य, राजेंद्र, विनोद, ऊषा सैनी आदि मौजूद रहे।

**आस्था** | **प्रकाश पर्व को समर्पित भव्य धार्मिक समागम का आयोजन**

# गुरु मर्यादा के अनुसार आचरण करने पर दिया जोर

**संवाददाता, बाजपुर**


बाजपुर के जीईटी कॉलेज में आयोजित समागम के पश्चात श्री गुरु ग्रंथ साहिब को निज स्थान पर ले जाते हरमिंदर सिंह ढिल्लो।

**अमृत विचार:** जीईटी कालेज हाईवे लेवड़ा पुल के समीप अमृत प्रचार संगत के तत्वावधान में श्री गुरु हर राय साहिब के पावन प्रकाश पर्व को समर्पित एक भव्य धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। यह समागम संत बाबा सूरजपाल की पुण्य स्मृति में प्रातः 10 बजे से आरंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

समागम में अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार भाई जगजीत सिंह के रागी जत्थे द्वारा गुरवाणी की मधुर प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कथावाचक भाई गुज्जर सिंह असंध एवं भाई नरेंद्र सिंह (करनाल) ने शब्द-कीर्तन के माध्यम से संगत को गुरु की वाणी से जोड़ा। पंथ प्रचारकों ने अपने प्रवचनों में संगत को शब्द गुरु से जुड़ने, भ्रामक प्रचार से दूर रहने तथा श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष नियमित अरदास करने का संदेश दिया। उन्होंने नितनेमी जीवन अपनाने और गुरु मर्यादा के अनुसार आचरण करने पर विशेष बल दिया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, सर्व प्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी, हरवंत सिंह ढिल्लों, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा, ब्लाक प्रमुख पति जोरावर सिंह भुल्लर सहित हरदयाल सिंह, कुलदीप सिंह बाजवा, जगजीत सिंह बाजवा, सतनाम सिंह, गुरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, नवदीप सिंह कंग, जसविंदर सिंह जस्सा, हरमीत सिंह बड़ैच, बलदेव सिंह मौजूद रहे।



छात्र को उमरा पैकेज का टिकट सौंपते संस्था के संचालक नदीम बैतुल्लाह।

### दस्तारबंदी समारोह में 12 छात्रों को किया सम्मानित

**बाजपुर :** ग्राम चकरपुर स्थित मदरसा जामिया हनफिया रजा उल उलूम द्वारा एक भव्य ''कुलवा-ए-दस्तारबंदी'' समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पवित्र कुरआन का हिफ्ज (कंठस्थ) पूरा करने वाले 12 मेधावी छात्रों की दस्तारबंदी कर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में उलेमा-ए-किराम और गणमान्य नागरिकों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान ''नदीम बैतुल्लाह हज उमरा टूर एंड सर्विस'' की ओर से एक सराहनीय पहल देखने को मिली। संस्था के संचालक नदीम बैतुल्लाह ने एक हाफिज छात्र को ''उमरा पैकेज'' भेंट करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हाफिज-ए-कुरआन बनना अल्लाह की बड़ी नेमत है और ऐसे बच्चों का उत्साहवर्धन करना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के समापन पर देश में अमन-चैन के लिए विशेष सामूहिक दुआ मांगी गई।

**ब्रीफ न्यूज**

### कर्मचारी संघ के महामंत्री ने इस्तीफा दिया

**बनबसा :** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री महेंद्र पाल ने निजी कारणों के चलते अपने पद से इस्तीफा दिया है। महामंत्री महेंद्र पाल ने बताया कि निजी कारणों के कारण उन्होंने अपना इस्तीफा शाखा के अध्यक्ष प्रमोद रत्नाकर को भेज भेज दिया है। वहीं अध्यक्ष प्रमोद रत्नाकर ने बताया कि उन्होंने महामंत्री महेंद्र पाल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है तथा जल्द ही महामंत्री पद को भरने के लिए चुनाव कराए जाएंगे।

### महिला वारंटी गिरफ्तार

**बनबसा :** पुलिस ने फरार चल रही महिला वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है। थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने बताया कि अनीता तिवारी निवासी वार्ड नंबर 6 मीना बाजार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सबिया अंसारी, कांस्टेबल विजय रजवार, पीआरडी रेखा बोरा शामिल रहे।

### हिंदू जागरण रैली निकाली सम्मेलन आज

**टनकपुर :** टनकपुर के छीनीगोठ में रविवार को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक दिन पूर्व शनिवार को नगर में हिंदू जनजागरण रैली निकाली गई। छीनीगोठ से निकली रैली झानखेड़ा, पिथौरागढ़ चुंगी होते हुए वापस छीनीगोठ पहुंची। रैली में सैकड़ों युवाओं ने दोपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ शामिल हुए। रैली का नेतृत्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष मुकेश जोशी ने किया।

# पूर्णागिरि मेला : तैयारियां तेज व्यवस्था के लिए ठेके आवंटित

## 1.32 करोड़ में छूटा बाल मुंडन संस्कार का ठेका, मेला 27 फरवरी से

**संवाददाता, टनकपुर**



सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम में 27 फरवरी से शुरू होने वाले मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला पंचायत चम्पावत द्वारा ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से बाल मुंडन, विद्युत व्यवस्था एवं टिनशेड निर्माण के ठेके आवंटित कर दिए गए हैं।

विद्युत व्यवस्था एवं टिनशेड के टेंडर गुरुवार को स्वीकृत किए गए, जबकि शुक्रवार को बाल मुंडन संस्कार के लिए ई-टेंडरिंग की गई। विद्युत व्यवस्था और टिनशेड की निविदाएं हरिद्वार की कंपनियों के नाम रहीं। वहीं बाल मुंडन का ठेका 1 करोड़ 32 लाख रुपये में टनकपुर निवासी जितेंद्र सिंह महर के नाम छूटा। जिला पंचायत के प्रशासनिक अधिकारी विजय उप्रेती ने बताया कि तीनों निविदाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है और इन्हें स्वीकृति के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा। ककरालीगेट से मुख्य मंदिर तक विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी हरिद्वार की नरेंद्र इलेक्ट्रिक कंपनी को सौंपी गई है। मेला क्षेत्र में आवास एवं कार्यालयों के लिए बनने वाले टिनशेड की निविदा हरिद्वार की शारदा टेंट हाउस को मिली है।

बाल मुंडन ठेके के लिए जितेंद्र सिंह महर और विकास सिंह की तकनीकी बोलियां प्राप्त हुई थीं, जिनमें जितेंद्र सिंह महर का चयन किया गया। निविदा प्रक्रिया के लिए गठित समिति में जिला पंचायत के एएमए कमलेश सिंह बिष्ट, वित्तीय परामर्शदाता हिमांशु मठपाल, इंजीनियर अनिल रावत तथा सहायक कोषाधिकारी शामिल थे। इधर, जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित विभागों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

जल संस्थान ने आपदा से क्षतिग्रस्त कालीगूंठ एवं ठूलीगाड़ पेयजल योजनाओं की मरम्मत पूरी कर ली है, जबकि पूर्णागिरि पेयजल योजना का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। विभाग के जेई सुरेंद्र रौतेला ने बताया कि मेले के दौरान टैंकरों से भी जलापूर्ति की जाएगी। लोक निर्माण विभाग के एई लक्ष्मण सामंत ने बताया कि पूर्णागिरि मार्ग के विभिन्न स्थानों से मलबा हटा लिया गया है। बाटनागाड़ के पास सड़क का सुधारीकरण कार्य जारी है, जिसे मेले से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

## महिला को मिला बिजली कनेक्शन कंबल भी सौंपे

**रानीखेत :** तहसील रानीखेत अंतर्गत मजखाली के निकट ग्राम कारखेत में प्रशासन की पहल पर विधवा महिला लीला देवी के आवास में विद्युत कनेक्शन स्थापित किया गया। इसके साथ ही ठंड के मौसम को देखते हुए उन्हें कंबल भी वितरित किए गए।

प्रशासन को जानकारी मिली थी कि ग्राम कारखेत निवासी लीला देवी पत्नी स्व. बिहारी राम का घर लंबे समय से विद्युत सुविधा से वंचित था। इस संबंध में जिलाधिकारी अंशुल सिंह के संज्ञान में मामला आने के बाद उन्होंने संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशों के क्रम में शनिवार को विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर लीला देवी के आवास में बिजली कनेक्शन लगवाया गया। गौरतलब है कि वह पिछले काफी समय से विद्युत सुविधा से वंचित थीं और इसके लिए कई बार संबंधित विभागों में शिकायत भी कर चुकी थीं। जिलाधिकारी द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप उनके घर में विद्युत आपूर्ति शुरू हो सकी। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा ठंड से बचाव के लिए उन्हें कंबल भी उपलब्ध कराए गए। प्रशासन की इस त्वरित पहल से लाभार्थी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन का आभार जताया।

# पैदल मार्ग की मरम्मत न होने से रोष, प्रदर्शन किया



पैदल मार्ग ठीक करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**संवाददाता, टनकपुर**

- **गत वर्ष आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था नायकगोठ-थ्वालखेड़ा पैदल रास्ता**

**अमृत विचार:** नायकगोठ-थ्वालखेड़ा पुल के निचले हिस्से में गत वर्ष मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग की मरम्मत न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि किरोड़ा नाले में पानी न होने से ग्रामीण इन दिनों शार्टकट रास्ता अपना रहे हैं। बरसात में नाले में पानी बढ़ने पर यह रास्ता भी बंद हो जाएगा।

ग्रामीणों ने शनिवार को किरोड़ा नाले के पास प्रदर्शन कर शीघ्र क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत करने की मांग उठाई। कहा कि मार्ग शीघ्र ठीक नहीं किया तो जनता उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी। प्रदीप सिंह, विकास सिंह आदि ने बताया कि हनुमानगढ़ी से थ्वालखेड़ा गांव जाने वाले मार्ग की हालत इस कदर खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालक आए दिन पत्थरों की वजह से गिरकर चोटिल हो रहे हैं। विगत दिनों स्कूल की बस पलटने से बच गई ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन पांच हजार से अधिक लोगों का आवागमन होता है। प्रधान पति विपिन जोशी ने बताया कि कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार सिंचाई विभाग को अवगत करा दिया गया है, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रदर्शन करने वालों में अमन ठाकुर, प्रदीप सिंह, विकास सिंह, दीपक सिंह, जीत सिंह ,पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

## डंपर के चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** अल्मोड़ा में शनिवार का दिन हादसों भरा रहा। बाड़ेछीना मोटर मार्ग पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। डंपर की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हाइवे के बाड़ेछीना के बद बैंड के पास स्कूटी सवार युवक डंपर को ओवर टेक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान युवक डंपर के पिछले पहिए के चपेट में आ गया। जिससे स्कूटी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची धौलछीना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थानाध्यक्ष सुनील सिंह बिष्ट ने बताया कि डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है। वहीं, शव की शिनाख्त की जा रही है। उन्होंने कहा कि मृतक के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिलने से उसकी शिनाख्त करने में दिक्कत आ रही है। कहा कि मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के थानों को खबर दी गई है। इधर, घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# माघी खिचड़ी भोज का आयोजन किया

- **आरएसएस के स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्थानों पर लगाए स्टॉल**

**संवाददाता, लोहाघाट**



माघ मास की खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आरएसएस के स्वयंसेवकों की ओर से पारंपरिक माघ मास के अवसर पर माघ की खिचड़ी का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम के माध्यम से संगठन ने स्थानीय स्तर पर हिंदू संस्कृति और एकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया।

शनिवार को हिन्दू जागरण मंच के संयोजक सुमित भट्ट के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नगर के वीर कालू सिंह चौराहा, पंचेश्वर टैक्सी स्टेंड और नगर पालिका के सामने मीना बाजार चौराहे पर स्टाल लगाए गए, जहां आरएसएस, हिन्दू जागरण मंच और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मिलकर लोगों को गरमा-गरम खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण कर उत्सव का आनंद उठाया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, जगदीश ओली, गोविंद बोहरा, राजू गडकोटी, मुकेश जोशी, विवेक ओली, अमित जुकरिया, दीपक जोशी, योगेश पांडेय, दीपक सुतेड़ी, अमित साह, देवेन्द्र बोहरा, हिमांशु जोशी, तनुज, नंद किशोर पुनेठा, चंद्रशेखर जोशी, रवि शंकर पांडेय, रूप सिंह बोहरा, कीर्ति बगौली मौजूद रहे।

## बिना रजिस्ट्रेशन स्लज ले जाने वाले वाहनों पर होगी कार्रवाई

**हल्द्वानी:** नगर आयुक्त परितोष वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को स्लज मैनेजमेंट कमेटी की बैठक हुई। जिसमें नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के साथ जल संस्थान और पेयजल निगम ने भाग लिया। इस दौरान नगर आयुक्त ने कहा कि स्लज मैनेजमेंट में शामिल वाहनों का निगम में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन चलते हुए पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि रजिस्टर्ड वाहनों में जीपीएस और ब्लैक बॉक्स लगाना अनिवार्य है। नगर आयुक्त ने बताया कि अभी तक निगम में 7 लोग वाहन संचालन के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। कहा कि इच्छुक व्यक्ति निगम में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों को न बनाएं बंदरों का डंपिंग ग्राउंड

- **जिला पंचायत सदस्य ने डीएफओ को सौंपा ज्ञापन**

**संवाददाता, अल्मोड़ा**



डीएफओ को ज्ञापन सौंपती जिला पंचायत सदस्य शैलजा चम्याल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों, विशेषकर बंदरों के बढ़ते आतंक से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर सल्लाभाटकोट वार्ड की जिला पंचायत सदस्य शैलजा चम्याल ने प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ), सिविल सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की।

शैलजा चम्याल ने वन विभाग को अवगत कराया कि ग्राम पंचायत कुंजकिमोला, मल्ली नाली, तल्लीनाली सहित आसपास के क्षेत्रों में बंदरों का आतंक चरम पर है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कुंजकिमोला के ग्राम प्रधान देवी दत्त एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भी लिखित पत्र के माध्यम से अपनी समस्याएं साझा कीं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शहरी क्षेत्रों से पकड़े गए बंदरों को चोरी-छिपे ग्रामीण इलाकों में छोड़ा जा रहा है, जिससे गांवों में खेती करना लगभग असंभव हो गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि बंदर फलों, सब्जियों और फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं तथा बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर हमले की घटनाएं भी बढ़ रही हैं।

जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि पलायन से जूझ रहे इन गांवों में जो किसान खेती पर निर्भर हैं, उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। बंदरों के साथ-साथ जंगली सुअरों की संख्या भी बढ़ने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों को बंदरों का डंपिंग ग्राउंड बनाना तत्काल बंद किया जाए। चिह्नित क्षेत्रों से बंदरों को पकड़कर घने और निर्जन जंगलों में छोड़ा जाए। भविष्य में शहरों से पकड़े गए बंदरों को आबादी वाले गांवों के बजाय वन क्षेत्रों में विस्थापित किया जाए। साथ ही, जंगली जानवरों से फसलों को होने वाले नुकसान का उचित मुआवजा भी सुनिश्चित किया जाए।

शैलजा चम्याल ने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया, तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



द्वाराहाट बीडीओ कार्यालय में बैठक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### 18 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों में आक्रोश

**अल्मोड़ा :** 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों का विरोध जारी है। शनिवार को कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर सरकार पर झूठे आश्वासन देने का आरोप लगाया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से मांग के बाद भी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। कर्मचारियों ने गोल्डन कार्ड की विसंगति दूर करने, वेतन विसंगति दूर करने, पदोन्नति में शिथिलीकरण, पुरानी पेंशन आदि की मांग उठाई। चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों पर सरकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो समस्त कर्मचारी सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष उमापति पांडे, रमेश कनवाल, मंजू नगरकोटी, आशा भैसोड़ा, पंकज सुनौरी, पंकज रौतेला, प्रमोद जोशी, हरीश बिष्ट, नीरज सनवाल, बची राम, हरिहर मेहता, सुमन जोशी, हर्षिता पांडे मौजूद रहे।

# सीओ राणा को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**संवाददाता, चम्पावत**



चम्पावत में सीओ शिवराज सिंह राणा को सम्मानित करते एसपी अजय गणपति।

**अमृत विचार:** सीओ शिवराज सिंह राणा को सेवानिवृत्ति पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने भावपूर्ण विदाई दी। शनिवार को एसपी अजय गणपति की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में हुए विदाई समारोह में एसपी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट किए। साथ ही आगामी जीवन के सुखमय होने की कामना की।

उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी सदैव पुलिस परिवार का अभिन्न अंग बने रहेंगे तथा उनका सहयोग और सद्भावना विभाग को निरंतर मिलती रहेगी। शिवराज सिंह राणा ने पुलिस अधिकारी के रूप में कुशलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए इस वर्ष गणतंत्र दिवस के मोके पर उन्हें सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व भी उन्हें कई पुरस्कारों से नजाजा जा चुका है। राणा ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और परिश्रम के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल सहित पुलिस के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## वनाग्नि रोकने में सभी का सहयोग जरूरी: आर्या

**अल्मोड़ा :** वनाग्नि रोकथाम को लेकर शनिवार को वन विभाग की ओर से गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान गोष्ठी में लोगों को वनाग्नि के दायित्वों, कानूनी प्रावधानों आदि की जानकारी दी गई। वन चेतना केंद्र के सभागार एनटीडी में आयोजित गोष्ठी में रेंजर मोहन राम आर्या ने बताया कि पंचातय प्रतिनिधि समेत अन्य लोगों को वनाग्नि रोकथाम आदि की जानकारी दी गई। कहा कि जानबूझकर आग लगाने पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई का प्रावधान रखा गया है। वन संपदा की सुरक्षा के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। यहां गोष्ठी में उपराजिक हेम चंद्र, वन दरोगा रेनू कनवाल, भास्कर नाथ महंत, सत्येंद्र सिंह नेगी, हरेंद्र सतवाल, ऋषभ सेमवाल, विनोद कुमार, मनीषा सुप्याल आदि रहे।



बागेश्वर में बिजली विभाग का पुतला फूंकते एनएसयूआई कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मनमाने बिजली बिलों पर एनएसयूआई ने जताया आक्रोश

**बागेश्वर :** जनपद में मनमाने बिलों के खिलाफ एनएसयूआई ने विदयुत विभाग का पुतला फूंका। कहा कि विभाग द्वारा मानक के खिलाफ बिल थमाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते विभाग ने उपभोक्ताओं के हितों का ख्याल नहीं रखा तो आंदोलन तेज किया जाएगा। शनिवार को एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष कमलेश गड़िया के नेतृत्व में कार्यकर्ता विभाग के कार्यालय परिसर में पहुंचे तथा विभाग का पुतला फूंका। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विभाग द्वारा गरीब परिवारों को मनमाने बिल दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनमाने बिलों के खिलाफ शिकायत करने के बाद भी विभाग के कानों में जूं नहीं रेंग रही है तथा गरीब उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। इस दौरान सागर जोशी, राहुल बारकोटी, पंकज कुमार, नीरज जोशी, हरीश गड़िया, कमलेश कपकोटी, सचिन पांडे, राहुल खेतवाल आदि उपस्थित थे।

**आयोजन** | कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने काटा केक, जन्मदिन के गीत गाए गए और बच्चों को दिए उपहार

# विद्यार्थियों का सामूहिक जन्म दिवस मनाया

**संवाददाता, टनकपुर**



छीनीगोठ विद्यालय में सामूहिक जन्म दिवस समारोप में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में हर माह की भांति जनवरी माह के अंतिम कार्यदिवस को 14 विद्यार्थियों का सामूहिक जन्मदिवस समारोह हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया।

यह नवाचारी कार्यक्रम वर्ष 2019 से निरंतर संचालित है, जो विद्यालय के वातावरण को आनंदालय के रूप में विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा 6 से 10 तक के जनवरी माह में जन्मे विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा केक काटा गया, जन्मदिन के गीत गाए गए तथा बच्चों को आकर्षक उपहार एवं टॉफियाँ प्रदान कर सम्मानित किया गया। जनवरी माह में जन्मदिवस वाले विद्यार्थियों में बबिता बोहरा, कोमल मिश्रा, लक्ष्मी विश्वकर्मा, रिया खर्कवाल, जिया जोशी, हिमांशु वर्मा, अभिषेक वर्मा, पवन सिंह, प्रदीप सिंह सामंत, चंपा, योगेश कुमार, हर्षित पांडे, मयंक सिंह अधिकारी एवं सोनम बिष्ट शामिल रहे। कुल 14 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में शिक्षक त्रिलोचन जोशी,पल्लव जोशी, रचित वल्दिया, पवन कुमार,उमेश चंद्र भट्ट, ओम प्रकाश, बेचन यादव, कार्यालय सहायक अर्जुन कुमार, भोजन माता रेखा देवी, पुष्पा देवी आदि रहे।

## डुंगराओड में आग से खाद्य सामग्री खाक

**लोहाघाट :** बाराकोट में ग्राम पंचायत बैडाओड के डुंगरा ओड तोक स्थित नाथुराम के घर में घर में लगी भीषण आग से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया।

आग से खाद्य सामग्री, बिस्तर, फ्रिज, टीवी, कपड़े और अन्य घरेलू सामान भी आग की भेंट चढ़ गए। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कालाकोटी ने बताया कि अचानक घर से आग की लपटें उठने लगीं। सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने लगे। लेकिन आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही देर में पूरा घर खाक हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भवान कालाकोटी, ग्राम प्रधान मुकेश कुमार ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप

- **मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एसएसपी से मुलाकात कर कार्रवाई की उठाई मांग**
- **कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी**

**संवाददाता, अल्मोड़ा**



अल्मोड़ा में शनिवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एसएसपी से मुलाकात की।

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले को लेकर शनिवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एसएसपी से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने एसएसपी को ज्ञापन सौंप व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा कि एक व्यक्ति ने करबला में कब्रिस्तान और विवेकानंद के समारक पर सोशल मीडिया में एक पोस्ट की है। युवक ने वक्फ बोर्ड की रजिस्टर्ड भूमि पर विवादित बयान लिखा है। आरोप लगाया कि युवक बार-बार इस तरह की बयानबाजी कर रहा है और मौके पर पहुंचकर सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने एसएसपी से युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में नूर अकरन खान, गुलिस्ता मंजूर, अहमद फराज, महताब आलम, मुमताज हुसैन साह, अब्दुल जब्बार, जब्बार खान, यासर खान, बाबर अंसारी, सद्दाम खान, मुहम्मद सलीम, गुड्डू खान, आजाद खान, हाजी सफीक आदि मौजूद रहे।

**ब्रीफ न्यूज**

### शंकराचार्य के साथ दुर्व्यवहार निंदनीय

**हल्द्वानी :** नवाबी रोड स्थित जय दुर्गा कॉलोनी में महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 धृती महाराज का शनिवार को आगमन हुआ। महामंडलेश्वर ने प्रयागराज में जगतगुरु शंकराचार्य और उनके समर्थकों के साथ हुए दुर्व्यवहार व मारपीट की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि संत समाज के साथ ऐसा व्यवहार असहनीय है और सरकार को तत्काल शंकराचार्य की सुरक्षा बढ़ानी चाहिए। साथ ही उन्होंने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग भी दोहराई।

### बिड़ला इंस्टीट्यूट के फेस्ट में दिखे विभिन्न रंग

**हल्द्वानी :** आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग में वार्षिक स्कूल फेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें रंग-बिरंगे स्टॉलों, खेलों और स्वादिष्ट व्यंजनों से स्कूल परिसर में उत्सव का माहौल रहा। फेस्ट के माध्यम से छात्रों में टीमवर्क, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास देखने को मिला। प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा सहित स्कूल प्रबंधन व अतिथियों ने गुब्बारे छोड़कर मेले का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। फेस्ट की थीम कौशल शिक्षा रही, जिस पर आधारित नृत्य-नाटिका के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का संदेश दिया गया। प्रधानाध्यापिका वंदना टम्टा, इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजर सुरेश बाजपेयी, अतिथि नंदिनी पंत और संगीता सिन्हा रहे।

# सीएम ने करोड़ों की योजनाओं का दिया उपहार

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कोटद्वार को बड़ी सौगात, बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल का किया शुभारंभ

ब्यूरो, पौड़ी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार में आयोजित बर्ड फेस्टिवल में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के विभिन्न विकासखंडों के लिए करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने कोटद्वार पहुंचकर सबसे पहले दिव्यांग बालक-बालिकाओं से मिलकर उनसे संवाद किया तथा उनकी शिक्षा के बारे में जाना। उसके बाद उन्होंने सिद्धबली मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। बाद में उन्होंने सनेह क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय बर्ड वाचिंग फेस्टिवल का शुभारंभ किया। यहां राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कोटद्वार की छात्राओं ने लोकभाषा गढ़वाली में स्वागत गान गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कुल 61 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 21 योजनाओं का शिलान्यास शामिल रहा, जिनकी कुल अनुमानित लागत 8,172.78 लाख रुपये रही। वहीं 40 योजनाओं का लोकार्पण किया गया, जिनकी कुल लागत 24,439.55 लाख रुपये रही। इस प्रकार कुल 32,612.33 लाख रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री ने कोटद्वार क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि बस टर्मिनल, आयुष चिकित्सालय, खोह नदी को प्रदूषण मुक्त करने हेतु एसटीपी की स्थापना, मालन नदी पर 26 करोड़ रुपये से अधिक लागत से पुल निर्माण तथा कोटद्वार-नजीबाबाद फोर लेन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।


कोटद्वार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को स्मृति चिह्न भेंट करते लोग। ● अमृत विचार

### जब सीएम ने कहा- सुरखाब के पंख लगे हैं क्या?

मुख्यमंत्री ने सुरखाब पक्षी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सुनहरे पंखों वाला दुर्लभ पक्षी सर्दियों के मौसम में उत्तराखण्ड आता है, जिस पर प्रचलित कहावत है कि सुरखाब के पंख लगे हैं क्या। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि अनेक पक्षी प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं, जिनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बर्ड फेस्टिवल कोटद्वार क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यहां प्रतिवर्ष लाखों प्रवासी पक्षी आते हैं तथा देश में पाई जाने वाली लगभग 1300 पक्षी प्रजातियों में से 400 से अधिक दुर्लभ एवं सुंदर प्रजातियाँ उत्तराखण्ड में पाई जाती हैं।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए घोषणाएं करते हुए कहा कि हल्दूखाता में नगरीय पेयजल योजना की खनन प्रभावित जीर्ण शीर्ण पाइपलाइन का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में दो कक्षा-कक्ष, पुस्तकालय, विज्ञान कक्ष, कंप्यूटर कक्ष तथा चहारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा। कोटद्वार में खोह नदी के दायें तट पर स्थित जीतपुर गांव में बाढ़ सुरक्षा कार्य किए जाएंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झंडीचौड़ में 108 एम्बुलेंस सेवा की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में चहारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने संत रविदास जयंती पर प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संत रविदास जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत रविदास की गणना भारत के महान संतों में की जाती है। उन्होंने जीवनपर्यंत मानव सेवा को अपना लक्ष्य बनाए रखा तथा समाज को समानता, एकता और भाईचारे का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने गुरु रविदास की जयंती की पूर्वसंध्या पर जारीअपने संदेश में कहा कि संत रविदास जी ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे संत रविदास की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए सभी की भलाई के लिए कार्य करें तथा उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुरीतियों को दूर करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

# सौभाग्य व सर्वार्थ सिद्धि बना रहे फलदायी योग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** माघ माह की पूर्णिमा का उपवास व स्नान दान आज (रविवार) है। इस दिन गंगा स्नान करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं।


डॉ. मंजू जोशी।

ज्योतिषाचार्या डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि मान्यता है कि माघ पूर्णिमा पर सभी देवतागण देवलोक से पृथ्वी पर विचरण करते हैं, साथ ही गंगा स्नान के लिए प्रयागराज आते हैं। इस वजह से माघ पूर्णिमा को गंगा स्नान को अति शुभ फल कारक माना जाता है। इस पूर्णिमा से शीत ऋतु समाप्त होकर ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होती है इसलिए भी माघ पूर्णिमा विशेष मानी गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की माघ पूर्णिमा अत्यंत ही शुभ फलदाई रहेगी क्योंकि इस बार प्रीति, आयुष्मान, सौभाग्य योग, पुष्य नक्षत्र तथा सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्णिमा सुबह 5:55 से 2 फरवरी को 3:41 बजे तक रहेगी।

**== ऐसे करें पूजन ==**

नित्य कर्म से निवृत्त होकर घर व मंदिर को स्वच्छ कर ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान करें यदि संभव न हो तो घर पर ही गंगाजल डालकर स्नान कर सकते हैं। सूर्य के सम्मुख खड़े होकर सूर्य को तिल डालकर अर्घ्य प्रदान करें सूर्य देव को धूप दीप अर्पित करें। तत्पश्चात पूजा स्थल पर अखंड दीप प्रज्वलित करें। श्री हरि विष्णु को गंगाजल से स्नान कराकर आसन प्रदान करें। श्री हरि को रोली, अक्षत कुमकुम, पीतांबर, पुष्प, दूर्वा, धूप, दीप अर्पित करें। सत्यनारायण की कथा का पाठ करें। प्रभु को भोग स्वरूप चरणामृत, पान सुपारी, पंचमेवा, पंच मिठाई, पंच फल, तुलसी के पत्ते एवं विशेष रूप से खीर का भोग अवश्य लगाएं। घी की 11 बत्तियां जला कर प्रभुकी आरती करें। चंद्रोदय के समय चंद्रदेव को स्टील या चांदी के बर्तन से अर्घ्य प्रदान करें। स्टील के पात्र में चंद्रमा का प्रतिबिंब बनाकर रोली, कुमकुम, अक्षत, चंदन, धूप दीप, नैवेद्य अर्पित कर घी के दीपक से आरती करें और खीर का भोग लगाएं। जिन जातकों का चंद्रमा कमजोर या नीच का है ऐसे जातकों को सफेद वस्तुओं का दान जैसे सफेद वस्त्र, चावल, चीनी, दही, घी, मोती, शंख, इत्यादि का दान करना अति शुभ रहेगा।

# मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राज्य की प्रभावी प्रस्तुति, 13 विषय पेश किए

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** नवा रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 17वीं बैठक में उत्तराखण्ड राज्य ने विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को मजबूती के साथ उठाया। बैठक में उत्तराखण्ड द्वारा 13 बिंदु, विषय प्रस्तुत किए गए, जो अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक रहे। राज्य की ओर से रखे गए विषयों पर केंद्र सरकार द्वारा सकारात्मक रुख व्यक्त किया गया।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की यह बैठक उत्तराखण्ड राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें न केवल राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों को केंद्र स्तर पर मजबूती से रखा गया, बल्कि इससे क्षेत्रीय सहयोग और समन्वय को भी नई गति मिलेगी। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री और वन एवं पर्यावरण आरके सुधांशु की अध्यक्षता में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रतिभाग किया।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 17वीं बैठक में परिषद के सदस्य राज्य छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की बैठक में मौजूद प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### बैठक से योजनाओं के क्रियान्वयन को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की बैठक राज्यों के बीच समन्वय को मजबूत करने और क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने का प्रभावी मंच है। मुख्यमंत्री धामी कहा कि उत्तराखण्ड ने इस बैठक में विकास, आधारभूत संरचना, प्रशासनिक प्रक्रियाओं और जनहित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ रखा है।

### स्वतिका, इशिता और आस्था मिस फेयरवेल

**हल्द्वानी :** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 11वीं के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इशिता जोशी, आस्था पंत और स्वतिका बिष्ट को उनके प्रदर्शन के आधार पर मिस फेयरवेल का खिताब दिया गया। मिस्टर फेयरवेल के लिए आराध्य जोशी, शुभम रैकुनी, अंशुल भट्ट को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आईडी जोशी, प्रकाश शर्मा, हेमा तिवारी और ऋचा कर्नाटक के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से किया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रविंद्र कुमार रौतेला ने विद्यार्थियों को जीवन में लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर निदेशक रश्मि रौतेला, सुरेश चंद्र मिश्रा, अकेडमिक कोर्डिनेटर बीबी जोशी, केसी पंत मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी शुरू नहीं हो सका क्रिकेट मैच

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नगर के ऐतिहासिक खेल मैदान में शनिवार से प्रस्तावित पृथ्वीराज स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता विवादों में घिर गई है। खेल विभाग और नगर पालिका के बीच चल रहे टकराव के कारण दूसरे दिन भी प्रतियोगिता शुरू नहीं हो सकी। स्थिति इतनी बिगड़ी कि मैदान में भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा, जिसे देखकर नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल सहित सभासदों ने कड़ा विरोध जताया।

खेल मैदान में प्रतियोगिता आयोजन को लेकर खेल विभाग और नगर पालिका के बीच लंबे समय से अधिकारों को लेकर खींचतान चल रही है। शनिवार को पालिका की ओर से पृथ्वीराज स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ होना था। संभावित विवाद को देखते हुए प्रशासन ने सुबह से ही मैदान में पुलिस बल तैनात कर दिया। जैसे ही पालिकाध्यक्ष सरस्वती खेतवाल, सभासदों और समर्थकों के साथ प्रतियोगिता शुरू करने पहुंचीं, खेल विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और विरोध दर्ज कराया। इसके बाद मैदान का माहौल तनावपूर्ण हो गया और प्रतियोगिता एक बार फिर शुरू नहीं हो सकी।


खेल मैदान में मौजूद पालिकाध्यक्ष सरस्वती खेतवाल, सभासद व अन्य। ● अमृत विचार

स्थिति बिगड़ते देख एसडीएम नवाजिश खलीक मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से वार्ता की। एसडीएम ने खेल विभाग का प्रस्ताव पालिकाध्यक्ष के समक्ष रखा, जिसमें सुझाव दिया गया कि दोनों ओर से आयोजित टीमों को सम्मिलित कर एक संयुक्त प्रतियोगिता कराई जाए। साथ ही, खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं और प्रमाण पत्र देने की बात भी कही गई। हालांकि नगर पालिका अध्यक्ष इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं हुईं। उनका कहना था कि पालिका द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में किसी प्रकार का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने खेल मैदान में पुलिस तैनाती को लेकर भी नाराजगी जताई और इसे लोकतांत्रिक गतिविधियों में अनावश्यक दखल बताया। विवाद के चलते मैदान में मौजूद खिलाड़ी और दर्शक निराश नजर आए। दो दिन बीत जाने के बावजूद प्रतियोगिता का शुभारंभ न हो पाना खेल प्रेमियों के लिए चिंता का विषय बन गया है। फिलहाल प्रशासन और नगर पालिका के बीच वार्ता जारी है, लेकिन जब तक सहमति नहीं बनती, प्रतियोगिता शुरू होने पर संशय बना हुआ है।

# पारा चिनारा बिरादरी के अध्यक्ष बने परविंदर सिंह


अध्यक्ष बनने पर परविंदर सिंह को बधाई देते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पारा चिनारा बिरादरी की बैठक शनिवार को राजेंद्र नगर स्थित श्री दुख निवारण साहिब गुरुद्वारे में संपन्न हुई। इसमें पिछले वर्ष में किए कार्यों पर चर्चा की गई और भविष्य की योजनाओं पर मंथन हुआ।

बैठक में समाज की सर्व सम्मति से परविंदर सिंह नागपाल को फिर से बिरादरी का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान सुरजीत सिंह, रंजीत सिंह, परमजीत सिंह, सतपाल सिंह, बनप्रीत सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### डॉ. अलंकार बने बी-ग्रेड आर्टिस्ट

**नैनीताल:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ. अलंकार महतोलिया को भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा बी-ग्रेड आर्टिस्ट घोषित किया गया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय और संगीत विभाग के लिए गौरव का विषय है।

डॉ. अलंकार महतोलिया एक कुशल गायक हैं। वर्तमान में वह बीते तीन वर्षों से संविदा आधार पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) की ओर से प्रो. ललित तिवारी, प्रो. नीलू, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. युगल, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. कुबेर गिनती, प्रो. अनिल बिष्ट, प्रो. दीपिका गोस्वामी, डॉ. अशोक कुमार सहित अनेक शिक्षकों ने बधाई दी।

# सूचना विभाग के अधिकारियों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** सूचना एवं लोक संपर्क विभाग मुख्यालय में तैनात मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जगदीश सिंह पटवाल एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश सिंह राणा के सेवानिवृत्त होने पर एक सादे समारोह में भावभीनी विदाई दी गई।

अपर निदेशक सूचना आशीष त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय, उप निदेशक रवि बिजरानिया ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने पटवाल एवं राणा के विभागीय योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कहा कि सूचना संघ को भविष्य में सेवानिवृत्त कार्मिकों के लिए कार्यक्रम करना चाहिए। इससे पुराने और नये कार्मिकों के विचारों का आदान-प्रदान होगा। इस अवसर पर फोटो फिल्म अधिकारी शेखर चन्द्र जोशी, सहायक लेखाकार कीर्ति सिंह पंवार, व्यवस्थाधिकारी रामपाल सिंह रावत ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार ने किया। सहायक निदेशक एलपी भट्ट, मनोज शुक्ला, राकेश धीमान, रणजीत सिंह बुदियाल, अंकित चौहान, प्रशांत रावत, संगठन मंत्री सत्येन्द्र विजल्वाण आदि रहे।


विदाई के दौरान अधिकारियों को उपहार देते साथी कर्मचारी। ● अमृत विचार

# हाईकोर्ट ने नामित सदस्यों की सदस्यता पर मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड के नामित सदस्यों की सदस्यता को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अवकाशकालीन न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की पीठ ने वक्फ बोर्ड व राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 10 मार्च को होगी।

मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी नसीम अहमद वारसी ने याचिका दायर कर कहा कि वक्फ बोर्ड में 11 सदस्य होते हैं जिनमें 5 सदस्य नामित और 6 सदस्य निर्वाचित होते हैं। निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल नए बोर्ड या कार्यकारिणी के गठन तक होता है। वहीं, नामित सदस्यों का नहीं होता है। उनके स्थान पर नए सदस्यों को नियुक्ति की जाती है। वक्फ बोर्ड का चुनाव 2022 में हुआ था तब से नामित सदस्य अपने पद पर बने हुए है जो कि संशोधित नियमावली के विरुद्ध है। लिहाजा उनको पद से हटाया जाए। यही नहीं वक्फ बोर्ड संशोधित नियमावली 2025 की धारा 14 भी यह कहती है कि नामित सदस्यों का कार्यकाल स्थायी नहीं है। निवार्चित सदस्य ही बोर्ड के सदस्य तब तक बने रहेंगे जब तक नए बोर्ड का गठन नहीं हो जाता। शनिवार को हुई सुनवाई के दौरान वक्त बोर्ड की तरफ से कहा गया कि याचिका पोषणीय नहीं है इसलिए इसे खारिज किया जाए।

**शिविर** जन-जन के द्वार अभियान के तहत राज्य में लगाए जा चुके हैं कुल 541 शिविर

# राज्य में 6,820 नागरिकों ने सेवाओं का लिया लाभ

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत शनिवार को प्रदेश में कुल 16 कैम्पों का आयोजन किया गया, जिनमें 6,820 नागरिकों ने प्रत्यक्ष रूप से सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। इसके अंतर्गत प्रदेशभर में निरंतर जनहितकारी शिविरों (कैम्पों) का आयोजन किया जा रहा है।

राज्य में कुल 541 कैम्पों से 4,28,183 नागरिकों तक सरकारी सेवाएं, समाधान और लाभ पहुंचाए जा चुके हैं। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उस विजन को साकार करती है, जिसमें सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करती है। इस अभियान के माध्यम से न केवल जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है, बल्कि जनता की सहभागिता भी शासन व्यवस्था में लगातार बढ़ रही है। पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशील प्रशासन की दिशा में यह अभियान उत्तराखण्ड में सुशासन का मजबूत आधार बन रहा है। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।


रामनगर में आयोजित शिविर में मौजूद विधायक व एडीएम। ● अमृत विचार

### शिविर में कई समस्याओं का हुआ निराकरण

**रामनगर :** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत शनिवार को विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं एडीएम विवेक राय की अध्यक्षता में रामनगर ब्लॉक की न्याय पंचायत चिल्किया के सरकारी स्कूल में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 23 विभागों ने स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि :शुल्क जांच कर मरीजों को दवाई भी वितरित की गई। शिविर में आई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जानकारी देते हुए एडीएम विवेक राय ने बताया कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में आज करीब तीन दर्जन से अधिक शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी पहल "जन-जन के द्वार सरकार" कार्यक्रम के तहत आज चौथा और अंतिम शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर चारों न्याय पंचायतों में आयोजित श्रृंखला का अंतिम चरण था, जिसमें जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी और रामनगर क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि चिंता की बात यह है कि जो समस्याएं पिछले शिविरों में उठाई गई थीं, वही समस्याएं इस अंतिम शिविर में भी दोहराई गईं। उन्होंने कहा कि शिविरों की सार्थकता तभी सिद्ध होगी, जब इन समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए और संबंधित अधिकारी निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर समाधान सुनिश्चित करें।


रविदास जयंती पर माल्यार्पण करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### रविदास ने समाज को एक करने का किया था काम

**हल्द्वानी :** संत शिरोमणि स्वामी रविदास की जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष दिनेश सागर के नेतृत्व में कालाढूंगी चौराहा पर संत रविदास को याद कर उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में मोर्चे के जिला अध्यक्ष रविंद्र बाली आर्य ने संत रविदास के जीवन में प्रकाश डाला। साथ ही बताया कि किस तरह उन्होंने समाज से जाति-पात के भेद मिटाकर एकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा का प्रसंग भी सुनाया। इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट, प्रताप रैक्वाल, सुधांशु पांडे, अजय आर्य, चंद्रशेखर परगाई, हरीश मनराल, संजय कुमार, अरविंद कुमार, नंदकिशोर आर्य, बुद्धसेन, जीवन आर्य, गणेश आर्य, अजय राज, बॉबी रेनू टंडन, आनंद राम, ऋषभ भारती आदि रहे।

### बास्केटबॉल में एसकेएम ने जीता कांस्य पदक

**हल्द्वानी :** एसकेएम स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ बास्केटबॉल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। देहरादून के परेड ग्राउंड में 26 से 29 जनवरी तक चली प्रतियोगिता में प्रदेश की विभिन्न टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में एसकेएम स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। स्कूल के प्रबंधक यूसी जोशी, सचिव पुष्पा जोशी, प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा, उप प्रधानाचार्या भामिनी चौहान जोशी, प्रशासक ऋषभ जोशी समेत सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी। कहा कि खिलाड़ी भविष्य में भी इसी तरह का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन करेंगे।

## ब्रह्मोस का उन्नयन निरंतर चलने वाली परियोजना

**मॉस्को।** ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों का उन्नयन और आधुनिकीकरण एक निरंतर चलने वाली परियोजना है, जिसका उद्देश्य हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकियों की ओर बढ़ना है। रूसी संयुक्त उद्यम साझेदार एनपीओ माशिनोस्ट्रोयेनिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और मुख्य डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव ने उन्नत मार्गदर्शन और नियंत्रण प्रणालियों से लैस ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से प्रक्षेपित किया जा सकता है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 1 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

### एयरबस को मिला पहला एच175 हेलीकॉप्टर का ऑर्डर

**हैदराबाद।** फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को एक निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है। साथ ही दो ओसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं। उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर के पहले से शामिल हैं। एच175 दो इंजन वाला सुपर-मीडियम हेलीकॉप्टर है, जिसमें कुल 16 सीटें होंगी। इसकी डिलिवरी इसी साल होने की संभावना है। दो एसीएच160 हेलीकॉप्टरों को ग्राहक विशेष जरूरत के हिसाब से तैयार किया जायेगा और उनकी डिलिवरी अगले साल होगी।

### सेल-ई-ब्रेशन रचनात्मक प्रतियोगिता शुरू की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारत सरकार के डिजिटल नागरिक सहभागिता मंच माईगव के सहयोग से सेल-ई-ब्रेशन नामक रचनात्मक प्रतियोगिता शुरू की है। सेल ने कहा कि इस पहल का मकसद नए भारत के निर्माण में इस्पात की भूमिका को डिजिटल कहानी से आम जन तक पहुंचाना है। इस्पात से राष्ट्र निर्माण, सेल है मजबूत भरोसे की पहचान थीम पर आधारित प्रतियोगिता में देश के डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को रील, चलचित्र और डिजिटल विज्ञापनों के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया गया है।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का लाभ 48% बढ़ा

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 48% की वृद्धि के साथ 503 करोड़ रुपये रहा। निजी क्षेत्र के इस ऋणदाता ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 339 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि आलोच्य तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 12,542 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,123 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय भी पिछले वर्ष की समान तिमाही के 9,343 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,417 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) बढ़कर 5,492 करोड़ रुपये रही।

# बैंक जमा, निवेश पर समान कर हो लागू

## एसबीआई प्रमुख शेट्टी बोले- वित्तीय बचत साधनों के लिए एक समान अवसर होने चाहिए

मुंबई, एजेंसी



- केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने की मांग

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने शनिवार को शेयर (इक्विटी) निवेश और बैंक जमा से होने वाली कमाई पर एक समान कर व्यवस्था लागू करने की वकालत की। केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने कहा कि दुनिया में अन्य कहीं भी कराधान में इस तरह की असमानता नहीं है और अब समय आ गया है कि भारत भी अन्य बाजारों के अनुरूप चले। उन्होंने बैंकिंग कार्यक्रम के इतर कहा कि वित्तीय बचत साधनों के लिए समान अवसर होने चाहिए।

शेट्टी ने बताया कि हालांकि वह बजट के प्रावधानों के बारे में नहीं जानते और इस तरह के कदम से राजकोषीय चुनौतियां भी हो सकती हैं, लेकिन इक्विटी के लिए किसी विशेष व्यवहार की आवश्यकता नहीं है। एक समय में आसान कराधान के माध्यम से इक्विटी निवेश को प्रोत्साहित करना सही रहा होगा, लेकिन आज जिस तरह से जोखिम भरे इक्विटी बाजार में लोगों की रुचि बढ़ रही है, वहां अब ऐसी विशेष रियायत की जरूरत नहीं है। वर्तमान में बैंक जमा पर रिटर्न करदाता के टैक्स स्लैब के अनुसार लगता है, जो 30 प्रतिशत तक हो सकता है। इसके विपरीत, सूचीबद्ध इक्विटी पर रिटर्न पर रियायती दरें लागू हैं, जिसमें 1.25 लाख रुपये से अधिक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) पर 12.5 प्रतिशत और अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (एसटीसीजी) पर 15-20 प्रतिशत कर लगता है।

### बचतकर्ता खातों में रख रहे केवल न्यूनतम शेष राशि

बैंकर पिछले कुछ समय से इन दोनों वित्तीय साधनों के बीच समानता की मांग कर रहे हैं और जमा राशि जुटाने में आ रही चुनौतियों के कारण अब यह मांग और तेज हो गई है। कई बैंकरों का कहना है कि बचतकर्ता अब काफी समझदार हो गए हैं और वे बैंक खातों में केवल न्यूनतम शेष राशि ही रख रहे हैं। वे बेहतर रिटर्न पाने के लिए अतिरिक्त धन को इक्विटी में लगाना पसंद कर रहे हैं। इससे बैंकों के पास ऋण देने के लिए उपलब्ध संसाधनों में कमी आती है और अक्सर उन्हें कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए सरकारी बॉन्ड में निवेश का सहारा लेना पड़ता है या मुद्रा बाजारों से उधार लेना पड़ता है।

### आठ नए क्षेत्रों को बढ़ाव देगा स्टेट बैंक का 'चक्र'

**मुंबई।** सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आठ नवोदित क्षेत्रों को वित्त पोषण देने के लिए शनिवार को उत्कृष्टता केंद्र चक्र की शुरुआत की। उत्कृष्टता केंद्र जिन आठ क्षेत्रों पर फोकस करेगा उनमें नवीकरणीय ऊर्जा, एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री एवं बैटरी स्टोरेज, इलेक्ट्रिक परिवहन, हरित हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, डी-कार्बनाइजेशन, स्मार्ट बुनियादी ढांचा और डाटा सेंटर अवसंरचना शामिल हैं। बैंक ने बताया कि ये क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक भविष्य के मुख्य चालक के रूप में उभर रहे हैं। 2030 तक इन सेक्टरों में 100 लाख करोड़ के पूंजी निवेश की संभावना है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की उपस्थिति में चक्र का उद्घाटन किया। बैंक के प्रबंध निदेशक, अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वैश्विक बैंकों के प्रतिनिधि, प्रमुख कॉरपोरेट समूह, वित्तीय संस्थान, उद्योग निकाय तथा पारितंत्र से जुड़े अन्य प्रमुख हितधारक भी उपस्थित थे।

## अरब देशों से व्यापार और निवेश को प्रगाढ़ बनाएगा भारत : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अरब देशों के साथ व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने शनिवार को अरब देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की, जिन्होंने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में अरब लीग भूमिका की सराहना की।

भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक के लिए अरब देशों के विदेश मंत्री नई दिल्ली में हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, मोदी ने भारत और अरब जगत के बीच प्रगाढ़ और ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने वर्षों से दोनों पक्षों के बीच संबंधों को प्रेरित और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों में भारत-अरब साझेदारी को लेकर अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया और पारस्परिक लाभ को व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग और गहरा करने में भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026

## ग्रीन एनर्जी आधारित इको-सिस्टम से सशक्त बनेगा प. उप्र



संवाददाता, मेरठ

- ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर रहे मुख्य अतिथि
- आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में 21, 22 एवं 23 फरवरी को होगा आयोजन

**अमृत विचार:** विक्टोरिया पार्क क्रिकेट ग्राउंड में इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026 का अनावरण/सॉफ्ट लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

आयोजकों ने बताया कि आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में इंडियन सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026 का आयोजन होगा। यह 21, 22 एवं 23 फरवरी 2026 को आईआईए भवन, मोहकमपुर औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित होगा। आईआईए का लक्ष्य एक्सपो के माध्यम से 500 करोड़ से अधिक का व्यवसाय करना है। इसका उद्देश्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कार्यरत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त और प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे उत्पादों और सेवाओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। आयोजकों ने बताया कि एक्सपो में कार्बन न्यूट्रैलिटी, सस्टेनेबिलिटी तथा ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में उद्यमिता के विकास जैसे विषयों पर सेमिनार होंगे। साथ ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग से जुड़ी सरकारी योजनाओं और प्रोत्साहनों पर भी प्रकाश डाला जाएगा। पीएम सूर्य घर और पीएम-कुसुम योजना एक्सपो के आकर्षण होंगे। आयोजकों को आशा है कि यह पहल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ग्रीन एनर्जी आधारित स्टार्टअप इको सिस्टम को सशक्त बनाएगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा एवं गति देगी।

## देश का चीनी उत्पादन 18.35% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- उद्योग निकाय इस्मा के अनुसार 2025-26 में 31 जनवरी तक 1.95 करोड़ टन पहुंचा

देश में चीनी उत्पादन चालू सत्र 2025-26 में 31 जनवरी तक 18.35 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ टन पर पहुंच गया है। उद्योग निकाय इस्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य उत्पादक राज्यों में उत्पादन बढ़ने से यह वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले सत्र की समान अवधि में चीनी का उत्पादन 1.64 करोड़ टन रहा था। चीनी सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अनुसार, वर्तमान में देशभर में 515 चीनी मिलें चालू हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 501 मिलें चल रही थीं। देश के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में 31 जनवरी तक चीनी का उत्पादन 42 प्रतिशत बढ़कर 78.7 लाख टन रहा। राज्य में अभी 206 मिलों का परिचालन हो रहा है, जबकि एक साल पहले इनकी संख्या 190 थी। दूसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में उत्पादन अब तक 55.1 लाख टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत अधिक है। इस्मा ने कहा कि तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य कर्नाटक में भी पेराई की गति तेज रही और वहां उत्पादन पिछले सत्र की इसी अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत बढ़ा है। इस्मा ने अनुमान जताया है कि 2025-26 के पूरे सत्र के लिए शुद्ध चीनी उत्पादन 18.6 प्रतिशत बढ़कर 3.09 करोड़ टन रह सकता है, जो पिछले सत्र में 2.61 करोड़ टन था।

## चावल सस्ता व गेहूं महंगा, खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव गिर गए जबकि गेहूं में तेजी रही। वहीं, चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 31 रुपये घटकर 3,810 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं चार रुपये चढ़कर 2,866 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। दाल-दलहनों में उड़द दाल की कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 59 और चना दाल 24 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 20 और तुअर दाल की 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंगफली तेल की कीमत 118 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।

## अडाणी अमेरिकी एसईसी से नोटिस लेने के लिए तैयार, 90 दिनों में देंगे जवाब

- रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह करने का आरोप

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) से दीवानी धोखाधड़ी के मुकदमे में कानूनी नोटिस लेने को तैयार हैं। अदालती दस्तावेज से यह जानकारी मिली। इन पर आरोप है कि उन्होंने रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह किया।

न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में संघीय अदालत में दायर दस्तावेज के अनुसार एसईसी और गौतम तथा सागर अडाणी के अमेरिका स्थित वकीलों ने कहा कि वकील नियामक के कानूनी कागजात स्वीकार करने को सहमत हो गए हैं। इससे न्यायाधीश को अब फैसला देने की जरूरत नहीं होगी कि प्रतिवादियों को नोटिस कैसे तामिल कराया जाए। यह संयुक्त आवेदन संबंधित अदालत के समक्ष मंजूरी को प्रस्तुत किया गया है। यह कानूनी कार्यवाही में मानक प्रक्रियात्मक कदम है, जो मामलों के समाधान की अनुमति देता है।

### अनुपालन बोझ कम करने पर आईबीबीआई का जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के चेयरपर्सन रवि मित्तल ने शनिवार को कहा कि नियमों की प्रभावशीलता को बनाए रखते हुए अनुपालन आवश्यकताओं को कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने मजबूत कॉरपोरेट शासन के महत्व पर भी बल दिया। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा ग्रेटर नोएडा में आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स के सत्र में मित्तल के साथ सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय और एनएफआरए के चेयरपर्सन नितिन गुप्ता ने भी विचार साझा किए। मित्तल ने कहा कि कानूनों के बेहतर कार्यान्वयन और कम अनुपालन की आवश्यकता है। उन्होंने जानकारी दी कि आईबीबीआई ने आईआईएम अहमदाबाद से अपने नियमों की समीक्षा करने और अनुपालन आवश्यकताओं को सरल बनाने के लिए कहा है।



# टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं : शाह

## सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया संबोधित

- सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ के लिए जमीन न देने का लगाया आरोप

कोलकाता/सिलीगुड़ी, एजेंसी



कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सुवेंदु अधिकारी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार जितनी भ्रष्ट कोई और सरकार देश में नहीं है। सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने राज्य सरकार पर सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा डालने और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जमीन उपलब्ध न कराने का भी आरोप लगाया।

शाह ने कहा कि मैंने संसद में कहा था कि बीएसएफ को बाड़ लगाने के लिए जमीन की जरूरत है। मैंने ममता बनर्जी को सात बार पत्र लिखा। मैं खुद भी उनके कार्यालय गया, लेकिन फिर भी जमीन नहीं दी गई। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में समुदायों के बीच तनाव को बढ़ावा दे रही है। ममता बनर्जी ने यह सुनिश्चित किया है कि बंगाल में हर समुदाय एक-दूसरे से लड़े, जिससे राज्य की एकता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अमित शाह ने कहा कि भाजपा उत्तर बंगाल की सभी सीट पर जीत हासिल करेगी, क्योंकि लोग टीएमसी के सिंडिकेट राज और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं।

### घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही टीएमसी

शाह ने आरोप लगाया कि राज्य के अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने में निर्वाचन का सहयोग नहीं कर रहे। इससे पहले, उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक में शाह ने टीएमसी सरकार पर घुसपैठियों को बचाने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और चुनावी फायदे के लिए सीमा सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार का गठन अब सिर्फ राजनीतिक मकसद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो जाएगी।

### सरकार बनते ही 45 दिनों में सीमा पर लगेगी बाड़

शाह ने कहा कि जिस तरह से पश्चिम बंगाल में घुसपैठ हो रही है, वह पूरे देश के लिए सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। अदालत के आदेश के बाद भी टीएमसी बीएसएफ को सीमा पर बाड़बंदी के लिए जमीन नहीं दे रही है, क्योंकि घुसपैठिए उसके वोट बैंक हैं। राज्य में प्रशासन और पुलिस अवैध प्रवासियों को नहीं रोक रही है, जिन्हें जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके पूरे देश में भेजा जा रहा है। शाह ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्वीकार किया कि मुख्यमंत्री बनर्जी सीमा पर बाड़ लगाने को भूमि देने में सहयोग नहीं कर रही हैं। चाहे ममता हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार 31 मार्च तक भूमि दें या नहीं, अप्रैल में भाजपा का मुख्यमंत्री बनते ही 45 दिनों में सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा कर दिया जाएगा। असम से तुलना करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहां घुसपैठ रुक गई, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान ऐसा नहीं था। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर शाह ने कहा, ममता जितना विरोध करना चाहें करें, लेकिन यह प्रक्रिया घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए जारी रहेगी।

## नीट अभ्यर्थी की मौत की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने पटना में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा की हाल ही में हुई मौत की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की है। इससे पहले, बिहार पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) इसकी जांच कर रहा था।

जहानाबाद की छात्रा इस महीने की शुरुआत में पटना के चित्रगुप्त नगर में हॉस्टल के कमरे में बेहोश मिली थी और कई दिन तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को उसकी मौत हो गई। छात्रा के परिवार ने उसका यौन उत्पीड़न होने और अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। चौधरी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत सरकार से पटना में नीट छात्रा की हत्या के मामले (केस नंबर- 14/26) की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया है।

## राकांपा ने विलय पर साधी चुप्पी गोयल बोले- ऐसी उम्मीद नहीं

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

- राकांपा (शप) का दावा- अजित दोनों गुटों के विलय की रखते थे इच्छा, शरद पवार ने भी स्वीकारा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को पार्टी के प्रतिद्वंद्वी गुटों के विलय की संभावनाओं पर सतर्कतापूर्ण चुप्पी साधे रखी, जबकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में ऐसा होने की कोई उम्मीद नहीं है। दूसरी ओर, राकांपा (शप) के नेताओं ने दावा किया कि अजित पवार दोनों गुटों के विलय की इच्छा रखते थे लेकिन पार्टी प्रमुख शरद पवार ने स्वीकार किया कि अब इस प्रक्रिया में बाधा आ सकती है।

राकांपा के एक गुट का नेतृत्व अजित पवार कर रहे थे और दूसरे की कमान उनके चाचा शरद पवार के पास है। अजित पवार का दो दिन पहले विमान दुर्घटना में निधन हो गया था। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार के हिस्से के रूप में राकांपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। गोयल ने राकांपा के दोनों गुटों के विलय की चर्चा पर कहा कि व्यक्तिगत रूप से मुझे ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। राकांपा का नेतृत्व पहले अजित पवार के पास था और अब सुनेत्रा पवार के पास है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रफुल्ल पटेल को राकांपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुझे नहीं लगता कि शरद पवार को राकांपा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा क्योंकि उन्होंने जनता का विश्वास खो दिया है। मुंबई में राकांपा नेताओं प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।

## बंगाल : एनआईए ने बेलडांगा हिंसा की जांच की शुरू

**कोलकाता।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में भड़की हिंसा की जांच शनिवार को शुरू की। यह हिंसा झारखंड में इस महीने की शुरुआत में एक प्रवासी मजदूर की मौत की खबर के बाद भड़की थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनआईए की टीम सुबह बेलडांगा पुलिस थाना पहुंची और जांच में पहले से शामिल अधिकारियों से बात की और उनसे दस्तावेज मांगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए संघीय एजेंसी ने नए सिरे से प्राथमिकी दर्ज की है। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि क्या हिंसा किसी संगठित साजिश, भ्रामक जानकारी के प्रसार या सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के लिए की गई उकसावे की कार्रवाई का परिणाम थी। बेलडांगा और आसपास के इलाकों में 16 जनवरी को उस समय तनाव फैल गया जब खबर आई कि इलाके के प्रवासी मजदूर की झारखंड के आश्रय स्थल पर मौत हो गई है। बिहार में इसी क्षेत्र के एक प्रवासी मजदूर पर हुए हमले की खबर आने के बाद लगभग दो दिनों तक स्थिति अस्थिर बनी रही और इलाके में अशांति की घटनाएं सामने आईं।

## फरवरी में तापमान होगा सामान्य से अधिक, बारिश भी होगी कम

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएमडी के अनुसार, गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की हो सकती है समस्या, पैदावार होगी कमजोर

देश में फरवरी में मौसम सामान्य से अधिक गर्म रहने और बारिश कम हो सकती है, हिमालयी क्षेत्र में जहां सर्दियों के शुष्क होने को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जोड़ा जा सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पूरे देश में फरवरी में होने वाली बारिश सामान्य से कम होगी और न्यूनतम और अधिकतम तापमान, दोनों सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की समस्या हो सकती है, जिससे बाली में दाने नहीं बनेंगे और दाने हल्के हो जायेंगे तथा पैदावार कम हो जायेगी। महापात्र ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी भारत (जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं) में फरवरी में मासिक वर्षा सामान्य से कम रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि दिसंबर और जनवरी के ज्यादातर भागों में पश्चिमी विक्षोभ की गैर मौजूदगी के कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सर्दियों में मौसम शुष्क बना रहा, जहां 20 जनवरी के बाद ही हिमपात हुआ। समय के साथ पश्चिमी हिमालय में वर्षा में कमी का रुझान देखा गया है, जिससे आईएमडी और अन्य संस्थानों द्वारा किए अध्ययनों में जलवायु परिवर्तन को बताया गया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का कौन सा विशेष पहलू पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बारिश में कमी का कारण है।


## मोदी के जालंधर दौरे से पहले डेरा बल्लां और दो स्कूलों को बम की धमकी

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां के मुख्यालय का दौरा करने से एक दिन पहले शनिवार को संप्रदाय और दो स्कूलों को बम विस्फोट की धमकियां मिलीं। धमकी भरे ईमेल विद्यालयों को भेजे गए हैं और संदेश के पाठ में डेरा बल्लां को सीधे धमकी दी गई है।

पुलिस प्राधिकारियों ने दोनों स्कूल के परिसर में सुरक्षा जांच शुरू कर दी है और बम निरोधक दस्तों को बुलाया गया है। अवकाश होने के कारण विद्यालयों में छात्र नहीं थे। प्रधानमंत्री का गुरु रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को डेरा बल्लां जाने का कार्यक्रम है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इससे पहले बुधवार को चंडीगढ़ के कई विद्यालयों को धमकियां मिली थीं।

## साइबर अपराधों से लोगों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र बनाने की जरूरत

जयपुर, एजेंसी



- साइबर अपराधों पर हाईकोर्ट सख्त, दो अपराधियों की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

राजस्थान हाईकोर्ट ने बढ़ते साइबर अपराधों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि कुछ वर्षों में देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे हजारों लोग अपनी मेहनत की कमाई खो रहे हैं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढंढ ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों की जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से नागरिकों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र तैयार किया जाना आवश्यक है।

ऑनलाइन बैंकिंग या किसी भी डिजिटल लेन-देन से पहले लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, टेलीविजन और एफएम रेडियो के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए, ताकि लोग डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकें। हाईकोर्ट ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को सरल और तेज करने पर भी ज़ोर दिया। न्यायालय के अनुसार, शिकायत प्रणाली जटिल होने के कारण कई पीड़ित समय रहते मदद नहीं ले पाते, जिससे उनका पैसा वापस पाना कठिन हो जाता है।

अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों के वित्त एवं गृह मंत्रालयों, राजस्थान के पुलिस महानिदेशक और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिये हैं कि वे मिलकर ऐसा तंत्र विकसित करें, जिससे ग्राहकों की मेहनत की कमाई अनधिकृत लेन-देन से सुरक्षित रहे। साथ ही, न्यायालय ने ग्राहकों का डेटा बेचकर अपराधियों को फायदा पहुंचाने वाली सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिये। अदालत ने कहा कि साइबर अपराध केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का गंभीर मुद्दा बन चुके हैं।

# अमेरिका अपने सहयोगी देशों सऊदी अरब और इजराइल को देगा हथियार

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 अरब डॉलर के रक्षा सौदे को दी मंजूरी

वाशिंगटन, एजेंसी

व्हाइट हाउस ने ईरान में अशांति को लेकर तनाव के बीच पश्चिमी एशिया में अमेरिका के दो बड़े सहयोगी देशों, इज़राइल और सऊदी अरब को कुल 15.67 अरब अमेरिकी डॉलर की बड़ी नई हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सौदे को मंजूरी दे दी है। इज़राइल को 6.67 अरब डॉलर की नई बिक्री में चार अलग-अलग पैकेज शामिल हैं, जिसमें रॉकेट लॉन्चर और आधुनिक टारगेटिंग गियर से लैस 30 अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर शामिल हैं। इसके अलावा इज़राइली सेना के लिए संचार लाइनें बढ़ाने के मकसद से 3,250 हल्के टेक्टिकल वाहन शामिल हैं। कहा गया है कि सऊदी अरब को नौ अरब डॉलर की बिक्री में 730 पैट्रियट मिसाइलें और संबंधित उपकरण शामिल हैं। इसका मकसद एक प्रमुख क्षेत्रीय गैर-नाटो सहयोगी का समर्थन करना है। विदेश विभाग ने पहले ही कांग्रेस को इन बिक्री की मंजूरी के बारे में सूचित कर दिया था।

### इजराइली राजनयिक को देश से निकाला

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने इज़राइल के राजनयिक चार्ज डी अफेयर्स एरियल सेडमैन को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित करते हुए उन्हें 72 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके जवाब में इज़राइल ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ समान कूटनीतिक कदम उठाने की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग ने कहा कि यह निर्णय सेडमैन द्वारा कूटनीतिक मानदंडों के उल्लंघनों की श्रृंखला के बाद लिया गया है।

## डिजिटल दीवानगी का खूनी खेल

# रील एडिक्शन



आज के डिजिटल युग में रील शब्द किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर चंद सेकंड के वीडियो (रील्स) लोगों के मनोरंजन का सबसे बड़ा साधन बन चुके हैं। लेकिन, मनोरंजन की यह सीमा कब मौत के स्टंट में तब्दील हो गई, इसका अंदाजा शायद उन युवाओं को भी नहीं रहा जो कैमरे के सामने खड़े होते हैं। सोशल मीडिया पर लाइक्स, शेयर और रातों-रात वायरल होने की सनक ने एक ऐसा खतरनाक माहौल पैदा कर दिया है, जहां लोग अपनी और दूसरों की जान को दांव पर लगाने से भी नहीं कतरा रहे हैं। आंकड़े गवाह हैं कि सेल्फी और रील बनाने के चक्कर में होने वाली मौतों के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। ट्रेन की पटरियों पर दौड़ते हुए वीडियो बनाना, ऊंची इमारतों की छतों पर स्टंट करना खतराए जान बन चुकी है।

### सुरक्षा के साथ मनोवैज्ञानिक संकट

- यह न केवल एक सुरक्षा संबंधी मुद्दा है, बल्कि बड़ा मनोवैज्ञानिक संकट भी है। युवा पीढ़ी के लिए सोशल मीडिया पर मिलने वाली डिजिटल अटेंशन एक तरह के डोपामाइन रश की तरह काम करती है, जो उन्हें अधिक जोखिम लेने के लिए उकसाती है। सरकार और प्रशासन समय-समय पर इसके खिलाफ एडवाइजरी जारी करते हैं, लेकिन व्यक्तिगत जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता के बिना इन हादसों को रोकना एक बड़ी चुनौती बना रहेगा। इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल उत्तराखंड में ही पिछले दो वर्षों में रेलवे ट्रैक पर होने वाली मौतों में 63% की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण रील और सेल्फी का शौक बताया गया है।

### बचाव के कुछ उपाय

- तकनीकी हस्तक्षेप : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे एल्गोरिदम विकसित करने चाहिए जो खतरनाक स्टंट वाले वीडियो को प्रमोट करने के बजाय उन्हें सेंसर करें।
- प्रशासनिक सख्ती : पर्यटन स्थलों, झरनों और ऊँची चोटियों पर नो रील/नो सेल्फी जोन चिन्हित किए जाने चाहिए।
- शैक्षणिक जागरूकता : स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता और सोशल मीडिया के मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में वर्कशॉप आयोजित की जानी चाहिए।
- कानूनी कार्रवाई : खतरनाक रील बनाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने और भारी जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार रील बनाने की सनक डिजिटल वैनिटी का हिस्सा है। लोग असली जिंदगी से भागकर एक आभासी दुनिया में आदर्श छवि बनाना चाहते हैं, जिससे वे खतरनाक परिस्थितियों को भांप नहीं पाते हैं।

### सरकार के निर्देश और नियम

- आईटी नियम 2025-26 : केंद्र सरकार ने आईटी एमेंडमेंट रूल्स 2025 के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को हानिकारक और अश्लील सामग्री पर रोक के सख्त निर्देश दिए हैं।
- पुलिस की कार्रवाई : कई राज्यों की पुलिस (जैसे हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश) ने खतरनाक सड़कों और रेलवे पटरियों पर रील बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना शुरू कर दिया है।
- बीएनएस की धाराएं : भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत सार्वजनिक स्थानों पर जान जोखिम में डालने वाले कृत्यों पर दंड का प्रावधान है। उदाहरण के लिए, वंदे भारत ट्रेन के ट्रैक पर अवरोध उत्पन्न कर रील बनाने वालों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान में एक इमारत में धमाका, चार की मौत

**तेहरान।** ईरान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत खुज़ेस्तान में शनिवार को एक रिहायशी इमारत में गैस धमाके में चार लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख बावक रबीई के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी अहवाज़ में स्थित चार यूनिट वाली इमारत में गैस लीक होने के कारण हुई। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया है।

### बैलेस्टेरास की तांबे की प्रतिमा के टुकड़े मिले

**मैड्रिड।** स्पेन के दिग्गज गोल्फ खिलाड़ी सेवे बैलेस्टेरोस की उनके गृहनगर पेट्रेना से चोरी हुई तांबे की आदमकद प्रतिमा को पुलिस ने एक स्टोर से कई टुकड़ों में बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि करीब 30 हजार यूरो (लगभग 27 लाख रुपये) मूल्य की इस प्रतिमा को चोरों ने टुकड़ों में काट दिया था और वे इसे कौड़ियों के भाव बेचने की तैयारी में थे। स्पेन के कैंटाब्रिया क्षेत्र स्थित सेंटेंडर के एक स्टोर रूम से बरामद इस प्रतिमा का कमर से कटा आधा हिस्सा मिला। इसका धड़ और सिर सुरक्षित हैं, लेकिन इसके हाथ कई टुकड़ों में टूट हुए पाए गए। पुलिस ने इस मामले में तांबा चोरी के पुराने अपराधी एक 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।

### वेनेजुएला में रिहा होंगे राजनैतिक बंदी

**काराकस।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को एक ऐसे विधेयक की घोषणा की, जिसके जरिए सैकड़ों कैदियों की रिहाई का रास्ता खुल सकता है। इनमें राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए विपक्षी नेता, पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी शामिल हैं। अमेरिका समर्थित विपक्ष लंबे समय से ऐसे कदम की मांग करता रहा है। यह तीन जनवरी को देश की बागडोर संभालने के बाद रोड्रिगेज द्वारा दी गई नई रियायत मानी जा रही है।

### झड़पों में 37 बलूच लड़ाकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों और बलूच लड़ाकू के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 सुरक्षा अधिकारी मारे गए और 37 बलूच लड़ाकों की मौत हो गई। सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित बलूचिस्तान मुक्ति सेना (बीएलए) ने शनिवार सुबह-सुबह क्वेटा, नोशकी और ग्वादर जिलों सहित 12 से ज़्यादा जगहों पर एक साथ हमले किये। पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई में 37 लड़ाके मारे गए।

# अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास, एलान से तनाव

## अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की चेतावनी, हरमुज में सुरक्षित रूप से अभ्यास करे ईरान

- युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान को बर्दाश्त नहीं करेगा अमेरिका

फ्लोरिडा/दुबई, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान की तरफ अपना सबसे बड़ा सैन्य बेड़ा भेजा है, जिससे पश्चिम एशिया में मौजूदा तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। वहीं ईरान ने भी मोर्चा संभालते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास की घोषणा की है। इस पर अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान ने ईरानी सेना को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान भरने जैसे असुरक्षित युद्धाभ्यास को बर्दाश्त नहीं करेगा।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान की इस्लामी रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से कहा है कि वह रविवार से हरमुज़ की खाड़ी में शुरू होने वाला अपना नौसैनिक अभ्यास सुरक्षित तरीके से करे और किसी भी अनावश्यक जोखिम को जन्म न दे। सेंटकॉम ने कहा कि आईआरजीसी नौसैनिक अभ्यास को इस तरह से करे जो सुरक्षित, पेशेवर हो और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए नौपरिवहन की आज़ादी को अनावश्यक जोखिम से बचाए। हरमुज़ खाड़ी एक अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग है और एक ज़रूरी व्यापार गलियारा है, जो क्षेत्रीय आर्थिक समृद्धि में मदद करता है।

ईरान ने गुरुवार को एलान किया था कि वह हरमुज़ की खाड़ी में रविवार से नौसैनिक अभियान शुरू करेगा। ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की नौसेना एक और दो फरवरी को हरमुज खाड़ी में गोलीबारी के साथ अभ्यास करेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में अपना विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन भी तैनात किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका हवाला देते हुए ईरान से अपनी शर्तें मानने के लिए भी कहा है।



### पुतिन से मिले ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह एक अघोषित उच्च स्तरीय बैठक थी। ईरान के शीर्ष नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार लारीजानी को पिछले साल अगस्त में इस पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद मॉस्को आए थे। क्रेमलिन ने कहा कि राष्ट्राध्यक्ष ने क्रेमलिन में रूस की यात्रा पर आए ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह नहीं बताया गया कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई।

### ईरान बातचीत के लिए तैयार : ट्रंप

**वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गई है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया। ईरान के पास एक अमेरिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का ज़िक्र करते हुए कहा, उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है। अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बातचीत को तैयार है।

## भारत में निपाह वायरस के मामलों से न घबराएं

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने भारत में जानलेवा निपाह वायरस के दो मामले सामने आने के बाद कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है और देश के लिए फिलहाल कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि वह राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान (एनआईसीडी) के साथ मिलकर काम कर रहा है, जो स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई तात्कालिक खतरा नहीं है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। नई दिल्ली में, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) से मिली जानकारी का हवाला देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल दिसंबर से अब तक पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस रोग के केवल दो मामले सामने आए हैं।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि निपाह वायरस से संक्रमित दोनों नर्सों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हुआ है और दोनों की जांच रिपोर्ट में अब संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। निपाह वायरस पशुओं से फैलने वाला एक वायरस है, जो आमतौर पर चमगादड़ों से मनुष्यों में फैलता है।

# हमने सिर झुकाया, किया आत्मसम्मान से समझौता

- विदेशी ऋण पाने में अपमान पर बोले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मित्र देशों से वित्तीय सहायता मांगने में अपमानजनक स्थिति का जिक्र करते हुए इस बात को खुलकर स्वीकारा कि विदेशी ऋण लेने की मजबूरी में पाकिस्तान को अपना सिर झुकाना पड़ा है और आत्मसम्मान की कीमत पर समझौता करना पड़ा। इस्लामाबाद में शुक्रवार को देश के प्रख्यात व्यापारियों और निर्यातकों के सम्मान में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए शरीफ ने उस कठिन दौर को याद किया जब पाकिस्तान को दिवालियापन के डर का सामना करना पड़ा था और कुछ लोग इसे (पाकिस्तान को) तकनीकी रूप से विफल होने के कगार पर बता रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब हमने पदभार संभाला, तब आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक थी और आम आदमी को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। प्रधानमंत्री ने 2023 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के प्रबंध निदेशक के साथ अपनी मुलाकात का जिक्र किया जिसके बाद वैश्विक ऋणदाता ने एक आर्थिक कार्यक्रम को मंजूरी दी जिससे देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिली। शरीफ ने कहा कि मित्र देशों ने मुश्किल समय में पाकिस्तान का पूरा समर्थन किया है और उन्होंने सेना प्रमुख एवं रक्षा बलों के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ मिलकर कई देशों के नेताओं से अरबों डॉलर के ऋण मांगने के लिए मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मैं कैसे बताऊं कि हमने मित्र देशों से ऋण के लिए किस तरह अनुरोध किया? मित्र देशों ने हमें निराश नहीं किया।



### चुकानी पड़ती है ऋण की कीमत

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऋण से दायित्व भी उत्पन्न होते हैं जिन्हें पूरा करना होता है। उन्होंने कहा कि जब आप ऋण लेने जाते हैं तो आपको अपने आत्मसम्मान की कीमत चुकानी पड़ती है। आपको समझौता करना पड़ता है। कभी अनुचित मांगें सामने आ सकती हैं, उन्हें पूरा करना पड़ सकता है।

## हवाई अड्डे से 9.5 करोड़ रुपये का गांजा पकड़ा गया

**हैदराबाद।** तेलंगाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 9.5 करोड़ रुपये का 27.15 किलो गांजा जब्त किया और सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया। हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई के डीआरआई अधिकारियों ने 30 जनवरी को सुबह करीब 1.15 बजे थाई एयरवेज की उड़ान टीजी-329 से बैंकॉक से आ रहे चार भारतीय अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को उनके तीन साथियों के साथ उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे प्रतिबंधित सामान का लेन-देन कर रहे थे। जांच में ट्रॉली बैग से कई पैकेट बरामद किए। उसका 27.15 किलो वजन वाले इस पदार्थ का मादक पदार्थो का पता लगाने वाली किट से परीक्षण किया गया।

# पूर्वी कांगो में खदान ढहने से 200 लोगों की चली गई जान

- बारिश के चलते भूस्खलन से हुआ हादसा, कई लोग अभी फंसे

गोमा (कांगो), एजेंसी

पूर्वी कांगो में एक प्रमुख कोल्टन (कोलंबाइट-टैंटलाइट) खनन स्थल पर भूस्खलन के कारण कई खदानें ढह जाने से कम से कम 200 लोग मारे गए। विद्रोहियों की इकाई ने यह जानकारी दी। विद्रोहियों की इकाई द्वारा नियुक्त उत्तरी किवू प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता लुमुम्बा कंबेरे मुयिसा ने बताया कि यह भूस्खलन बुधवार को रुबाया खदानों में हुआ जो विद्रोहियों के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि भूस्खलन भारी बारिश के कारण हुआ।

मुयिसा ने कहा कि फिलहाल 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से कुछ अब भी कीचड़ में फंसे हुए हैं और उन्हें निकाला नहीं जा सका है। उन्होंने बताया कि घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं और उन्हें रुबाया कस्बे के तीन स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को घायलों को एंबुलेंस से निकटतम शहर गोमा ले जाया जाएगा। मुयिसा ने बताया कि उत्तरी किवू की विद्रोही इकाई द्वारा नियुक्त गवर्नर ने अस्थायी रूप से खनन कार्य पर रोक लगा दी और खदान के पास आश्रय बनाने वाले निवासियों को हटाने का आदेश दिया है। रुबाया पूर्वी कांगो के मध्य में है जो मध्य अफ्रीकी राष्ट्र का खनिज-समृद्ध हिस्सा है और दशकों से सरकारी बलों तथा रवांडा समर्थित एम23 सहित विभिन्न सशस्त्र समूहों की हिंसा से त्रस्त है।

## केंद्र ने आईजी पद पर तैनाती के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में एसपी या डीआईजी पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा। इसका उद्देश्य नेतृत्व वाले वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति से पहले अधिकारियों के लिए केंद्रीय स्तर पर पर्याप्त अनुभव सुनिश्चित करना है। आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2011 बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों के लिए केन्द्र में आईजी के लिए एसपी या डीआईजी स्तर पर दो वर्ष की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अनिवार्य है।

# गाजा में इजराइली हमलों में बच्चों सहित 30 फिलिस्तीनियों की मौत

- मृतकों में दो परिवारों की दो महिलाएं व छह बच्चे भी शामिल

गाजा पट्टी, एजेंसी

गाजा में शनिवार तड़के इजराइल द्वारा किए गए हमलों में 30 फलस्तीनियों की मौत हो गई। अक्टूबर में हुए संघर्ष विराम के बाद इजराइली हमले में मारे गए लोगों की यह सबसे अधिक संख्या है। विभिन्न अस्पतालों के अधिकारियों ने बताया कि इजराइल द्वारा हमास पर संघर्ष विराम उल्लंघन का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद गाजा में कई स्थानों पर हमले हुए, जिनमें एक इमारत और खान यूनिस में तम्बू वाले एक शिविर पर घातक हमले शामिल हैं।

इन हमलों में जान गंवाने वाले लोगों में दो अलग-अलग परिवारों की दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया ने बताया कि गाजा शहर में एक थाने पर भी हवाई हमला हुआ, जिसमें 14 लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए। नासिर अस्पताल ने कहा कि तम्बू वाले शिविर पर हमले के कारण आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति, उसके परिवार के छह सदस्यों सहित सात लोग मारे गए। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। शिफा अस्पताल ने कहा कि शनिवार सुबह गाजा सिटी अपार्टमेंट इमारत पर हमले में तीन बच्चों, उनकी चाची और दादी की मौत हो गई, पुलिस थाने पर हमले में चार महिला पुलिसकर्मियों सहित 11 अधिकारियों और हवालात में बंद कैदियों की मौत हो गई।


### हमले संघर्ष विराम का खुला उल्लंघन

हमास ने शनिवार के हमलों को नए सिरे से खुला उल्लंघन कहा तथा अमेरिका और अन्य मध्यस्थ देशों से आग्रह किया कि वे इजराइल पर हमले रोकने के लिए दबाव डालें। एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि एक दिन पहले संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने के जवाब में इजराइल ने शुक्रवार देर रात से शनिवार तड़के तक हमले किए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम शुरू होने के बाद से इजराइली गोलीबारी में 509 के मारे जाने का दावा किया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 2 फरवरी 03 .38 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 23 .58 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** — आज दूसरों के भरोसे अपने जरूरी काम न छोड़ें। हालांकि पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी।

**वृष** — आज मन में अज्ञात भय का प्रभाव रहने वाला है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** — आज व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं। आपके आदर्शों और व्यवहार की प्रशंसा होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है।

**कर्क** — आज अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बुजुर्ग आपसे नाराज हो सकते हैं। धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर मिल सकता है। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। रुके हुए निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं।

**सिंह** — आज घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। नए लोगों से दोस्ती करने से बचें। आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों से व्यवहार अच्छा रखें। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है।

**कन्या** — आज अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे।

**तुला** — आज शाम के समय मित्रों के साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं। प्रेम-प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। किसी इंटरव्यू में बैठ रहे हैं, तो आपको काफी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**धनु** — आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। लोग आपके कार्यों की आलोचना कर सकते हैं। जीवन में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए।

**मकर** — आज व्यापार में बिक्री बढ़ सकती है। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें। आप अपने परिजनों को पूरा समय देंगे। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे, वे आपको प्राप्त हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों को परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं।

**मीन** — आज सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। करियर को लेकर किसी से सलाह लेना उचित नहीं है। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

## सुडोकू -48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 9 | | 1 | | | |
| 9 | | 3 | | 2 | | | 5 | |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| 5 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 4 | | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | 6 | | | | 9 |
| | 1 | | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | 1 | |

### सुडोकू - 47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 | 1 |



टी-20 क्रिकेट में बेशक हमारी टीम सबसे अच्छी टीम में से एक है—आपका दिन कभी भी खराब हो सकता है। लेकिन अगर आप क्रिकेट की बात कर रहे हैं तो आपको टेस्ट क्रिकेट की बात करनी होगी।
–कपिल देव


# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

हल्द्वानी, रविवार, 1 फरवरी 2026


हाईलाइट

## कपिल ने टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव का मानना है कि विश्व कप के लिए उतरने से पहले राष्ट्रीय टीम टी20 क्रिकेट में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनी हुई है लेकिन उन्होंने जोर दिया कि टेस्ट क्रिकेट को इस खेल की नींव बनाए रखना चाहिए। भारत की तैयारी पर बात करते हुए कपिल ने कहा कि जहां सबसे छोटा प्रारूप लोकप्रिय हुआ है तो वहीं खेल की बेहतर सेहत सुनिश्चित करने के लिए लंबे प्रारूप पर भी उतना ही ध्यान देना चाहिए। विश्व कप 1983 में भारत की खिताबी जीत के दौरान टीम के कप्तान रहे कपिल ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा उन्होंने कहा एकदिवसीय क्रिकेट को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैं समझता हूं कि टी20 क्रिकेट रोमांचक है लेकिन खेल का आधार टेस्ट क्रिकेट है और हमें इसके साथ एकदिवसीय क्रिकेट में भी अधिक समय निवेश करना चाहिए।

## गुकेश की खिताब की उम्मीदें खत्म

**विक आन जी।** डी गुकेश ने हमवतन अरावेंद चिदंबरम से ड्रॉ खेला जिससे टाटा स्टील मास्टर्स 2026 में इस मौजूदा विश्व चैम्पियन की खिताब की उम्मीदें खत्म हो गई। आर प्रज्ञानानंदा भी विंसेंट केमेर के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सके। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में दो दौर ही बाकी हैं और उजबेकिस्तान के सिंदारोव तथा अब्दुसत्तोरोव सात सात अंक लेकर शीर्ष पर हैं। हाल ही में विश्व शतरंज कप जीतने वाले सिंदारोव ने अर्जुन एरिगेसी को हराया। गुकेश का सामना अब नीमैन और फिर केमेर से होगा।

## सैम करन ने टी20 हैट्रिक ली

**पल्लेकेले।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपने देश के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी 20 हैट्रिक ली है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन (डीएलएस मेथड) से हराया। करन ने श्रीलंका के निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने लगातार गेंदों पर दासुन शनाका, महेश थीक्षाना और मथीशा पथिराना को आउट किया। इस तरह क्रिस जॉर्डन के टी20 इंटरनेशनल में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद करन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं।



आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब के साथ एलेना रिबाकिना व उपविजेता दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका।

# इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच और अल्काराज

मेलबर्न, एजेंसी

थकान और खुशी के पल में नोवाक जोकोविच ने भीड़ में मार्गरेट कोर्ट को पहचान लिया और उन्हें इतनी देर तक जागकर उन्हें अब तक के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर पहुंचते हुए देखने के लिए धन्यवाद दिया। रोड लेवर एरिना में 83 साल की कोर्ट दो बार के गत ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर पर जोकोविच की पांच सेट की जीत के दौरान वीआईपी दर्शकों के बीच मौजूद थीं। यह मुकाबला शनिवार सुबह डेढ़ बजे खत्म हुआ।

ये दोनों 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब का सर्वकालिक रिकॉर्ड साझा करते हैं, लेकिन रविवार को यह बदल सकता है। सिनर पर जोकोविच की कड़ी जीत ने शीर्ष रैंकिंग वाले अल्काराज के खिलाफ खिताबी मुकाबला तय किया। स्पेन का 22 साल का यह खिलाड़ी करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने की राह पर है। अल्काराज और सिनर मिलकर अब तक जोकोविच को 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से रोकने में सफल रहे हैं। दोनों ने पिछले आठ ग्रैंडस्लैम खिताब बराबर संख्या में जीते हैं। सेमीफाइनल में जीत के बाद जोकोविच ने कोर्ट को धन्यवाद दिया।

### मर्टेन्स और झेंग, हैरिसन और स्कुप्स्की ने युगल खिताब जीता

मेलबर्न। एलिस मर्टेन्स ने शनिवार को चीन की झेंग शुआई के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर महिला युगल में नंबर एक रैंकिंग पर वापसी की जबकि अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की ने पुरुष युगल खिताब जीता। चार साल बाद एक टीम के तौर पर वापसी करने वाली मर्टेन्स और झेंग पहले सेट में 0-3 और 1-4 से पीछे थीं लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए कजाखस्तान की एना डैनिलिना और सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को 7-6, 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में हैरिसन ने मैच प्वाइंट पर ऐस लगाकर स्कुप्स्की के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया के जेसन कुबलर और मार्क पोलमैन्स की जोड़ी को 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। कुबलर का अपने घरेलू ग्रैंडस्लैम फाइनल में उतरने से पहले जीत-हार का रिकॉर्ड 14-3 था।



यूएस के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की।

# भारत ने टी-20 सीरीज पर 4-1 से कब्जा किया

## न्यूजीलैंड को पांचवें व अंतिम मैच में 46 रनों से हराया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

ईशान किशन के शानदार शतक के बाद अर्शदीप सिंह के पांच विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को पांचवें और आखिरी टी20 मैच में 46 रनों से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 271 रन बनाए थे। जवाब में न्यजीलैंड की टीम 225 रनों पर सिमट गई।

भारतीय बल्लेबाज ईशान ने 43 गेंद में 103 रन बनाये जिसमें छह चौके और दस छक्के शामिल थे। यह टी20 प्रारूप में उनका पहला शतक है। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंद में चार चौकों और छह छक्कों की मदद से 63 रन की पारी खेली। दोनों ने करीब दस ओवर में 137 रन की साझेदारी की। इस श्रृंखला में लगातार पांचवीं बार नाकाम रहे सैमसन (छह) की टी20 विश्व कप की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। वह लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर आउट हुए। अभिषेक शर्मा (16 गेंद में 30 रन) ने शुरूआत तो अच्छी की लेकिन फर्ग्युसन की तेज रफ्तार गेंद पर विकेट गंवा बैठे। भारत का स्कोर पावरप्ले के बाद दो विकेट पर 54 रन था। इसके बाद सूर्यकुमार और ईशान ने मोर्चा संभाला। चोट के कारण चौथे टी20 से बाहर रहे ईशान ने मैदान के चारों ओर स्ट्रोक्स लगाये। उन्होंने फर्ग्युसन को एक्स्ट्रा कवर पर छक्का और चौका लगाकर दबाव बना दिया। ईशान ने ईश सोढी को चौका लगाकर अपना अर्धशतक 28 गेंदों में पूरा किया। वहीं टी20 क्रिकेट में तीन हजार रन पूरे करने वाले सूर्यकुमार ने जैकब डफी को छक्का लगाकर 26 गेंद में पचासा पूरा किया। ईशान ने भी टी20 क्रिकेट में एक हजार रन पूरे कर लिए। उन्होंने सोढी को 12वें ओवर में चार चौके और दो छक्के लगाकर 29 रन दिए। इस बीच सूर्यकुमार को बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर की गेंद पर टिम सीफर्ट ने स्टम्प आउट किया। ईशान ने 42 गेंदों में शतक पूरा किया।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते अक्षर पटेल व अर्शदीप सिंह। एजेंसी

103 रन
43 गेंद
6 चौके
10 छक्के



ईशान किशन।

**42** गेंदों पर शतक पूरा किया ईशान ने

**भारत**

**271/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो फर्ग्युसन | 30 |
| सैमसन का जैकब्स बो फर्ग्युसन | 06 |
| ईशान किशन का फिलिप्स बो डफी | 103 |
| सूर्यकुमार स्ट सीफर्ट बो सेंटनेर | 63 |
| हार्दिक का जैकब्स बो जैमीसन | 42 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 07 |

गेंदबाजी : डफी 4-0-53-1, जैमीसन 4-0-59-1, फर्ग्युसन 4-0-41-2, सोढी 3-0-48-0, फिलिप्स 1-0-10-0, सेंटनेर 4-0-60-1

# पाक से एशिया कप का बदला लेने उतरेगा भारत

बुलावायो, एजेंसी

अंडर-19 विश्व कप

पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को यहां आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था।

भारतीय अंडर-19 टीम ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के साथ मैच के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया। उस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण मैच के दौरान भी भारत ने ऐसा ही किया था। रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी।

किसी भी मैच से पहले सचिन तेंदुलकर से वर्चुअल हौसलाअफजाई मिलना सपनों के सच होने जैसा होता है और भारतीय खिलाड़ियों को इस महान खिलाड़ी से कुछ कीमती सलाह मिली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने लिखा मौजूदा अंडर-19 विश्व कप में खेल रही भारत की अंडर-19 टीम ने विश्व क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के साथ वर्चुअल बातचीत की। बीसीसीआई ने लिखा यह एक बहुत बहुमूल्य अनुभव था जिसमें अगली पीढ़ी को लगातार बदलते खेल में सफलता और लंबे समय तक बने रहने के लिए जरूरी चीजों के बारे में जानकारी और नजरिया मिला, जो सिर्फ तकनीकी कौशल और फिट रहने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एकाग्रता, अनुशासन, विनम्रता और सफलता से जुड़े रहने की अहमियत भी है।

अंडर-19 विश्व कप में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अमेरिका पर छह विकेट की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर ग्रुप चरण में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराया। पाकिस्तान के रूप में भारत का अगला मैच एक मजबूत विरोधी के खिलाफ होगा और एशिया कप फाइनल में बड़ी हार म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को परेशान कर सकती है।



- **सचिन तेंदुलकर ने वर्चुअल बातचीत कर बढ़ाया हौसला**



रणजी में विदर्भ के खिलाफ शॉट लगाते उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा। एजेंसी


# उत्तर प्रदेश को जीत के लिए छह विकेट की दरकार

नागपुर, एजेंसी

गत चैंपियन विदर्भ को रणजी ट्रॉफी नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अपने मुख्य बल्लेबाज अमन मोखाडे से काफी उम्मीद हैं क्योंकि रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन उसे उत्तर प्रदेश के खिलाफ 110 रन और बनाने हैं जबकि उसके छह विकेट बाकी हैं।

उत्तर प्रदेश के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ ने चार विकेट 91 रन रन बना लिए हैं। दोनों टीम ने पहली पारी में समान 237 रन बनाए थे जिसके बाद उत्तर प्रदेश की टीम ने दूसरी पारी में 200 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक मोखाडे छह चौकों की मदद से 50 रन बना चुके हैं। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

उत्तर प्रदेश के लिए बांए हाथ के स्पिनर शिवम शर्मा तीन विकेट ले चुके हैं और टूटती हुई पिच पर अंतिम दिन 110 रन बनाना आसान नहीं होगा। अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहा आंध्र प्रदेश पहली पारी में 170 रन की बड़ी बढ़त लेकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है। टीम की नजरें सोविमा में अपने आखिरी ग्रुप मैच में नागालैंड के खिलाफ बोनस अंक हासिल करने पर हैं। नागालैंड के पहली पारी के 366 रन के जवाब में आंध्र ने अपनी पारी नौ विकेट पर 536 रन पर घोषित कर दी। चेंगलपेट राजन ज्ञानेश्वर (नाबाद 227) ने आंध्र के लिए दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने केवी शशिकांत (60) के साथ छठे विकेट के लिए 142 रन और त्रिपुराना विजय (54) के साथ आठवें विकेट के लिए 119 रन जोड़े। नगालैंड ने दूसरी पारी में 85 रन तक चार विकेट गंवा दिए और उसे पारी की हार से बचने के लिए 85 रन और चाहिए। जमशेदपुर में पहली पारी में 19 रन से पिछड़ने के बाद झारखंड को नॉकआउट में क्वालीफाई करने के लिए आखिरी दिन ओडिशा को हराने की मुश्किल चुनौती का सामना करना है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ओडिशा ने आठ विकेट पर 202 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 221 रन हो गई है। ओडिशा ने पहली पारी में 282 रन बनाए थे जिसके जवाब में झारखंड टीम 263 रन पर सिमट गई थी। सलेम में तमिलनाडु ने सलामी बल्लेबाज आर विमल कुमार के 182 रन की मदद से बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी में बढ़त बनाई। बड़ौदा के पहली पारी के 375 रन के जवाब में तमिलनाडु ने तीसरे दिन का खेल सात विकेट पर 411 रन पर खत्म किया।




- **मोखाडे के अर्धशतक से विदर्भ नॉकआउट की दौड़ में बरकरार**

# मिलर को खेलने की मंजूरी मिली

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर को टी20 विश्व कप खेलने के लिए मेडिकल मंजूरी मिल गई।

मिलर को एसए 20 के दौरान मांसपेशी में खिंचाव आ गया था। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा वह दक्षिण अफ्रीका टीम के साथ मुंबई रवाना होंगे। सीएसए ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा बल्लेबाज डेविड मिलर को भारत और श्रीलंका में आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2026 खेलने के लिये मेडिकल मंजूरी मिल गई है।

गर्व की बात

जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए बोले-वह देखते थे नीली जर्सी पहनने का सपना

# बुमराह के साथ खेलने वाले मोनांक कर रहे अमेरिका की अगुआई

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप
6 दिन शेष



जब अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल डेढ़ दशक पहले गुजरात के एक शानदार अंडर-19 क्रिकेटर के तौर पर मशहूर वानखेड़े स्टेडियम के मैदान पर उतरे तो उनके साथ एक और तेजतर्रार तेज गेंदबाज था जिसका एक्शन बड़ा ही अनोखा था- जसप्रीत बुमराह। उस समय मोनांक को शायद ही पता था कि बुमराह आगे चलकर सभी प्रारूप में भारत के सबसे महान गेंदबाज बनेंगे। जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए मोनांक को वे दिन याद आए जब वह भारत के लिए नीली जर्सी पहनने का सपना देखते थे।

भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की तैयारी कर रहे मोनांक ने पीटीआई को बताया हां, अक्षर (पटेल) और जसप्रीत (बुमराह) के साथ खेलने की मेरी बहुत अच्छी यादें हैं। मैंने गुजरात अंडर-19 का अपना पहला साल जसप्रीत के साथ खेला था और उससे पहले मैं अक्षर के साथ अंडर-16 खेला था। हम (बुमराह और वह) दो साल, दो सत्र तक साथ रहे। गुजरात टीम के लिए बहुत सारे मैच खेले। उन्हें याद है बुमराह तब भी बाकियों से बेहतर थे।

मोनांक ने याद करते हुए कहा हमने लाल और सफेद गेंद, दोनों तरह का क्रिकेट खेला और वह सच में बहुत खास समय था। यह मेरे क्रिकेट के सफर का शुरुआती दौर था और तब भी जिस तरह से हम खेल रहे थे, विशेषकर जिस तरह से जसप्रीत प्रदर्शन कर रहा था, हम जानते थे कि उसमें वह एक्स फैक्टर है और वह निश्चित रूप से कुछ बड़ा करेगा। लेकिन मोनांक के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रास्ता आसान नहीं था। उन्होंने 2013 में जब हमेशा के लिए अमेरिका जाने का फैसला किया तो उन्होंने क्रिकेट छोड़ने के बारे में सोचा था जबकि उन्हें 2010 में ही ग्रीन कार्ड मिल गया था।

मैं अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहता था। लेकिन क्रिकेट अमेरिका में शीर्ष 10 खेल में भी नहीं है और मोनांक के लिए इससे पेशेवर तौर पर पूरी तरह से जुड़ना आसान फैसला नहीं था। उन्होंने कहा ''2018 में यह आसान नहीं था। हमारे लिए सिर्फ क्रिकेट खेलकर वित्तीय रूप से आगे बढ़ना आसान नहीं था। इसलिए जब हम 2018 या 2019 में खेलते थे तो पूरे साल हमारा कार्यक्रम व्यस्त नहीं होता था। लेकिन बाद में जैसे ही हमने अच्छा करना शुरू किया और हमें 2020 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम का दर्जा मिला तो वित्तीय स्थिति और मौकों के हिसाब से भी सब कुछ बेहतर होता गया। इसलिए एक खिलाड़ी के तौर पर शुरुआती दो-तीन साल थोड़े मुश्किल थे लेकिन हम इससे बहुत अच्छे तरीके से निपटे। भारत और पाकिस्तान की टीम दोनों देशों के बीच कड़वाहट के बीच मोनांक पाकिस्तानी मूल के अली खान और शायन जहांगीर के साथ मैदान पर उतरते हैं तो उनका लक्ष्य सिर्फ अपने देश का प्रतिनिधित्व करना होता है।

### गुजरात से रणजी में मौका नहीं मिला तो चले गए अमेरिका

उन्होंने कहा मेरे पास 2010 से ग्रीन कार्ड था और मैंने 2013 के बाद फैसला किया कि मैं अमेरिका जाना चाहता हूं। मेरा परिवार पहले से ही वहां बसने की योजना बना रहा था। मोनांक ने कहा मैंने वहां एक-दो महीने रहने की कोशिश की और फिर भारत वापस आ गया और रणजी ट्रॉफी में गुजरात के लिए खेलने की आखिरी कोशिश करने के बाद। जब मुझे वह मौका नहीं मिला तो मैंने अमेरिका वापस जाने और हमेशा के लिए वहीं बसने का फैसला किया। मोनांक ने रेस्टोरेंट व्यवसाय की तरफ रुख किया लेकिन क्रिकेट से हमेशा उनका जुड़ाव रहा। उन्होंने कहा जब मैं अमेरिका गया तो मेरा विजन और लक्ष्य सिर्फ क्रिकेट खेलना नहीं था।

# दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगा यूपी

वडोदरा, एजेंसी

कुछ शीर्ष बल्लेबाजों की खराब फॉर्म की समस्या से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां वुमेंस प्रीमियर लीग मैच के आखिरी लीग मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में होगी। दिल्ली की जीत उन्हें सीधे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर में जगह दिला देगी। टीम ऐसी स्थिति में आठ अंक के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहेगी और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर निचले पायदान पर मौजूद यूपी वारियर्स की जीत मुंबई की टीम के लिए रास्ता खोल सकती है।

उस स्थिति में तीन टीम – मुंबई, दिल्ली कैपिटल्स और वारियर्स तीनों के समान छह अंक रहेंगे और नेट रन रेट (एनआरआर) तय करेगा कि फाइनल में जगह बनाने के लिए एलिमिनेटर में गुजरात जाइंट्स का सामना कौन सी टीम करेगी। इन तीन टीम में से माइनस 1.146 के साथ वारियर्स का नेट रन रेट सबसे खराब है। दिल्ली का माइनस 0.164 जबकि मुंबई का प्लस 0.059 है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तालिका में शीर्ष पर रहते हुए पहले ही सीधे फाइनल में जगह बना चुकी है।

महिला प्रीमियर लीग



यूपी की विकेट कीपर एमी जोन्स।

- **आखिरी लीग मुकाबला आज शाम 7:30 बजे से**

**यूपी वारियर्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देओल, शिप्रा गिरी, एमी जोन्स, किरण नवगिरे, प्रतिका रावल, सिमरन शेख, गोंगाडी त्रिशा, डिएंड्रा डॉटिन, चार्ली नॉट, शिखा पांडे, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, क्लो ट्रायोन, सोफी एकलेस्टोन, क्रांति गौड़, सुमन मीणा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रोड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, चिनेल हेनरी, लिजेल ली, निकी प्रसाद, शेफाली वर्मा, लॉरा वोल्वार्ट, लूसी हैमिल्टन, मारिजेन कैप, एलेना किंग, स्नेह राणा, प्रगति सिंह, मीनू मणि, नंदिनी शर्मा, श्री चरणी और एडला श्रुजाना।